


उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि

// किसी को धोखा देकर ये मत सोचो कि वो कितना बेवकूफ है, ये सोचो कि उसे तुम पर कितना भरोसा था \\

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी



ऐसे चित देखो जिससे कि आपके परिणाम में प्रसन्नता आए।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, शुक्रवार, 31 जनवरी, 2025 | माघ शुक्ल पक्ष: द्वितीया विक्रमी संवत-2081 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 30 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12










# पंजाब सीएम भगवंत मान के दिल्ली आवास पर चुनाव आयोग की रेड

**चुनाव आयोग ने खारिज किए आरोप**

## ऑफिसर ओपी पांडे बोले- हमें पैसे बांटने की शिकायत मिली है, हमें शिकायत का निपटारा करना है

अर्थ प्रकाश नरेश वत्स

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के बीच पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिल्ली स्थित घर कपूरथला हाउस पर गुरुवार को चुनाव आयोग की टीम तलाशी लेने पहुंची। हालांकि, भारत के चुनाव आयोग ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है। कपुरथला हाउस के बाहर बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात हैं। पंजाब के सीएम मान के घर पहुंचे रिटर्निंग ऑफिसर ओपी पांडे ने कहा कि हमें पैसे बांटने की शिकायत मिली है। हमें 100 मिनट में शिकायत का निपटारा करना है। हमारी एफएसटी यहां आई थी, जिसे अंदर नहीं जाने दिया गया। मैं उनसे अनुरोध करने आया हूं कि हमें एक कैमरापर्सन के साथ अंदर जाने दिया जाए। पैसे बांटने की शिकायत सीवीआईजीआईएल ऐप पर मिली थी।

आप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि हार सामने देख, कांप उठी भाजपा। भाजपा की दिल्ली पुलिस पंजाब के सीएम भगवंत मान के दिल्ली के घर पर रेड करने पहुंच गई है। भाजपा वाले दिनदिहाड़े पैसे, जूते, चादर बांट रहे हैं, मगर पुलिस और चुनाव आयोग की आंखों पर तो भाजपाई पट्टी बंधी है।

आप ने एक वीडियो शेयर कर आरोप लगाया कि बिजवासन सीट से भाजपा उम्मीदवार कैलाश गहलोत अपने चुनाव ऑफिस में लोगों को पैसे बांट रहे हैं। भाजपा उम्मीदवार के कार्यालय में खुलेआम लाखों रुपये वोट ख़रीदने के लिये गिने जा रहे हैं। पुलिस और चुनाव आयोग में हिम्मत है तो गृह मंत्री अमित शाह के घर पर रेड करे।





**भाजपा वाले खुले आम पैसे बांट रहे हैं , इन्हे ये नहीं दिखताः मान**

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने ट्वीट कर कहा कि आज दिल्ली पुलिस के साथ चुनाव आयोग की टीम दिल्ली में मेरे घर कपूरथला हाउस रेड करने पहुंची है। दिल्ली के अंदर भाजपा वाले खुले आम पैसे बांट रहे हैं पर दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग को कुछ नहीं दिख रहा है। उनपर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। एक तरीके से दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर पंजाबियों को बदनाम कर रही है। यह बहुत निंदनीय है।

## चुनाव आयोग बोला– अरविंद केजरीवाल यमुना में जहर का सबूत दें, वर्ना कार्रवाई करेंगे केजरीवाल बोले– चुनाव आयुक्त राजनीति कर रहे, दिल्ली से चुनाव क्यों नहीं लड़ लेते

अर्थ प्रकाश/ नरेश वत्स

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के बीच यमुना के पानी को लेकर अरविंद केजरीवाल और चुनाव आयोग के बीच गुरुवार को जमकर बयानबाजी हुई। चुनाव आयोग ने केजरीवाल को चिट्ठी लिखी और 5 सवाल किए। चुनाव आयोग ने केजरीवाल से पूछा कि यमुना के पानी में किस जगह जहर मिला, सबूत दें। अमोनिया के बढ़ते लेवल के मुद्दे को जहर आदि के आरोपों से मिलाए बिना 31 जनवरी सुबह 11 बजे तक जवाब दें, वर्ना कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में खुलेआम पैसे और चादरें बांटी जा रही हैं। चुनाव आयोग इस पर कार्रवाई नहीं करता। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार राजनीति कर रहे हैं। यमुना के पानी की 3 बोतलें



भेजेंगे। राजीव कुमार प्रेस कॉन्फ्रेंस में पानी पीकर दिखा दें। केजरीवाल ने कहा कि राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं। उन्हें रिटायरमेंट के बाद नौकरी चाहिए। उन्होंने चुनाव आयोग का कबाड़ा कर दिया। उन्होंने जैसी भाषा आज लिखी है ये ईसी का काम नहीं है। उन्हें इतिहास माफ नहीं करेगा। यदि राजीव कुमार को राजनीति करनी है तो वे दिल्ली की किसी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ लें।

## आतिशी ने रिटर्निंग ऑफिसर को आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की

दिल्ली की सीएम आतिशी ने कालकाजी विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर को लेटर लिखकर आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की। आतिशी ने पत्र में लिखा कि मुझे पता चला है कि कैंप क्षेत्रों, खासकर नेहरू कैंप, नवजीवन कैंप, ट्रांजिट कैंप के अंदर बड़ी मात्रा में पैसे और शराब बांटी जा रही है। उन्होंने लिखा कि आगामी विधानसभा चुनावों में मतदाता बिना किसी डर के अपना वोट डाल सकें, यह सुनिश्चित करने के लिए कालकाजी विधानसभा क्षेत्र की झुग्गी बस्तियों में अर्धसैनिक बलों की तैनाती बढ़ाने की जरूरत है।

## हरियाणा में उद्यम और निवेश को प्रोत्साहन के लिए नीतियों को करेंगे सरल: नायब सैनी



**मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद में राज्य के आगामी बजट को लेकर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से संबंधित हितधारकों से की बजट पूर्व परामर्श बैठक**

अर्थ प्रकाश/ दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद, 30 जनवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की आर्थिक उन्नति के लिए औद्योगिक संस्थानों व निवेश को प्रोत्साहन को लेकर नई पहल की जा रही है। बजट पूर्व परामर्श बैठकों में मिले सुझावों के आधार पर नीतियों का भी सरलीकरण किया जाएगा और वें स्वयं हर तीन महीने में उद्यमियों व निवेशकों के हरियाणा उद्यम प्रोत्साहन सेंटर (एचईपीसी) से जुड़े विषयों की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री गुरुवार को फरीदाबाद में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विनिर्माण क्षेत्र से संबंधित हितधारकों के साथ आयोजित बजट पूर्व परामर्श (प्री बजट कंसल्टेशन) की छठी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र से जुड़े विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने आगामी बजट के लिए अपने सुझाव रखें।

सीएम नायब सिंह सैनी ने बैठक में पहुंचे प्रतिनिधियों के सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और आगामी बजट में आवश्यक विषयों पर विचार करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने बताया कि आगामी बजट में वर्तमान आवश्यकताओं के साथ - साथ दीर्घकालिक लक्ष्यों को पूरा करने के सार्थक प्रयास किए जाएंगे। आगामी बजट हमारी सामूहिक महत्वाकांक्षाओं व प्राथमिकताओं का प्रतिबिंब होगा। आगामी बजट की तैयारियों के लिए यह आवश्यक है कि हम समाज के सभी वर्गों के साथ संवाद करें ताकि हरियाणा के प्रत्येक नागरिक की जरूरतों व सपनों को पूरा करने के लिए आवश्यक सकारात्मक प्रयास किए जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हरियाणा ने कृषि, उद्योग, शिक्षा की आधारभूत संरचना व प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने, औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन देने, युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाने एवं समाज कल्याण के लिए आप सभी के रचनात्मक सुझावों को प्राथमिकता देते हुए आगामी बजट में उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। बजट को समावेशी बनाने के लिए अलग अलग क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई और उनके सुझाव भी लिए गए हैं। शेष पेज-2 पर

## न्यूज ब्रीफ

### महाकुंभ में श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर

**महाकुंभ नगर (अप्रस)।** मौनी अमावस्या पर भगदड़ के कारण स्नान से चूके श्रद्धालुओं ने गुरुवार को पूरे उत्साह के साथ संगम नगरी के विभिन्न घाटों में आस्था की डुबकी लगायी। कुंभ क्षेत्र आज भी श्रद्धालुओं के गुलजार रहा और दोपहर दो बजे तक डेढ़ करोड़ से अधिक श्रद्धालु स्नान कर चुके थे। अधिकृत जानकारी के अनुसार दोपहर दो बजे तक एक करोड़ 52 लाख श्रद्धालु संगम क्षेत्र के विभिन्न घाटों पर स्नान कर चुके थे। इसे मिला कर अब तक महाकुंभ में स्नान करने वालों की संख्या 27 करोड़ 58 लाख हो चुकी है। स्नान ध्यान का क्रम निर्बाध रूप से जारी है और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है और बैरीकेडिंग लगा कर कई मार्गो को वन वे कर दिया गया है। मेला प्रशासन और पुलिस के जवान लगातार भीड़ पर नजर बनाये हुये हैं। इसके अलावा सीसीटीवी और ड्रोन के जरिये भी भीड़ की निगरानी की जा रही है।मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर अखाड़ा क्षेत्र के निकट मची भगदड़ के बाद एहतियात के तौर पर प्रयागराज आने वाले वाहनों को जस का तस खड़ा कर दिया गया था जिसमें हजारों की संख्या में तीर्थयात्री स्नान से चूक गये थे। आज मेला क्षेत्र में आने के बाद उन्ही यात्रियों ने पूरे विधि विधान के साथ स्नान किया और पूजा अर्चना की।




# सर्वदलीय बैठक सार्थक रही: किरण रिजिजू

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा है कि सरकार ने बजट सत्र शुरु होने से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई जिसमें विभिन्न दलों के सदन के नेताओं से सत्र को शांतिपूर्ण तरीके से चलाने और सभी मुद्दों पर स्वस्थ चर्चा कराने का आग्रह किया है जिस पर सभी दलों के नेताओं ने सकारात्मक राय व्यक्त की है। रिजिजू ने गुरुवार को यहां संसदीय सौंध में हुई बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि बैठक पूरी तरह से सार्थक रही है और सभी दलों के सदन के नेताओं ने बैठक में सदन को सुचारु रूप से चलाने पर सहमति दी है। उन्होंने बैठक को सकारात्मक और सार्थक बताया और उम्मीद जताई कि बजट सत्र में सभी दलों के सहयोग से संसद की कार्यवाही अच्छे तरीके से चलेगी। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की।

उन्होंने कहा कि सर्वदलीय बैठक में 36 दलों के 52 नेता शामिल हुए। इसमें कहा गया है कि सभी मुद्दे जरूरी हैं लेकिन इस सत्र में शुक्रवार को राष्ट्रपति का अभिभाषण और आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा जबकि शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश करेंगी। सोमवार से संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरु कराई जाएगी। बैठक में केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा, कांग्रेस के गौरव गोगोई, के सुरेश, जयराम रमेश, द्रविड़ मुनेत्र कषगम के टी.आर. बालू, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय,



डेरेक ओ ब्रायन, एनएसीपी फौजिया खान, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा समेत कई नेताओं ने हिस्सा लिया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सारे मुद्दे अहम हैं और सभी पर चर्चा होनी चाहिए लेकिन यह बजट सत्र है और इसमें राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा और बजट पारित कराना पहला काम होगा। इस बीच यदि कोई मुद्दा ज्यादा अहम आता है और उस चर्चा आवश्यक है तो उस पर कार्यमंत्रणा समिति में विचार किया जाएगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण और बजट पर चर्चा कितने समय तक चलनी है इस बारे में समिति में ही निर्णय लिया जाना है। उन्होंने कहा कि बजट सत्र में 16 बिल लाये जाएंगे और 19 बिजनेस पहले से ही संसद की सूची में हैं।

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव में पत्नी की जीत पर बोले देवेंद्र बबला

# बबले की बबली जीतीं



नवनिर्वाचित महापौर हरप्रीत कौर बबला भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ विजयी चिन्ह बनाकर अपनी खुशी दिखाते हुए। फोटो: अजीत कौशल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** वार्ड नंबर-10 से पार्षद और बीजेपी उम्मीदवार हरप्रीत कौर बबला के जीतने पर पति देवेंद्र बबला की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पत्नी हरप्रीत कौर बबला के मेयर बनने पर देविंदर बबला को बार-बार यह कहते हुए सुना गया कि, 'बबले की बबली' जीत गई। पत्नी की जीत पर बबला खुश होने के साथ काफी भावुक भी दिखे। दोनों की साथ-साथ कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं। जिनमें बबला के साथ हरप्रीत कौर बबला को भी भावुक होते हुए देखा जा सकता है। वहीं हरप्रीत कौर बबला जब मेयर की कुर्सी पर आसीन हुई तो पूरा परिवार उन्हें बधाइयां देने पहुंचा हुआ था।

देविंदर बबला ने कहा कि नगर निगम में हुए भ्रष्टाचार के हर एक मामले में जांच की जाएगी। किसी को भी छोड़ा नहीं जाएगा। वहीं क्रॉस वोटिंग को लेकर बबला ने कहा कि, हरप्रीत कौर बबला की जीत रब की महर से हुई है। अब चाहें इसे क्रॉस वोटिंग कह लो। बबला ने कहा कि सभी पार्षदों ने ये सोचकर वोट दिया है कि शहर का विकास करना है। शहर को नई दिशा देनी है।



क्योंकि पिछले एक साल से शहर में विकास के काम बंद पड़े हैं। अब फिर से विकास कार्य शुरू होंगे और केंद्र से चंडीगढ़ में फंड लाया जाएगा।

विस्तृत खबर पेज-5 पर

**गुस्सा**

**अपनी ही सरकार से फिर नाराज हुए अनिल विज, कहा-**

# अधिकारी नहीं करते सुनवाई, न लगाएंगे जनता दरबार, न लेंगे ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग

### आंदोलन व अनशन की धमकी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 जनवरी।** हरियाणा के परिवहन, बिजली व श्रम मंत्री अनिल विज फिर अपनी सरकार से नाराज हो गए हैं। अफ़सरशाही पर आदेशो की अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए विज ने हर सोमवार को अंबाला कैंट में लगाए जाने वाले 'जनता दरबार' को बंद करने का ऐलान कर दिया है।विज ने ग्रीवेंस कमेटी की बैठकों में जाने से भी इंकार कर दिया है। ग्रीवेंस कमेटी की बैठक और जनता दरबार में लापरवाही करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश उन्होंने दिए। संबंधित विभागों के अधिकारियों की ओर से विज के लिखित आदेशों के बाद भी एक्शन नहीं लिया गया। इसके बाद ही विज ने जनता



दरबार बंद करने और ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में भाग नहीं लेने का फैसला लिया है। विज का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है, जिसमें वे अधिकारियों के प्रति अपनी नाराजगी प्रकट कर रहे हैं। 12 मार्च, 2024 को मनोहर लाल खट्टर की जगह जब नायब सिंह सैनी प्रदेश के मुख्यमंत्री बन गए तो नायब सरकार ने जिलों में 'समाधान शिविर' लगाने शुरू कर दिए।

'समाधान शिविर' शुरू होने के बाद ही विज ने प्रदेश स्तर का जनता दरबार लगाना बंद कर दिया था। बृहस्पतिवार सुबह विज ने अंबाला कैंट का जनता दरबार भी बंद करने का ऐलान कर दिया। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा है कि अब वे ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में भी शायद भाग नहीं लेंगे। दरअसल, विज सिरसा और कैथल जिला ग्रीवेंस कमेटी के चेयरमैन हैं। विज ने पिछले दिनों सिरसा में एक बिल्डिंग इंस्पेक्टर को सस्पेंड करने के आदेश दिए थे।

बैठक के बाद विज के कार्यालय की ओर से बिल्डिंग इंस्पेक्टर पर कार्रवाई करने के लिए लिखित में शहरी स्थानीय निकाय विभाग को लिखा भी गया, लेकिन उस पर कार्रवाई नहीं हुई। इसी तरह से अंबाला कैंट में जनता दरबार के दौरान विज ने सदर एसएचओ को सस्पेंड करने के आदेश दिए थे। इसके लिए भी विभाग को लिखा गया लेकिन एसएचओ पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस तरह के और भी कई मामले थे, जिनमें संबंधित विभाग के अधिकारियों ने किसी भी तरह का एक्शन नहीं लिया। पेज-2 पर

### पूर्व में भी रहे विवाद

विज की नाराजगी पहली बार सामने नहीं आई है। इससे पहले मनोहर सरकार में भी वे कई बार अपने गुस्से का इजहार कर चुके हैं। मनोहर सरकार के दूसरे कार्यकाल में जब उन्हें गृह मंत्री बनाया तो सीएम के साथ उनका सीआईडी को लेकर विवाद हुआ। विज इस बात से खफा थे कि गृह मंत्री होने के बाद भी सीआईडी उन्हें रिपोर्ट नहीं करती है। बाद में मुख्यमंत्री ने अधिकारिक नोटिफिकेशन जारी करके सीआईडी को अलग से विभाग का दर्जा दिया और सीआईडी को गृह विभाग से अलग कर दिया। डीजीपी शत्रुजीत कपूर की कार्यशैली से भी विज खफा थे।

सीएम भगवंत मान ने दिल्ली में आप उम्मीदवारों के लिए किया प्रचार, कहा -

# 5 फरवरी को आपका और आपके बच्चों का भविष्य का 5 साल के लिए तय होगा

मतदाताओं से अपील-एक पक्ष गालियां देता है और नफरत फैलाता है, दूसरा जनता की भलाई के लिए काम करता है, चुनना आपको है

बीजेपी को बताया 'जुमला', कहा-हम काम करते हैं, हमारे इरादे साफ हैं

केजरीवाल ने आईआरएस की नौकरी छोड़ दी, मैंने कॉमेडियन का सफल करियर छोड़ा, हम लोगों की सेवा के लिए राजनीति में हैं, पैसा कमाने के लिए नहीं: मान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली/चंडीगढ़, 30 जनवरी।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को दिल्ली में आप उम्मीदवारों के लिए प्रचार करते हुए तुगलकाबाद और ग्रेटर कैलाश में विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और कालकाजी और कस्तूरबा नगर में बड़ा रोड शो का नेतृत्व किया। सीएम मान ने दिल्ली के लोगों से आगामी चुनावों में संघर्ष, विभाजन और भ्रष्टाचार के बजाय विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा को चुनने का आग्रह किया।

तुगलकाबाद में मान ने कहा कि मतदाताओं को एक महत्वपूर्ण विकल्प चुनना होगा: 'एक तरफ, संघर्ष और नफरत को बढ़ावा देने वाली पार्टी हैं; दूसरी ओर, आम आदमी पार्टी है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार को बढ़ावा दे रही है। एक तरफ आपसे छीन लेता है; हम आपको वापस देते हैं। इस चुनाव में दिल्ली की जनता को अपना और अपने बच्चों का भविष्य तय करना होगा।

मान ने अरविंद केजरीवाल के शासन मॉडल की सराहना करते हुए कहा, '10 वर्षों से, केजरीवाल जी ने यह सुनिश्चित किया है कि करदाताओं के पैसे से लोगों को फायदा हो - मुफ्त बिजली, साफ पानी, अच्छे स्कूल - अस्पताल और महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा।'

उन्होंने बीजेपी की बयानबाजी की आलोचना करते हुए कहा, ÷वे आम आदमी पार्टी की गारंटी को 'मुफ्त' कहकर मजाक उड़ाते हैं, फिर भी जब केजरीवाल महिलाओं के लिए 2,100 रुपये की घोषणा करते हैं तो वे खुद 2,500 रुपये का वादा करते हैं। लेकिन जनता जानती है कि किस पर भरोसा करना है।'

कालकाजी में मान ने वादों को पूरा करने में आम आदमी पार्टी के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड पर प्रकाश डाला और कहा, 'हम जो वादा करते हैं उसे पूरा करते हैं, चाहे वह दिल्ली में हो या पंजाब में। पंजाब में 90 प्रतिशत घरों में शून्य बिजली बिल आ रहे हैं।

उन्होंने मतदाताओं से दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को समर्थन देने का आग्रह किया और जन कल्याण के प्रति आम आदमी पार्टी की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि दिल्ली ऐसे नेताओं की हकदार है जो आपके लाभ के बारे में नहीं बल्कि आपके कल्याण के बारे में सोचता हो।

ग्रेटर कैलाश में मान ने आम आदमी पार्टी और अन्य पार्टियों के बीच स्पष्ट विरोधाभास को मजबूत करते हुए कहा, ÷एक पक्ष गालियां देता है और नफरत फैलाता है वहीं दूसरा लोगों के लिए काम करने में विश्वास रखता है। अरविंद केजरीवाल के दृष्टिकोण ने शासन को बदल दिया है। करदाताओं के पैसे को वास्तविक लाभ में बदल दिया है।'

उन्होंने आप की पारदर्शिता की ओर इशारा करते हुए बताया कि कैसे पंजाब सरकार ने सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा के लिए एक निजी थर्मल प्लांट को खरीद लिया। उन्होंने कहा कि हम व्यक्तिगत लाभ के लिए सार्वजनिक संस्थानों को नहीं बेचते हैं, बल्कि हम उन्हें मजबूत करते हैं।

मान ने भाजपा की विफलताओं पर हमला बोलते हुए कहा, 'एमसीडी के 15 साल और केंद्र सरकार के 11 साल - उन्होंने क्या किया है? यहां तक कि एक भी सीवर प्लांट स्थापित करना भी एक उपलब्धि ही होगी! लेकिन उनके पास दिखाने के लिए कोई काम ही नहीं है।'

### 'भाजपा 'जुमले' सुनाती है, हम करते हैं असली काम

मान ने कहा, 'भाजपा 'जुमले' सुनाती है, लेकिन हम असली काम करते हैं। अरविंद केजरीवाल पैसे के लिए राजनीति में नहीं हैं। वह एक आईआरएस अधिकारी थे, लेकिन लोगों की सेवा करने के लिए उन्होंने वह नौकरी छोड़ दी। मैंने एक हास्य अभिनेता के रूप में अपना सफल करियर छोड़ दिया।' क्योंकि राजनीति में लोग भ्रष्ट थे और सिस्टम को साफ करने की जरूरत थी। हमने पंजाब में बिना किसी रिश्वत या पक्षपात के 50,000 नौकरियां दीं। वे पूछते हैं कि बीजेपी पंजाब में क्यों नहीं जीत सकती। मैं उनसे कहता हूं कि कमल कीचड़ में उगता है और हमने दिल्ली और पंजाब में 'झाड़ू' से उस गंदगी को साफ कर दिया।' मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से अंतिम समय में रिश्वत के प्रति सतर्क रहने का आग्रह करते हुए निष्कर्ष निकाला और कहा, ऽअगर कोई आपको पैसे की पेशकश करता है, तो ले लें - यह वैसे भी आपका ही पैसा है, लेकिन वोट आम आदमी पार्टी को दें।'

## पंजाब के श्रम विभाग के 100 प्रतिशत कंप्यूटरीकरण की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना

### सौंद ने ई-श्रम के तहत पंजीकृत श्रमिकों को स्वास्थ्य बीमा, पेंशन और अन्य लाभ प्रदान करने का दिया सुझाव



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 जनवरी।** पंजाब के श्रम मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने बीती शाम नई दिल्ली में श्रम मंत्रियों और श्रम सचिवों के दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रस्ताव रखा कि ई-श्रम के तहत पंजीकृत श्रमिकों को स्वास्थ्य बीमा, उनके बच्चों के लिए छात्रवृत्ति और सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन लाभ प्रदान किए जाएं।

सम्मेलन के दौरान सौंद ने इस मुद्दे पर केंद्रीय श्रम मंत्री के साथ भी विचार-विमर्श किया। उन्होंने आई.टी.आई. और पॉलिटेक्निक के माध्यम से कौशल की पहचान और प्रशिक्षण के महत्व पर जोर दिया और श्रमिकों के लिए कौशल विकास और निरंतर सहायता की आवश्यकता को उजागर किया।

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में हुए इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य श्रम कल्याण की दिशा में बेहतर कार्यप्रणालियों पर चर्चा करना और श्रमिकों के समक्ष आने वाली प्रमुख चुनौतियों का समाधान करना था। पंजाब के श्रम सचिव मनवेश सिंह सिद्धू ने इस सम्मेलन के दौरान राज्य के श्रम विभाग के 100 प्रतिशत कंप्यूटरीकरण के बारे में जानकारी दी, जिसके चलते विभाग का कार्य अब पूरी तरह से कागज रहित, पारदर्शी और कुशल हो गया है। उन्होंने बताया कि इस पहल से जवाबदेही बढ़ी है, व्यापार में आसानी हुई है और सेवाएं प्रदान करना अधिक सुगम हो गया है।

गौरतलब है कि सम्मेलन में पंजाब के श्रम विभाग और 'किरती सहायक' ऐप की भी सराहना की गई। उल्लेखनीय है कि 'किरती सहायक' ऐप निर्माण श्रमिकों को कहीं से भी और कभी भी पंजीकरण की सुविधा प्रदान करता है। इसके अलावा, यह ऐप बायोमेट्रिक प्रमाणिकता के लिए आधार ई-केवाईसी का उपयोग करता है और सेवाओं की समयबद्ध डिलीवरी सुनिश्चित करता है।

सम्मेलन के दौरान निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिए बेहतर कार्यप्रणालियों, ई.एस.आई.सी. को ए.बी.जे.ए.वाई. योजना से जोड़ने और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। ई-श्रम के माध्यम से असंगठित श्रमिकों के पंजीकरण को बढ़ावा देने, नेशनल करियर सर्विस के लिए रोडमैप तैयार करने और प्रधानमंत्री शिक्षा एवं रोजगार लॉन्च जैसी पहलों की समीक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया।

इस सम्मेलन में पी.डी.सी. सदस्य अनुराग कुंडू, श्रम मंत्री के सलाहकार करुण अरोड़ा और बी.ओ.सी.डब्ल्यू. वेलफेयर बोर्ड के उप सचिव जशनदीप सिंह कंग सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

दिल्ली में पंजाब सीएम आवास कपूरथला हाउस पर चुनाव आयोग की रेड की 'आप' नेताओं ने की सख्त निंदा

## हार से डरी हुई भाजपा चुनाव का माहौल खराब करने की कर रही कोशिश: अमन अरोड़ा

आप पंजाब के प्रधान अमन अरोड़ा ने कहा - भाजपा डरी हुई है इसलिए चुनाव का माहौल खराब करने की कोशिश कर रही है

चुनाव आयोग को ऐसी छापेमारी करने से पहले खुलेआम पैसे बांटने वाले भाजपा नेताओं के खिलाफ संज्ञान लेना चाहिए: हरपाल चीमा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 जनवरी।** दिल्ली में पंजाब के मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास कपूरथला हाउस पर चुनाव आयोग की रेड पर आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। 'आप' नेताओं ने घटना की सख्त आलोचना की और इसे बदले की भावना से प्रेरित कारवाई बताया।

'आप' पंजाब के प्रधान अमन अरोड़ा ने कहा कि भाजपा हार से डरी हुई है इसलिए चुनाव का माहौल खराब करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता प्रवेश वर्मा लगातार पैसे बांट रहा है लेकिन चुनाव आयोग ने उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि ये कार्रवाई भाजपा के इशारे पर हो रही है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का रवैया बहुत भेदभाव वाला है। वह खुले तौर पर भाजपा का समर्थन कर रही है। उसे भाजपा नेताओं के खिलाफ कुछ नहीं दिखता जबकि उनके नेताओं के खिलाफ लगातार पैसे बांटने की खबरें आ रही है। उन्होंने कहा कि कि चुनाव में जानबूझकर पंजाबियों को निशाना बनाया जा रहा है।

अरोड़ा ने भाजपा उम्मीदवार कैलाश गहलोत का भी उदाहरण दिया और कहा कि किस तरह वह अपने चुनाव कार्यालय में लोगों को पैसे बांट रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले भी आप नेताओं के घर पर रेड करवाए गए थे, लेकिन जांच एजेंसियों को कुछ नहीं मिला। इस बार भी कुछ नहीं मिलने वाला है।

अमन अरोड़ा ने अपने एक्स अकांउट पर लिखा कि आम आदमी पार्टी की जीत और अपनी हार को भाजपा स्वीकार नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री के दिल्ली आवास पर छापा भाजपा द्वारा पंजाब और पंजाबियों के खिलाफ बदले की अगली कड़ी है जिसे न तो पंजाब के लोग और न ही दिल्ली के लोग बर्दाश्त करेंगे।

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर चुनाव आयोग की मुख्यमंत्री के आवास पर छापेमारी बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि भगवंत मान एक निर्वाचित मुख्यमंत्री हैं और इस तरह के कार्यों से गंदी राजनीति की बू आती है। चुनाव आयोग को ऐसी छापेमारी करने से पहले भाजपा नेताओं जो खुलेआम पैसे बांट रहे हैं, उसका संज्ञान लेना चाहिए।

'आप' विधायक जीवन ज्योत कौर ने भी इस घटना की निंदा की और सवाल किया कि चुनाव आयोग परवेश वर्मा के यहां कब रेड करेगी? उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर नाच रही है। यह बहुत निंदनीय है।

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा-कांग्रेस का अनैतिक गठबंधन हुआ: चीमा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 30 जनवरी।** चंडीगढ़ में भारतीय जनता पार्टी का मेयर बनने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और पंजाब सरकार के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि मेयर चुनाव के दौरान कांग्रेस और भाजपा का अनैतिक गठबंधन हुआ है।

चीमा ने कहा कि हमने अपना धर्म निभाया इसलिए हमारे पार्षदों के वोट से कांग्रेस के डिप्टी मेयर और सीनियर डिप्टी मेयर बने। कांग्रेस ने हमें धोखा दिया है। कांग्रेसी पार्षदों ने क्रॉस वोटिंग की जिसके कारण भाजपा का मेयर बना।

चीमा ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टी अंदरखाते मिली हुई है। वह हमें रोकना चाहते हैं। दोनों पार्टी आम आदमी पार्टी के बढ़ते प्रभाव से डरी हुई है। दिल्ली विधानसभा चुनाव भी वे मिलकर लड़ रहे हैं, लेकिन दिल्ली में इस बार भी भारी बहुमत से आम आदमी पार्टी की सरकार बन रही है।

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी का कांग्रेस पर आरोप-कांग्रेसी पार्षदों ने क्रॉस वोटिंग की

कांग्रेस की मेहरबानी से भाजपा का मेयर बना, दोनों पार्टियां मिली हुई है: नील गर्ग



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 जनवरी।** चंडीगढ़ में भारतीय जनता पार्टी का मेयर बनने के बाद आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाया है। 'आप' पंजाब के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता नील गर्ग ने कहा कि कांग्रेसी पार्षदों ने क्रॉस वोटिंग की जिसके कारण भाजपा का मेयर बना।

नील गर्ग ने कहा कि कांग्रेस पार्षदों ने हमें धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टी अंदरखाते मिली हुई है। इस घटना से यह पूरी तरह स्पष्ट हो गया है। दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू है।

उन्होंने कहा कि जनता को भी कांग्रेस पर भरोसा नहीं करना चाहिए क्योंकि वह वोट कांग्रेस को देगी और उसके पार्षद बाद में भाजपा का समर्थन कर देंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भी कांग्रेस ऐसा ही करने वाली है। वहां भी वह भाजपा को समर्थन दे देगी। इसलिए कांग्रेस को वोट करना अपना वोट बर्बाद करना है।

उन्होंने कहा कि कि हमारे आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने कांग्रेस का साथ दिया। हमारे वोट से उनका डिप्टी मेयर और सीनियर डिप्टी मेयर बना। लेकिन उन्होंने हमें धोखा दिया।

### सरहिंद फीडर 28 दिन बंद रहेगा

**चंडीगढ़, 30 जनवरी (अप्रस)।** पंजाब सरकार के एक प्रवक्ता ने जानकारी दी है कि नॉर्दर्न इंडिया कैनाल एंड ड्रेनेज एक्ट, 1873 (8 ऑफ 1873) के तहत जारी नियमों के नियम 63 के अंतर्गत, मौसम और फसलों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, सरहिंद फीडर की रिलाइनिंग का कार्य करवाने के लिए 01-02-2025 से 28-02-2025 तक (दोनों दिन शामिल) 28 दिनों का बंदी कार्यक्रम रहेगा। इस संबंध में जल संसाधन विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है।

## पुरानी रंजिश को लेकर लुधियाना में ड्यूटी पर जा रहे बाउंसर पर हमला, बदमाशों ने कार के शीशे तोड़े

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जगराओं, 30 जनवरी।** लुधियाना में बदमाशों ने एक बाउंसर की स्विफ्ट कार पर हमला कर दिया। जगराओं में आज चुंगी नंबर 5 के पास ये वारदात तब हुई पीड़ित अमनदीप सिंह, जो गांव अखाड़ा का रहने वाला है और एक मैरिज पैलेस में बाउंसर के रूप में कार्यरत है, अपनी ड्यूटी पर जा रहा था। हमलावरों ने न केवल गाड़ी को रोका बल्कि उसके शीशे और अन्य हिस्सों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। स्थानीय लोगों के जमा होने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। प्रारंभिक जांच में यह पुरानी रंजिश का मामला सामने आया है। पीड़ित के अनुसार, हमलावर गांव गालिब के निवासी हैं। थाना सिटी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कार को कब्जे में लिया। थाना प्रभारी अमरजीत ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि शहर में इस प्रकार की गुंडागर्दी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए जांच में तेजी ला रही है।

## मोहाली में चौथी मंजिल से कूदा चोर, 40 फुट हाइट पर सरियों में फंसा

**मोहाली, 30 जनवरी (अप्रस)।** मोहाली के एक घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने आया चोर खुद ही आफत में फंस गया। उसने घर की चौथी मंजिल से छलांग मारकर भागने की कोशिश की। लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाया। साथ ही 40 फुट हाइट पर सरियों में फंस गया। जैसे ही घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में देख घरवालों को इसका पता चला तो उन्होंने पहले चोर को बचाने की कोशिश शुरू की। इलाके के लोगों ने चोर को बचाने के लिए रेसक्यू ऑपरेशन चलाया। बकायदा सीढ़ी का इंतजाम किया। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली ।

इस दौरान जब चोर को बचाया तो माहौल ऐसा था कि मानो उन्होंने बड़े ऑपरेशन में कामयाबी मिली थी।

## पेज एक का शेष

### हरियाणा में उद्यम...

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधियों द्वारा खाद्य संस्करण, पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर बनाने, औद्योगिक क्षेत्रों में सुविधाओं को बढ़ावा देने, लघु उद्योगों को प्रोत्साहन, कौशल विकास, एमएसएमई को प्रोत्साहन, नॉन कन्फर्मिंग एरिया को कन्फर्म करना, इज ऑफ़ डूइंग बिज़नेस व इंडस्ट्रियल पॉलिसी में आवश्यक सुधार को लेकर रखे गए सुझाव पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का भी आश्वासन दिया।

**बजट के लिए ऑनलाइन भी दे सकते हैं सुझाव : राजेश खुल्लर:** बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, जिनके पास वित्त मंत्रालय का प्रभार भी है, ने इस बार बजट के लिए एक नई पहल की है। हरियाणा के आगामी बजट के लिए इस बार प्रदेश के साथ-साथ अन्य नागरिक भी ऑनलाइन माध्यम से अपने सुझाव दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि https://bamsharyana.nic.in पोर्टल के माध्यम से सेक्टर व सब सेक्टर श्रेणी में जाकर अपने सुझाव दिए जा सकते हैं। इस पोर्टल के माध्यम से अब तक 9 हजार से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं।

**पूर्व बजट परामर्श बैठक में मिले सुझावों से बने सफल कार्यक्रम:** वित्त, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने कहा कि बजट पूर्व परामर्श बैठक के माध्यम से पूर्व में भी 407 से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं। इन्हीं सुझावों के आधार पर हरहित स्टोर, ड्रोन टेक्नोलॉजी, स्टेम लेब, सुपर 30 जैसे सफल कार्यक्रम बनाए गए। उन्होंने बताया कि बजट के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर तीन फरवरी तक सुझाव दिए जा सकते है। इस अवसर पर हरियाणा में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रधान सचिव डी सुरेश, मुख्यमंत्री के ओएसडी राज नेहरू, एफएमडीए के सीईओ श्यामल मिश्रा, फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, फरीदाबाद चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, लघु उद्योग भारती, सरूरपुर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फरीदाबाद चैप्टर), मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ़ फरीदाबाद व बैंक्वेट हॉल एसोसिएशन सहित विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### अधिकारी नहीं करते...

इससे आहत होकर विज ने बृहस्पतिवार को वीडियो में कहा ङ्क मैंने अंबाला कैंट में भी हर सोमवार को लगाया जाने वाला जनता दरबार बंद कर दिया है। अब मैं शायद ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में भी नहीं जाया करूंगा। ऐसा इसलिए किया है क्योंकि हमारे आदेशों की पालना नहीं होती। अधिकारी हमारे काम नहीं करते। बाकी हरियाणा से मुझे कुछ नहीं लेकिन अंबाला कैंट की जनता से मुझे सात बार विधायक बनाया है। यहां के लोगों के कार्यों के लिए मुझे आंदोलन भी करना पड़ा तो करूंगा। डल्लेवाल (किसान नेता) की तरह अगर आमरण अनशन भी करना पड़ा तो करूंगा।

ਗਰੇਟਰ ਮੁਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ
ਮੁਹਾਲੀ ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ।
(ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)


ਸਿੰਗਲ ਵਿੰਡੋ ਡਾਇਰੀ ਨੰ: 401539 ਮਿਤੀ 03-05-2024 ਰਾਹੀਂ ਬਿਨੈਕਾਰ ਵੱਲੋਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਕਿ ਕਮਰਸ਼ੀਅਲ ਪਲਾਟ ਐਲ ਓ ਆਈ ਨੰ:667, ਸੈਕਟਰ-101, ਇੰਡਸਟਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਸਾਈਜ 60 ਵ ਗਜ ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰਸ ਨੰਬਰ ਐਲ ਪੀ ਨੰ (23-24-713) ਦੇ ਅਲਾਟੀ ਗੁਰਮੀਤ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਗੁਰਦੇਵ ਸਿੰਘ ਅਤੇ ਸੁਰਿੰਦਰਪਾਲ ਕੌਰ ਪਤਨੀ ਗੁਰਮੀਤ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਮਨੌਲੀ ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਨੇ ਕਮਲਜੀਤ ਸਿੰਘ ਬੈਦਵਾਨ ਪੁੱਤਰ ਬਲਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਕੁੰਭੜਾ ਸੈਕਟਰ 68, ਮੋਹਾਲੀ ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਜੀ ਪੀ ਏ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਸਬ ਰਜਿਸਟਰਾਰ ਮੋਹਾਲੀ ਦੇ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 932 ਬਹੀ ਨੰ: 4 ਜਿਲਦ ਨੰ-, ਸਫਾ ਨੰ-, ਮਿਤੀ 27-06-2022 ਨੂੰ ਰਜਿਸਟਰ ਹੋਈ ਹੈ। ਅਤੇ ਅਲਾਟੀ ਸ਼ਿਆਮ ਲਾਲ ਪੁੱਤਰ ਰਾਮ ਮੂਰਤੀ ਨੇ ਦਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਬਲਦੇਵ ਸਿੰਘ ਪਿੰਡ ਕਪੂਰੀ (ਪਟਿਆਲਾ) ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਜੀ ਪੀ ਏ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਸਬ ਰਜਿਸਟਰਾਰ ਮੋਹਾਲੀ ਦੇ ਵਸੀਕਾ ਨੰ 662 ਬਹੀ ਨੰ 4 ਜਿਲਦ ਨੰ-, ਸਫਾ ਨੰ-, ਮਿਤੀ 15-06-2023 ਨੂੰ ਰਜਿਸਟਰ ਹੋਈ ਹੈ।

ਇਸ ਜੀ.ਪੀ.ਏ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ ਕਮਲਜੀਤ ਬੈਦਵਾਨ ਪੁੱਤਰ ਬਲਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਅਤੇ ਦਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਬਲਦੇਵ ਸਿੰਘ ਨੇ ਉਕਤ ਕਮਰਸ਼ੀਅਲ ਪਲਾਟ ਐਲ ਓ ਆਈ ਨM:667, ਸੈਕਟਰ-101, ਇੰਡਸਟਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਸਾਈਜ 60 ਵ ਗਜ ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰਸ ਨੰਬਰ ਐਲ ਪੀ ਨੰ (23-24-713) ਨੂੰ ਕਾਂਤਾ ਰਾਣੀ ਪਤਨੀ ਸੁਰਿੰਦਰ ਕੁਮਾਰ ਵਾਸੀ 244-ਏ ਸੁਭਾਸ਼ ਨਗਰ ਹਾਂਸੀ ਹਰਿਆਣਾ ਅਤੇ ਨੇਹਾ ਖੁਰਾਣਾ ਵਾਸੀ 529, ਜੇ ਪੀ ਨਗਰ ਜਲੰਧਰ ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਵੇਚਣ ਲਈ ਪ੍ਰਤੀ ਬੇਨਤੀ ਮਿਤੀ 03-05-2024 ਨੂੰ ਦਿੱਤੀ ਹੈ। ਹੁਣ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ ਗਮਾਡਾ, ਮੋਹਾਲੀ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿੱਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਵੇਚਣ ਦੀ ਆਗਿਆ ਜਾਰੀ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਬਾਰੇ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ ਗਮਾਡਾ(ਪ), ਮੋਹਾਲੀ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜਾਂ ਦੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਉਕਤ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਜੀ.ਪੀ.ਏ. ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਪਲਾਟ ਐਲ ਓ ਆਈ ਨੰ:667, ਸੈਕਟਰ-101, ਇੰਡਸਟਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਸਾਈਜ 60 ਵ ਗਜ ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰਸ ਨੰਬਰ ਐਲ ਪੀ ਨੰ (23-24-713) ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਆਗਿਆ ਉਕਤ ਬਿਨੈਕਾਰ ਦੇ ਨਾਂ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ(ਪ)
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ

AP-9313

ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ
ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ



ਅਲਾਟੀ



ਲਾਭਪਾਤਰੀ

ਪਲਾਟ ਨੰ; 1211, ਸੈਕਟਰ 60, ਫੇਜ-3 ਬੀ 2, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Baldev Singh S/o Munshi Ram R/o #1211, Phase 3b2, Sector-60, SAS Nagar Mohali ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 24-06-2018 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਸੀ। ਉਹਨਾਂ ਵਲੋਂ ਪਲਾਟ ਨੰ; 1211, ਸੈਕਟਰ 60, ਫੇਜ-3 ਬੀ 2, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੀ ਅਣਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਮਿਤੀ 10-12-2017 ਨੂੰ ਆਪਣੀ ਪਤਨੀ ਪਿਆਰ ਕੌਰ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ।

ਇਸ ਅਣਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ ਪਿਆਰ ਕੌਰ ਪਤਨੀ ਬਲਦੇਵ ਸਿੰਘ ਵਲੋਂ ਪਲਾਟ ਨੰ; 1211, ਸੈਕਟਰ 60, ਫੇਜ-3 ਬੀ 2, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤੇ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਦੀ ਬੇਨਤੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਵਿਖੇ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਟਰਾਂਸਫਰ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਆਮ ਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜੇਕਰ ਇਸ ਬਾਰੇ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਨਿਮਨਹਸਤਾਖਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਅਣਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਅਨੁਸਾਰ ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ)
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ

AP-9322

ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ
ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ

ਸਿੰਗਲ ਵਿੰਡੋ ਡਾਇਰੀ ਨੰਬਰ 426571 ਮਿਤੀ 13.12.2024 ਰਾਹੀਂ ਬਿਨੈਕਾਰ ਵੱਲੋਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਕਮਰਸ਼ੀਅਲ ਸ਼ਾਪ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 924 (ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ: ਐਲ.ਪੀ./24-25/811), ਮਿਤੀ 12.11.2024, ਸਾਈਜ 60 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ ਸ਼੍ਰੀ ਗੁਰਬਚਨ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ਼੍ਰੀ ਝੰਡਾ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਧਰਾਲੀ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੇ ਉਕਤ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਦਾ ਸ਼੍ਰੀ ਨਿਤੇਸ਼ ਕੁਮਾਰ ਭੱਲਾ ਪੁੱਤਰ ਸ਼੍ਰੀ ਪਵਨ ਕੁਮਾਰ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: 1683, ਮੇਨ ਬਜਾਰ, ਮਨੀ ਮਾਜਰਾ, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ 160101 ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਸਬ-ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਦੇ ਵਸੀਕਾ ਨੂੰ 516, ਬਹੀ ਨੰ: 4, ਜਿੱਲਦ ਨੰ-, ਸਫਾ ਨੰ-, ਮਿਤੀ 11.05.2022 ਰਾਹੀਂ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਹੈ।

ਹੁਣ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਸ਼੍ਰੀ ਨਿਤੇਸ਼ ਕੁਮਾਰ ਭੱਲਾ ਪੁੱਤਰ ਸ਼੍ਰੀ ਪਵਨ ਕੁਮਾਰ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ 1683, ਮੇਨ ਬਜਾਰ, ਮਨੀ ਮਾਜਰਾ, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ 160101 ਵੱਲੋਂ ਕਮਰਸ਼ੀਅਲ ਸ਼ਾਪ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 924, (ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ: ਐਲ.ਪੀ./24-25/811), ਮਿਤੀ 12.11.2024, ਸਾਈਜ 60 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ ਸ਼੍ਰੀਮਤੀ ਦਿਲਪ੍ਰੀਤ ਕੌਰ ਪਤਨੀ ਸ਼੍ਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਨਬੀਪੁਰ, ਫਤਿਹਗੜ੍ਹ ਸਾਹਿਬ, ਪੰਜਾਬ 140406 ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਮੰਗੀ ਗਈ ਹੈ। ਇਹ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਦੇਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰ ਨਾਮਾ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜਾਂ ਤੋਂ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਉਕਤ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਕਮਰਸ਼ੀਅਲ ਸ਼ਾਪ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 924 (ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ: ਐਲ.ਪੀ./24-25/811), ਮਿਤੀ 12.11.2024, ਸਾਈਜ 60 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੀ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਬਿਨੈਕਾਰ ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ),
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ।

AP-9323

ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ
ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ

ਸਿੰਗਲ ਵਿੰਡੋ ਡਾਇਰੀ ਨੰਬਰ 425933 ਮਿਤੀ 13.12.2024 ਰਾਹੀਂ ਬਿਨੈਕਾਰ ਵੱਲੋਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਲਾਟ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 923 (ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ: ਐਲ.ਪੀ./24-25/810), ਮਿਤੀ 12.11.2024, ਸਾਈਜ 275 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ ਸ਼੍ਰੀ ਗੁਰਬਚਨ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ਼੍ਰੀ ਝੰਡਾ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਧਰਾਲੀ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੇ ਉਕਤ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਦਾ ਸ਼੍ਰੀ ਨਿਤੇਸ਼ ਕੁਮਾਰ ਭੱਲਾ ਪੁੱਤਰ ਸ਼੍ਰੀ ਪਵਨ ਕੁਮਾਰ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ: 1683, ਮੇਨ ਬਜਾਰ, ਮਨੀ ਮਾਜਰਾ, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ 160101 ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਸਬ-ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਦੇ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 516, ਬਹੀ ਨੰ: 4, ਜਿੱਲਦ ਨੰ-, ਸਫਾ ਨੰ-, ਮਿਤੀ 11.05.2022 ਰਾਹੀਂ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਹੈ।

ਹੁਣ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਸ਼੍ਰੀ ਨਿਤੇਸ਼ ਕੁਮਾਰ ਭੱਲਾ ਪੁੱਤਰ ਸ਼੍ਰੀ ਪਵਨ ਕੁਮਾਰ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰ 1683, ਮੇਨ ਬਜਾਰ, ਮਨੀ ਮਾਜਰਾ, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ 160101 ਵੱਲੋਂ ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਲਾਟ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 923 (ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ ਐਲ.ਪੀ./24-25/810), ਮਿਤੀ 12.11.2024, ਸਾਈਜ 275 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ Anu Jain w/o Lajpat Jain R/o H.No. 288, jind road, ward no. 23, model town kaithal haryana ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਮੰਗੀ ਗਈ ਹੈ। ਇਹ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਦੇਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਮੁਖਤਿਆਰ ਨਾਮਾ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ), ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜਾਂ ਤੋਂ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਉਕਤ ਮੁਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਲਾਟ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੰ: 923 (ਫਿਊਚਰ ਰੈਫਰੈਂਸ ਨੰ ਐਲ.ਪੀ./24-25/810), ਮਿਤੀ 12.11.2024, ਸਾਈਜ 275 ਵਰਗ ਗਜ, ਸੈਕਟਰ 101-ਇੰਡਸਟ੍ਰੀਅਲ ਪਾਰਕ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੀ ਐਲ.ਓ.ਆਈ. ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਪ੍ਰਵਾਨਗੀ ਬਿਨੈਕਾਰ ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਪ),
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ।

AP-9323

ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ
ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ





ਪਲਾਟ ਨੰ: 172, ਸੈਕਟਰ-63 ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Jaspal Kaur w/o Tarlok Singh ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 14.07.2019 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਸਬੰਧੀ ਅਲਾਟੀ ਵਲੋਂ ਆਪਣੀ ਮੌਤ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਮਿਤੀ 02.02.2010 ਨੂੰ ਆਪਣੀ ਪੁੱਤਰ Barinder Singh ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਅਣ-ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਕੀਤੀ ਗਈ ਸੀ।

ਹੁਣ ਉਕਤ ਕੀਤੀ ਗਈ ਅਣ-ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ Barinder Singh ਵਲੋਂ ਪਲਾਟ ਨੰ: 172, ਸੈਕਟਰ-63 ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਲਈ ਦਸਤਾਵੇਜ ਇਸ ਦਫਤਰ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ) ਗਮਾਡਾ, ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਦੇ ਕਾਨੂੰਨੀ ਵਾਰਸ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅਦਰ ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ, ਗਮਾਡਾ ਐਸ ਏ ਐਸ ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਪਲਾਟ ਨੰ: 172, ਸੈਕਟਰ-63 ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਉਕਤ ਅਣ-ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਉਕਤ ਵਾਰਸ ਦੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ)
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ

AP-9324


हरियाणा सरकार
100 दिन
नॉन-स्टॉप काम
टॉप परिणाम
डबल इंजन हरियाणा सरकार
तिगुनी रफ्तार
1,85,000 महिलाएं बनीं लखपति दीदी
स्वयं सहायता समूह की 1 लाख 85 हजार से ज्यादा महिलाएं लखपति दीदी बनीं, 5 लाख का लक्ष्य।
LIC बीमा सखी योजना का शुभारंभ
महिलाओं को हर महीने सैलरी मिलेगी। पहले साल ₹7 हजार, दूसरे साल ₹6 हजार और तीसरे साल ₹5 हजार रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। साथ में बीमा कमीशन और हर महीने ₹2100 की प्रोत्साहन राशि अलग से।
₹500 में घरेलू गैस सिलेंडर
13 लाख से ज्यादा परिवार लाभान्वित।
100 महिलाएं बनीं ड्रोन दीदी
प्रदेश की 5 हजार महिलाओं को ड्रोन दीदी बनाएंगे। प्रशिक्षण के साथ ₹8 लाख तक का ड्रोन मुफ्त।
“ माताओं-बहनों का जीवन आसान बनाने के लिए हमारी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार, बेटियों के लिए हर सेक्टर खोल रही है, जहां कभी उन पर पाबंदियां थी। ”
- नरेन्द्र मोदी
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा





## केजरीवाल ने कांग्रेस समर्थकों को किया आगाह

# 'कांग्रेस को दिया वोट, तो जीत जाएगी भाजपा'

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली, 30 जनवरी।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को एक वीडियो जारी कर कांग्रेस समर्थकों से आप को वोट देने की अपील की। उनका कहना है कि यदि उन्होंने कांग्रेस को वोट दिया तो भाजपा जीत जाएगी।

केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को भाजपा के आने की स्थिति में आप सरकार द्वारा दी जा रही सभी निःशुल्क योजनाओं के बंद होने का भय दिखाया। उन्होंने कहा, 'फिर हमारी दी हुई सभी फ्री योजनाएं बंद हो जाएंगी और आप पर 25 हजार का अतिरिक्त बोझ पड़ जाएगा।'

अरविंद केजरीवाल ने बताया कि पिछले दिनों उनसे मिलने आए कुछ लोगों ने पूछने पर कहा कि वे कांग्रेस को वोट देंगे। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस का कुछ बचा ही नहीं है। फिर केजरीवाल ने हरियाणा का उदाहरण देते हुए उन्हें बताया कि कांग्रेस के नेता आपस में लड़ते रहते हैं। अपनी ही पार्टी को हराने में लगे रहते हैं।

आप संयोजक ने आरोप लगाया कि दिल्ली में कांग्रेस का एक ही मकसद है, केवल 'आम आदमी पार्टी को हराने के लिए भाजपा के साथ मिलकर लड़ रही है'।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता भाजपा के खिलाफ कुछ नहीं बोलते, सिर्फ केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ जहर उगलते रहते हैं।

केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने आम आदमी पार्टी के वोटरों के साथ कांग्रेस के वोटरों के लिए भी काम किया है। मुफ्त बिजली-पानी, सरकारी स्कूल यह सब आम आदमी पार्टी ने किया है। अगर भाजपा आ गई तो वह सब बंद करवा देगी।

उन्होंने कहा, 'बीजेपी की सरकार आते ही फ्री बिजली-पानी बंद कर देगी, मोहल्ला क्लीनिक बंद कर देगी, महिलाओं की फ्री बस यात्रा बंद कर देगी। इससे कम से कम 25 हजार रुपये महीने का खर्च बढ़ जाएगा। कांग्रेस को वोट देने से क्या फायदा, एक तरह से भाजपा को फायदा पहुंचेगा। अगर बीजेपी आ गई हमारी सरकार से मिलने वाली सारी सुविधाएं बंद हो जाएंगी। इसलिए मेरी अपील है कि सभी झाड़ू (आप का चुनाव चिह्न) को वोट दें।'

# देशभर के कर्मचारियों ने यूपीएस की प्रतियां जला जताया विरोध

## कर्मचारी नेताओं की दलील, यूपीएस में कर्मचारियों को एनपीएस से भी ज्यादा नुकसान

- ओपीएस को लेकर हरियाणा में फिर जोरदार विरोध-प्रदर्शन
- कहा, कर्मचारियों से चर्चा किए बिना लागू की गई यूपीएस योजना
- संघर्ष समिति ने ओपीएस बहाली व यूपीएस पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री से मांगा समय

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 30 जनवरी।** हरियाणा सहित देश के कई कर्मचारी संगठनों ने एक मर्तबा फिर ओल्ड पेंशन स्कीम यानि (ओपीएस) के लिये मोर्चा खोल दिया है। ओपीएस के लिये लड़ रही संघर्ष समिति का कहना है कि यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) में तो कर्मचारियों का एनपीएस से भी ज्यादा का नुकसान है।

कई सालों से प्रदेश और देश में ओपीएस बहाली की मांग होती आई है इसके लिए कर्मचारियों द्वारा लगातार धरने, प्रदर्शन और रैलियां की जाती रही हैं। इसी संघर्ष को देखते हुए राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड और हिमाचल प्रदेश में ओपीएस बहाल की जा चुकी है। हरियाणा में भी 20 फरवरी 2023 में राज्य सरकार द्वारा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया था जिसके साथ पेंशन बहाली संघर्ष समिति की 3 मार्च को एक मीटिंग भी हो चुकी है लेकिन उसके बावजूद भी इसका कोई समाधान नहीं हो सका। केन्द्र सरकार द्वारा पिछले बजट में यूनिफाइड पेंशन स्कीम की घोषणा की गई थी जिसका 24 जनवरी को गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया। कर्मचारियों का कहना है कि यूपीएस नोटिफिकेशन में पेंशन पर अंतिम वेतन की 50 फीसदी गारंटी के साथ सरकार द्वारा बहुत सारी शर्तें लगा दी गई हैं जिससे कर्मचारियों को लाभ होने की बजाए उल्टा हानि ज्यादा होगी। इसको लेकर देश भर के कर्मचारियों में भारी नाराजगी है।

**देशभर के कर्मचारियों ने यूपीएस की प्रतियां जला जताया विरोध:** नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के आह्वान पर प्रदेश भर के सभी केंद्रीय और राज्य कर्मचारियों ने अपने-अपने विभागों में यूपीएस का बहिष्कार करते हुए इसकी प्रतियां जलाई। कर्मचारियों का कहना है कि हम ओपीएस बहाली की मांग करते आए हैं। किसी भी कर्मचारी और संगठन द्वारा यूपीएस की मांग नहीं कि गई थी। केंद्र सरकार द्वारा बिना कर्मचारियों और संगठनों से चर्चा किए एकतरफा फैसला लेते हुए यूपीएस लागू कर दी गई।

**यूपीएस में कर्मचारियों को एनपीएस से भी ज्यादा नुकसान:** कर्मचारियों का कहना है कि एनपीएस और यूपीएस किसी भी तरफ से ओपीएस का विकल्प नहीं हो सकती। एनपीएस में कर्मचारियों के वेतन का 10 फीसदी शेयर और सरकार का 14 फीसदी शेयर लगाया जाता है। इसके पूरे कॉर्पस का 60 फीसदी कर्मचारी को उसकी सेवानिवृत्ति होने पर लौटा दिया जाता है और बाकी 40 फीसदी अमाउंट से एन्युइटी खरीदी जाती है। एनपीएस में नामात्र पेंशन बनने से कर्मचारियों में इसके प्रति भारी रोष था। लेकिन अब यूपीएस में कर्मचारियों के 10 फीसदी शेयर और सरकार के 10 फीसदी प्लस 8.5 फीसदी शेयर के टोटल कॉर्पस को पेंशन के लिए रखा जाएगा। कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर उनका शेयर नहीं लौटाया जाएगा। इसके अलावा यूपीएस में कर्मचारियों पर 25 साल की सर्विस की कंडीशन लगाई गई है, जिस कारण ज्यादातर कर्मचारियों को यूपीएस का पूरा लाभ नहीं मिलेगा। ओपीएस, एनपीएस और यूपीएस का तुलनात्मक अध्ययन करने पर केवल ओपीएस ही कर्मचारियों के सुरक्षित भविष्य का आधार हो सकता है।

**संघर्ष समिति ने ओपीएस बहाली व यूपीएस पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री से मांगा समय:** नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के राष्ट्रीय मुख्य संगठन सचिव और पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष विजेन्द्र धारीवाल ने कहा कि उनकी मांग ओपीएस बहाली की रही है और ओपीएस की बहाली तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। हम हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी से मांग करते हैं कि कर्मचारियों के सुरक्षित भविष्य के लिए प्रदेश में ओपीएस बहाल करें। इसके लिए संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल को समय दिया जाए और मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित कमेटी के साथ वार्ता का दौर फिर से शुरू किया जाए। जल्द संघर्ष समिति की प्रदेश स्तरीय बैठक बुलाई जाएगी जिसमें आगामी रणनीति बना सरकार के सामने ओपीएस बहाली की मांग की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल में अद्भुत भारत कार्यक्रम का आयोजन



**सफीदों (अप्रस/दीवान)।** नगर के असंध रोड स्थित एसएमआर इंटरनेशनल स्कूल सफीदों में अद्भुत भारत नामक थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र बैरागी ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के संस्थापक रामेश्वर दास गुप्ता ने की। स्कूल के प्रिंसिपल विजय गौड ने आए हुए अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती प्रतीमा के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने राष्ट्रीयता से ओतप्रोत व विभिन्न राज्यों की संस्कृति से अवगत करवाती हुई प्रस्तुतियां दी। अपने संबोधन में मुख्यातिथि भाजपा नेता नरेंद्र बैरागी ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बेहद महत्व है। शिक्षा के माध्यम से बड़े से बड़े मुकाम पर पहुंचा जा सकता है। सही अर्थों में जीवन में आगे बढ़ने का एक ही रास्ता शिक्षा है। धन को तो चोर चुरा सकता है लेकिन शिक्षा को कोई चुरा नहीं सकता। उन्होंने कहा कि बच्चों को मेहनत करके जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक व खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल के संस्थापक रामेश्वर दास गुप्ता, चेयरमन राजेंद्र गुप्ता, प्रधानाचार्य विजय गौड़, मैनेजर अरुण गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे।

### विश्व शांति हेतु माता-बहनों ने की कलश यात्रा



**पुंडरी (अप्रस/कृष्ण प्रजापति)।** फतेहपुर स्थित माता मनसा देवी मंदिर में आज विश्व शांति और समृद्धि के लिए 8वें श्री सत चंडी महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस पावन अवसर पर माता-बहनों ने कलश उठाकर पूरे गांव की परिक्रमा की, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। महायज्ञ में पुजारी एवं जिला पार्षद देवेंद्र शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की। उनके साथ रमेश गुरुजी (पाई), राजेश त्रिपाठी, सुरेंद्र वालिया नंबरदार, मुकेश वालिया, पार्षद प्रतिनिधि जितेंद्र टाया, प्रदीप गोलन, सन्नी वालिया ठेकेदार, राजेश धीमान, राजेंद्र शर्मा पुजारी, कृष्ण शर्मा, पवन शर्मा, अमन सहित अनेक ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित रहे। कलश यात्रा के दौरान माताओं व बहनों ने मां मनसा देवी का आशीर्वाद प्राप्त किया और सुख-शांति की कामना की। पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। आयोजकों ने बताया कि यह महायज्ञ 6 फरवरी तक चलता रहेगा, जिसमें प्रतिदिन विशेष अनुष्ठान और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पुजारी ने बताया कि आज से 6 फरवरी तक विशेष पूजन व हवन होगा और अंतिम दिन पूर्णाहुति डाली जाएगी। महायज्ञ में शामिल श्रद्धालुओं ने मां मनसा देवी के जयकारे लगाए और भजन-कीर्तन के साथ मंदिर परिसर को भक्तिमय कर दिया। आयोजन समिति ने सभी भक्तों से इस पावन अवसर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### एक फरवरी को करनाल में सिख सम्मेलन को ऐलान



**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** करनाल में सिख संगत द्वारा एक फरवरी को सुबह दस बजे डेरा कार सेवा में एक सिख सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस संगत में प्रदेश भर से एचएसजीपीसी के नव नियुक्त सदस्यों तथा सिख धार्मिक जनों तथा विद्वानों को आमंत्रित किया जाएगा। यह जानकारी करनाल में वार्ड 17 से एचएसजीपीसी के नव नियुक्त सदस्य तथा डबरी के पूर्व सरपंच गुरनाम सिंह लाडी और मैंबर प्रतिनिध भूपिंदर सिंह लाडी ने बताया कि इस सम्मेलन में प्रदेश भरसेएकत्रित सिख संगतों द्वारा प्रदेश के सभी नव नियुक्त सदस्यों से अपील की जाएगी। वह सभी मिल कर पार्टी बाजी धड़े बाजी से ऊपर उठकर एचएसजीपीसी के पूर्व प्रधान जगदीश सिंह झिंडा के नैतृत्व में एचएसजीपीसी के हाउस को बना कर हरियाणा के गुरुघरों की सेवा को संभाले। उन्होंने कहा कि 25 सालों से जिस कमेटी के लिए संषर्ष किया उस कमेटी के पहली बार चुनाव हुए हैं। प्रदेश भर की सिख संगतों ने चुन कर सदस्यों को भेजा है। संगत के हुकुम को मानकर सभी सदस्य मिल कर गुरुघरों की सेवाको संभालें।

# केजरीवाल के घर के बाहर स्वाति मालीवाल ने फेंका कचरा, पुलिस ने किया डिटेन

अर्थ प्रकाश/नरेश वत्स



**नई दिल्ली, 30 जनवरी।** आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। स्वाति गुरुवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर कूड़ा गाड़ी लेकर पहुंचीं और पूरा कूड़ा फेंककर प्रदर्शन कर रही थीं।

पुलिस ने जब उन्हें डिटेन किया तो उन्होंने कहा, आज पूरी दिल्ली कूड़े का ढेर बन गई है। मैं यहां अरविंद केजरीवाल से मिलने आई थी। लेकिन पुलिस ने मुझे डिटेन कर लिया है।

स्वाति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केजरीवाल के खिलाफ कई पोस्ट किए।

पहले पोस्ट में स्वाति ने लिखा, विकासपुरी इलाके में सड़कों पर सालों से कूड़े का ढेर लगा है। लोगों में बहुत गुस्सा है। ये सारा कचरा उठाकर केजरीवाल के घर फेंकने जा रहे हैं। बुरा हाल कर रखा है पूरी दिल्ली का। जो गंदगी और बदबू दिल्लीवासी रोज झेलते हैं, आज वो केजरीवाल झेलेंगे। जनता आ रही है केजरीवाल जी, डरना मत।

स्वाति पोस्ट डालने के बाद केजरीवाल के आवास पर पहुंची। उनके साथ कुछ महिलाएं भी थीं जो हाथों में बैनर लेकर केजरीवाल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही थीं।

स्वाति ने दूसरे पोस्ट में लिखा, ये सारा कूड़ा अभी केजरीवाल जी के घर फेंकने जा रही हूं। स्वाति ने इस पोस्ट में कई कूड़े की फोटो भी शेयर की।

तीसरे पोस्ट में स्वाति ने लिखा कि 3 ट्रक भरकर कचरा लेकर केजरीवाल जी के घर पहुंचने वाली हूं। केजरीवाल जी, डरना मत.. जनता के सामने आना और देखना क्या हाल बनाया है दिल्ली का।

मौके पर पहुंची दिल्ली पुलिस ने स्वाति मालीवाल को समझाने का प्रयास किया लेकिन, वो विरोध प्रदर्शन पर अड़ी रहीं। पुलिस के चेताने के बाद भी जब स्वाति मालीवाल नहीं मानीं तो दिल्ली महिला पुलिस ने उन्हें डिटेन कर लिया।

इस दौरान मालीवाल ने मीडिया से कहा कि केजरीवाल ने पूरे शहर को कूड़ेदान में तब्दील कर दिया है। मैं यहां उनसे बात करने के लिए आई थी। अभी भी समय है सुधर जाओ, नहीं तो जनता सुधारेगी। मैं केजरीवाल से कहना चाहती हूं कि पुलिस ने मुझे डिटेन कर लिया है। लेकिन, मैं डरने वाली नहीं हूं। न ही पुलिस से और न ही आम आदमी पार्टी के गुंडों से।

## 'यमुना में जहर' बयान पर जेपी नड्डा का जवाब

# '8,500 करोड़ केंद्र ने दिए फिर भी सार्थक काम नहीं हुआ'

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली, 30 जनवरी।** दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा पर यमुना के पानी को जहरीला बनाने का आरोप लगाया। उनके इस दावे के विरोध में भाजपा तथ्यों के जरिए आम आदमी पार्टी सरकार पर हमला बोल रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आंकड़ों की जुबानी ये बताने की कोशिश की है कि आप सरकार गलत बयानी कर रही है।

जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, यमुना प्रदूषण पर 'आप-दा' का आरोप-प्रत्यारोप उनकी अक्षमता और विफल शासन व्यवस्था को उजागर करता है। 10 साल से अधिक समय से अरविंद केजरीवाल सरकार ने भ्रष्टाचार, झूठ और खोखले वादों के अलावा कुछ नहीं किया है। केंद्र सरकार से 8,500 करोड़ रुपये मिलने के बावजूद नदी की सफाई के लिए कोई सार्थक काम नहीं हुआ है।

एक इंफोग्राफिक शेयर करते हुए उन्होंने आगे लिखा, 'इन्फोइंडाटा' के इन्फोग्राफिक से पता चलता है कि दिल्ली में यमुना के प्रवेश करते ही प्रदूषण कैसे बढ़ जाता है। जिम्मेदारी लेने के बजाय आप-दा सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए लोगों में डर फैलाना शुरू कर दिया है। अरविंद केजरीवाल को अपने बयान के लिए हरियाणा और दिल्ली की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

दरअसल, आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को आरोप लगाया था कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने दिल्ली को दिए जा रहे यमुना के पानी में जहर मिला दिया है। उन्होंने कहा था कि अगर दिल्ली जल बोर्ड ने जहर नहीं पकड़ा होता, तो सामूहिक नरसंहार हो सकता था।

## एडवोकेट आरती बाकल को वाईस चेयरपर्सन बनाए जाने पर समाज में खुशी, बांटे लड्डू

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति

**पुंडरी, 30 जनवरी।** जन कल्याण सोसाईटी हरियाणा व अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह पूण्डरी में नवनियुक्त ब्लाक समिति वाईस चेयरपर्सन एडवोकेट आरती बाकल व अन्य सदस्यों का सम्मान किया। सलिन्द्र मोहना ब्लाक अध्यक्ष पूण्डरी जन कल्याण सोसाईटी हरियाणा ने कहा कि हल्का विधायक सतपाल जाम्बा ने सामाजिक समरसता का परिचय देते हुए अनुसूचित जाति की महिला एडवोकेट आरती को वाइस चेयरपर्सन पूण्डरी बनाया है, हम सामाजिक कार्यकर्ता होने पर विधायक सतपाल जाम्बा का धन्यवाद करते है। एडवोकेट आरती बाकल ने सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उस पर वे खरा उतरने की कोशिश करेंगी। उन्होंने विधायक और सहयोगी ब्लाक समिति सदस्यों का भी धन्यवाद किया कि जिन्होंने उस पर भरोसा जताया। इस अवसर पर जन कल्याण सोसाईटी हरियाणा की सुषमा, कविता, सोनिया, उर्मिला, रानी ने एडवोकेट आरती बाकल का फूल मालाओं से स्वागत किया और खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज हमारे समाज की बेटी को वाइस चेयरपर्सन बनाया गया जोकि बहुत ही खुशी की बात है। सुरेश टांक प्रदेश महासचिव जन कल्याण सोसाईटी हरियाणा ने बताया कि एडवोकेट आरती बाकल के वाइस चेयरपर्सन बनने पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एडवोकेट आरती बाकल के साथ साथ योगेन्द्र राणा, संदीप शर्मा व प्रदीप हाबड़ी को बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर का चित्र देकर सम्मानित किया और लड्डू बांटे गए। सुनील तंवर फतेहपुर ने कहा कि एडवोकेट आरती बाकल पर हमें पूरा विश्वास है कि वो अपने पद का सही इस्तेमाल करेंगी और सभी को समान अधिकार दिलाने का काम करेंगी। इस अवसर पर गिरधारी पांचाल, सुखदेव, गोविंद जाम्बा, कुलदीप, सन्नी, विनोद, सुरेन्द्र, पास्टर नरेश, सुखदेव सिंह ढांड, कर्म सिंह, मेघराज, सलिन्द्र बाकल, अशोक, सौरभ, गौरव आदि मौजूद रहे।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ से मिले बीसीसीआई अधिकारी राजीव शुक्ला और विराट कोहली

अर्थ प्रकाश/साक्षी जैन



**नई दिल्ली, 30 जनवरी।** राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय स्टार विराट कोहली के साथ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारी ने सोशल मीडिया पर बैठक की एक तस्वीर साझा की।

शुक्ला, जो बीसीसीआई के उपाध्यक्ष हैं, ने एक्स पर अपनी मुलाकात की एक झलक साझा की, जिसमें उन्होंने लिखा, ÷भारत के माननीय उपराष्ट्रपति धनखड़ जी से मिलकर बहुत अच्छा लगा। विराट कोहली की संगति पाकर बहुत खुशी हुई।

उम्मीद है कि यह मुलाकात अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली के रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच से पहले हुई, जो गुरुवार को शुरू हुआ।

इस मैच से कोहली ने 12 साल बाद घरेलू सेटअप में वापसी की। इस अनुभवी बल्लेबाज ने दिल्ली के लिए आखिरी रणजी ट्रॉफी मैच नवंबर 2012 में गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था। लेकिन बीसीसीआई की नीति के अनुसार भारतीय खिलाड़ियों को जब भी संभव हो घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए, कोहली रणजी ट्रॉफी में दिल्ली के लिए खेलते हैं।

कोहली की भागीदारी रणजी ट्रॉफी मैच में कोहली की भागीदारी ने अरुण जेटली स्टेडियम में रिकॉर्ड संख्या में दर्शकों को आकर्षित किया। उत्तर और पश्चिम स्टैंड की बाउंड्री रोप के पास पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी घुसपैठिया अंदर न आ सके, खासकर 12वें ओवर के दौरान एक उत्सुक प्रशंसक कोहली के पैर छूने के लिए उत्तर स्टैंड से भागा।

सूत्रों ने यह भी कहा कि उन्होंने 80 के दशक में दलीप ट्रॉफी के बाद नई दिल्ली में घरेलू लाल गेंद के मैच में इतने अधिक दर्शकों को कभी नहीं देखा, जहां कपिल देव और सुनील गावस्कर क्रमशः उत्तर और पश्चिम क्षेत्रों के लिए खेले थे, जो भारतीय क्रिकेट में कोहली के आकर्षण को दर्शाता है।

# किसी अन्य को वोट देकर अपना मत खराब न करें, 'आप' जीतेगी 70 सीट: अखिलेश यादव

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली, 30 जनवरी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव गुरुवार को अरविंद केजरीवाल के साथ रैली में शामिल हुए। उन्होंने जनता से अपील की कि भारी बहुमत के साथ अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर से लेकर आएं, ताकि वह अगले पांच साल विकास कर सकें।

यूपी के पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा कि किसी अन्य को वोट देकर अपना मत खराब न करें। दिल्ली के किराड़ी विधानसभा में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने एक साथ रोड शो किया। अखिलेश यादव ने आम आदमी पार्टी के पक्ष में प्रचार किया और आप उम्मीदवार के लिए वोट मांगे।

इस दौरान उन्होंने दिल्ली की जनता से अपील करते हुए कहा कि लोग कांग्रेस को वोट देकर अपना मत खराब न करें। आम आदमी पार्टी भाजपा को पटखनी देने जा रही है। ये झाड़ू भाजपा की बेईमानी का सफाया करने जा रहा है। मैं यहां उपस्थित जनता से अपील करता हूं कि आप सभी मिलकर भाजपा का सफाया कीजिए। झाड़ू के पक्ष में वोट कीजिए।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आपका वोट खराब नहीं होना चाहिए। इनका काम और विकास ही प्रमाण है। जिस तरीके से शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, बिजली-पानी की सुविधा का इन्होंने इंतजाम किया है, ये न केवल देश में, बल्कि दुनिया में उदाहरण बना है। लोग इस मॉडल की स्टडी करना चाहते हैं और अपने यहां लागू करना चाहते हैं। अब तो सुनने में आया है कि भाजपा के लोग भी कह रहे हैं, जो अरविंद केजरीवाल की योजनाएं हैं, उसे हम बंद नहीं करेंगे। इसलिए आप के अलावा किसी और को वोट देकर अपना मत खराब न करें।

उन्होंने आगे कहा कि जनता 'आप' पर भरोसा कर उसे ऐतिहासिक जीत दिलाने जा रही है। हो सकता है कि भाजपा सभी 70 सीट हार जाए और सभी 70 सीटों पर 'आप' की जीत हो। गरीब जनता को फ्री बिजली-पानी, स्कूल, अस्पताल आदि काम 'आप' ने किए हैं। लोगों को हर माह 25 हजार रुपये तक की सुविधा मिल रही है।

इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 'आप' काम करने वाली पार्टी है और भाजपा गाली देने वाली पार्टी है। कमल का बटन दबाने पर हर महीने 25,000 रुपये की चपत लगेगी। पंजाब के सीएम के आवास पर रेड की जा रही है। भाजपा के नेता रुपये बांट रहे हैं, सोने की चेन बांट रहे हैं और रेड पंजाब के सीएम के आवास पर हो रही है।

▲ अधिकतम 22 डिग्री से.
डिग्री से. 12 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 7.15 बजे
सूर्यास्त 5.57 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 83,170.00 |
| सैंसेक्स | 73,584.69 |
| अमेरिका | 86.61 |
| कैनेडियन | 60.10 |
| आस्ट्रेलिन | 53.92 |

# भाजपा की हरप्रीत कौर बबला के सिर सजा मेयर का ताज

## सीनियर डिप्टी मेयर कांग्रेस के जसबीर बंटी, डिप्टी मेयर कांग्रेस की तरुणा मेहता

चुनावी प्रक्रिया में सभी 36 मतदाताओं के वोट वैलिड पाये गये

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 30 जनवरी।** नगर निगम चंडीगढ़ के मेयर चुनाव की बाजी इस बार भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी हरप्रीत कौर बबला के हाथ लगी। हरप्रीत कौर बबला के जीत की पटकथा उसी दिन लिख दी गई थी, जिस दिन कांग्रेस पार्टी को छोड़कर गुरबक्श रावत ने भाजपा का दामन थाम लिया था। उनके भाजपा में जाने के साथ ही सभी लोग अचंभित होकर देख रहे थे कि चुनाव के तीन दिन पूर्व ऐसा धमाका होगा, कोई सोच भी नहीं सकता था।

उल्लेखनीय है कि आज मेयर की चुनावी प्रक्रिया संपन्न होते ही हरप्रीत कौर बबला ने 36 में से 19 वोटें लेकर विजयी घोषित हो गयीं। उनके विरुद्ध गठबंधन की तरफ से आम आदमी पार्टी की मेयर प्रत्याशी प्रेमलता को केवल 17 वोट से ही संतोष करना पड़ा। इस प्रकार दो वोटों के अंतराल से हरप्रीत कौर बबला ने उन्हें मात दे दी।

इसी प्रकार सीनियर डिप्टी मेयर पद के लिए निर्वाचित प्रक्रिया के उपरांत कांग्रेस के जसबीर सिंह बंटी को मिले 19 वोटों के साथ विजयी घोषित कर दिया गया। उनके प्रतिद्वंद्वी भाजपा की श्रीमती बिमला दुबे को केवल 17 वोटों से ही संतोष करना पड़ा। बंटी ने भी दो वोटों के अंतराल से बिमला दुबे को पराजित किया। डिप्टी मेयर के चुनाव में भी कांग्रेस की श्रीमती तरुणा मेहता को 19 वोट मिले। उनके प्रतिद्वंद्वी भाजपा के लखबीर सिंह बिल्लू को केवल 17 वोटों से ही संतोष करना पड़ा।



मेयर की कुर्सी पर काबिज होने के बाद साथी भाजपा पार्षदों के साथ हरप्रीत कौर बबला। फोटो: अजीत कौशल

### गठबंधन के दोनों प्रत्याशियों की जीत

इस प्रकार सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर का पद गठबंधन के दोनों कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयी घोषित कर दिया गया। किंतु यह दोनों पद केवल ओर्नामेंटल ही हैं, उन्हें निगम कार्यालय में नेम प्लेट लगा आफिस मिल जायेगा। वैधानिक और कार्यकारी अधिकार केवल मेयर के पास ही होते हैं।

### चुनावी प्रक्रिया 11.20 बजे शुरू हुई

नगर निगम के मेयर चुनाव के लिए चुनावी प्रक्रिया सुबह ११.२० बजे आरंभ की गई। पीठासीन अधिकारी डॉ. रमनीक सिंह बेदी ने चुनाव प्रक्रिया आरंभ करने की घोषणा की। फिर सुप्रीत कोर्ट की तरफ से रिटायर्ड जज जस्टिस जयश्री ठाकुर की देखरेख में सभी बैलेट बॉक्स और बैलेट पेपरों की बारीकी से निरीक्षण किया गया। उसके बाद प्रक्रिया आरंभ की गई। ऊपर सीट पर चंडीगढ़ के डीसी निशांत यादव, आब्जर्वर जस्टिस जयश्री ठाकुर, पीठासीन अधिकारी डॉ. रमनीक सिंह बेदी, और नगर निगम के सेक्रेटरी एवं जायंट कमिश्नर गुरिंदर सिंह सोढ़ी विराजमान थे। सोढ़ी के पीठासीन अधिकारी को प्रक्रिया आरंभ करने की अपील की। सबसे पहले पीठासीन अधिकारी ने सभी बैलेट पेपरों की बैक साइड में अपने हस्ताक्षर किए। फिर उनकी जांच परख के बाद नगर निगम की जायंट कमिश्नर मैडम शशि बसुंधरा को उनकी मदद के लिए कहा।

### मनीष तिवारी ने किया मतदान

चुनावी प्रक्रिया में सर्वप्रथम वोट नगर सांसद मनीष तिवारी ने मतदान किया। उसके बाद पार्षदों को वार्डवाइज क्रम से पहले से शुरू कर 35 तक वोटिंग करायी गई। सभी वोटें वैलिड पायी गईं। इस प्रकार मतदान प्रक्रिया में कोई भी वोट इनवैलिड नहीं मिली। बैलेट पेपर लेकर पार्षदों ने कंपार्टमेंट के भीतर जाकर वोट डाले। इस प्रकार गिनती भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी हरप्रीत कौर बबला को निर्वाचित घोषित किया। इससे पूर्व वोटिंग प्रक्रिया का सदन में डैमो किया गया। ताकि पार्षदों को वोटिंग करने में कोई आशंका या कंफ्यूज न हो। पार्षदों में सर्वप्रथम आप की जसविंदर कौर ने वोट किया। चुनावी प्रक्रिया में डीपीआर यूटी चंडीगढ़ प्रशासन राजीव तिवारी भी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। चुनावी प्रक्रिया संपन्न होने के बाद बैलेट पेपरों को डिब्बे में रखकर सील कर दिया गया।

### जतिंदर मल्होत्रा व टंडन, अरुण सूदर नपे नये मेयर का स्वागत किया

मेयर निर्वाचित होने के बाद नगर निगम सदन में मेयर की कुर्सी पर आसीन होने के बाद चंडीगढ़ भाजपा के अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा, संतय टंडन, अरुण सूद एवं भाजपा के पार्षदों व कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

### प्रिंट मीडिया से मुखातिब

एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान नवनिर्वाचित मेयर हरप्रीत कौर बबला ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, शहर के भाजपा अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा, सीनियर पार्टी नेता संजय टंडर, पूर्व अध्यक्ष व मेयर रह चुके अरुण सूद सहित सभी पार्टी कार्यकर्ताओं और भाजपा पार्षदों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में उतरने के बाद उन्हें काफी कड़ी मेहनत करनी पड़ी। इस बात की टेंशन भी रही थी कि संख्या बल कम होने के बावजूद वह चुनावी समर किस प्रकार जीतेंगी। किंतु पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और कार्यकर्ताओं ने दिन-रात एक करके असंभव को संभव में परिवर्तित कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जिन पार्षदों ने उन्हें वोट दिये, और जिन्होंने नहीं भी दिये, उनका वह दिल से आभार व्यक्त करती हैं। नगर निगम के रुके सभी विकास कार्य व वरीयता क्रम से कराने का प्रयास करेंगी।

### डंपिंग ग्राउंड की समस्या

उन्होंने कहा कि सबसे पहले वह डंपिंग ग्राउंड की समस्या के लिए प्लान तैयार करेंगी। उसके अलावा शहर के रूके हुए सभी विकास कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों के साथ बातचीत करके हल निकालने का प्रयास करेंगी।

### डाग्स व बंदरों की समस्या

मेयर नेक हा कि शहर के हर सेक्टर, कालोनियों ने स्ट्रेडाग्स की और बंदरों की भरमार है। वह हर रोज लोगों, खासकर छोटे बच्चों को हमला कर आंतकित करते रहते हैं। किंतु हमारे पाास ऐसा कोई कानूनी शक्ति नहीं है कि इनका खात्मा कर सकें। उन्होंने कहा कि इसके लिए केंद्र की सरकार के द्वारा कोई कानून पास कराकर कुत्तों का सफाया करने की योजना तैयार करेंगे। किंतु इसमें कुछ समय लगेगा।

### निगम को 93 करोड़ अतिरिक्त ग्रांट-इन-एड की घोषणा

उन्होंने कहा कि नगर प्रशासन की तरफ से आज ही नगर निगम को 93 करोड़ रुपये की ग्रांट इन एड मिली है। इससे निगम की वितीय संकट में फौरी तौर पर कुछ सुधार आयेगा। किंतु केंद्र के साथ व वित्तमंत्री, गृहमंत्री के साथ मीटिंग की वह शहर के लिए अतिरिक्त धन लेकर आयेंगी।

### केजरीवाल को मैसेस मिल गया, चंडीगढ़ से आप का सफाया

उन्होंने कहा कि नगर निगम और चंडीगढ़ से आम आदमी पार्टी का पूरी तरह से सफाया हो गया है। आने वाले चुनावों में आम आदमी पार्टी नाम का कोई राजनीतिक दल नहीं रहेगा। इसका असर दिल्ली विधानसभा के होने वाले चुनाव पर भी पड़ेगा। वहां भी भाजपा की जीत का परचम लहरायेगा।







मेयर पद पर जीत के बाद खुशी का इजहार करते देवेंद्र सिंह बबला, हरप्रीत कौर बबला व पारिवारिक सदस्य, मूंछों पर ताव देकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए देवेंद्र सिंह बबला। फोटो: अजीत कौशल

### जीत की खुशी



कांग्रेस अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की के साथ विजयी हुए सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी व डिप्टी मेयर तरुणा मेहता। फोटो: अजीत कौशल




डीगढ़ नगर निगम चुनाव में मेयर बनने के बाद हरप्रीत कौर बबला को पुष्पगुच्छ देकर बधाई देते हुए निगमायुक्त अमित व अन्य अधिकारी फोटो अजीत कौशल

### अरे... ये क्या हुआ भाई!



नगर निगम चुनाव में मेयर पद हारने के बाद कुछ इस अंदाज में दिखे सांसद मनीष तिवारी व गुरप्रीत सिंह गाबी। फोटो: अजीत कौशल



नगर निगम चुनाव में मेयर पद हारने के बाद मायूस दिखे गठबंधन के पार्षद एवं सांसद। फोटो: अजीत कौशल





नगर निगम चुनाव में मेयर पद हारने के बाद मायूस दिखे आप पार्षद व पूर्व मेयर कुलदीप कुमार, कांग्रेस पार्षद निर्माला देवी।

## न्यूज ब्रीफ

### शातिर चोर घर से ज्वैलरी लेकर फरार, केस दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** शातिर चोरों ने सैक्टर 49 स्थित एक घर को अपना निशाना बनाते हुए घर से ज्वैलरी का सामान चोरी कर फरार हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता सेक्टर 49 की रहने वाली पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया कि वह 24 जनवरी को अपनी मां के साथ अंडमान गई हुई थी।जब वह 29 जनवरी शाम के समय अपने घर लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है।और अंदर से घर का सारा सामान बिखरा हुआ है।घर में रखा एक डीएसएलआर कैमरा,डायमंड पेंडेंट,दो गोल्ड चैन,4 डायमंड रिंग,एक गोल्ड रिंग,और कुछ सिल्वर इयरिंग्स गायब थे। जिसके चलते घर में हड़कप मच गया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भाजपा के नेतृत्व में चंडीगढ़ और अधिक प्रगति की ओर बढ़ेगा: संजय टंडन

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** भाजपा नेता संजय टंडन ने चंडीगढ़ की नवनिर्वाचित मेयर हरप्रीत कौर बबला को बधाई दी। उन्होंने आशा व्यक्ति की भाजपा समर्थित मेयर बनने से चंडीगढ़ और अधिक प्रगति की ओर बढ़ेगा। चंडीगढ़ में भाजपा समर्थित मेयर बनना जनता का विश्वास और पार्टी की नीतियों की विजय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को साकार करने में चंडीगढ़ नगर निगम अपना पूरा योगदान देगा। चंडीगढ़ में स्वच्छता अभियान से संबंधित कार्यक्रमों के साथ केंद्र की योजनाओं को सीधा लागू करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को विकसित करने में केंद्र सरकार का पूरा फोकस है, अब केंद्रीय योजनाओं का जनता को सीधा लाभ पहुंचेगा। पिछले एक साल में विपक्षी दल आप का मेयर था, जिससे चंडीगढ़ के विकास की रफ्तार न केवल धीमी थी, बल्कि केंद्र सरकार की योजनाएं भी सिरे नहीं चढ़ पाई थी। अब भाजपा का मेयर होने से केंद्रीय योजनाओं को त्वरित लागू कर उन्हें अमलीजामा पहनाया जाएगा और केंद्र से अतिरिक्त फंड की भी मांग की जाएगी।

### महामुनि डॉ. विनय कुमार श्री 'आलोक' जी के 89वें जन्मदिवस पर राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने दी शुभकामनाएं

## धर्म, सद्भावना और मानवता के प्रसार में महामुनि जी का योगदान अनुकरणीय: राज्यपाल

कहा, अणुव्रत आंदोलन ने समाज सुधार में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

अर्थ प्रकाश संवाददाता



फोटो: अजीत कौशल



**चंडीगढ़, 30 जनवरी।** पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने महामुनि डॉ. विनय कुमार श्री ''आलोक'' जी के ८९वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित धर्म सद्भावना कार्यक्रम में भाग लिया। अणुव्रत समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने महामुनि जी के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनका जीवन धर्म, सद्भावना और मानवता के प्रसार का प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि जैन धर्म के मूल सिद्धांत अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह न केवल धार्मिक आस्था के आधार हैं, बल्कि यह समाज को सही दिशा देने वाले मूल्य भी हैं। उन्होंने कहा कि महामुनि डॉ. विनय कुमार श्री ''आलोक'' जी ने इन सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाकर समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने जैन धर्म के आध्यात्मिक एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी योगदान की सराहना करते हुए कहा कि जैन धर्म केवल मानवता के कल्याण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति और पर्यावरण के प्रति भी गहरी संवेदनशीलता रखता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब समाज हिंसा, भौतिकवाद और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब जैन धर्म के मूल सिद्धांत पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं।

राज्यपाल ने अणुव्रत आंदोलन की चर्चा करते हुए कहा कि यह आंदोलन समाज को भ्रष्टाचार, नशा और सांप्रदायिकता से मुक्त करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया था। उन्होंने कहा कि महामुनि डॉ. विनय कुमार श्री ''आलोक'' जी ने इस आंदोलन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अपने जीवनकाल में लगभग एक लाख किलोमीटर की पदयात्रा कर इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाया है। राज्यपाल ने कहा कि महामुनि जी का जीवन विशेष रूप से युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने युवाओं को महामुनि जी के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि सच्ची सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों में नहीं, बल्कि समाज के उत्थान में निहित है। उन्होंने कहा कि महामुनि जी का योगदान शिक्षा, सामाजिक न्याय, पर्यावरण संरक्षण और आध्यात्मिक उत्थान के क्षेत्र में अद्वितीय है। उनका जीवन ''वसुधैव कुटुंबकं '' के महान सिद्धांत का वास्तविक उदाहरण है, जो समाज को एकता, करुणा और प्रेम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। राज्यपाल ने धर्म सद्भावना कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अणुव्रत समिति को बधाई दी और समाज में शांति, एकता और सौहार्द की भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में प्रेम और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं और हमें धर्म की सही अवधारणा को आत्मसात करने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक गुरुओं, समाजसेवियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

### दैनिक अर्थ प्रकाश का विशेष संस्करण किया प्रस्तुत

चंडीगढ़ के प्रशासक एवं पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया की उपस्थिति में जैन मुनि श्री विनय कुमार जी 'आलोक' के जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित समारोह में दैनिक अर्थ प्रकाश का विशेष संस्करण प्रस्तुत किया तथा मुनि श्री को सम्मान पत्र देकर अभिनंदन करने का अवसर मिला।

## राज्यपाल ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 30 जनवरी।** पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने वीरवार को यहां पंजाब राजभवन में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसे पूरे देश में शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर राज्यपाल के साथ अतिरिक्त मुख्य सचिव के. शिव प्रसाद, प्रमुख सचिव विवेक प्रताप सिंह तथा पंजाब राजभवन के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने गांधीजी के प्रति सम्मान प्रकट करने तथा देश की आजादी के लिए लड़ने वाले और अपने प्राणों की आहुति देने वाले अन्य सभी शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखा।

## यूटी सचिवालय, सेक्टर-9 में मार्टियर्स दिवस पर रखा दो मिनट का मौन

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 30 जनवरी।** वीरवार को चंडीगढ़ प्रशासन ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वालों की याद में शहीद दिवस पर दो मिनट का मौन रखा। यूटी चंडीगढ़ सचिवालय, सेक्टर-9 के सामने सुबह 11.00 बजे से 11.02 बजे तक दो मिनट का मौन रखा गया, जहां सभी अधिकारी और कर्मचारी एकत्र हुए थे। इस अवसर पर चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव राजीव वर्मा के साथ चंडीगढ़ प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। यूटी चंडीगढ़ में, सभी कार्यशालाओं और कारखानों को जहां संभव हो वहां काम करना बंद करने का निर्देश दिया गया था, और सड़कों पर यातायात सुबह 11.00 बजे से 11.02 बजे तक 2 मिनट के लिए रुकने का निर्देश दिया गया था।

सम्पादकीय

# महाकुंभ में अनहोनी को होने से रोक सकती थी सरकार!

प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान मौनी अमावस्या पर भीड़ के अनियंत्रित होने से हुए हादसे में 30 श्रद्धालुओं की मौत बेहद दुखद है। महाकुंभ में कुछ दिन पहले ही आग लगने से टेंट जल गए थे, जिससे सम्पत्ति का नुकसान हुआ था, उस समय जनहानि नहीं होने पर राहत की सांस ली गई थी, हालांकि जैसे अनहोनी एक और दिन का इंतजार कर रही थी और मौनी अमावस्या पर जब देशभर से श्रद्धालुओं की भीड़ संगम तट पर पुण्य स्नान के लिए पहुंची तो यह भयंकर हादसा घट गया। जाहिर है, उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने इस बार महाकुंभ को अद्वितीय आयोजन किया है और पहली बार इतने बड़े पैमाने पर व्यवस्था की गई हैं। हालांकि सरकार और प्रबंधन कर्ताओं की ओर से भीड़ की संख्या का अंदाजा ही लगाया गया है, वास्तविक आंकड़े तो किसी के पास नहीं होंगे। इस हादसे के बाद सरकार ने न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। निश्चित रूप से सरकार ने जिन अधिकारियों की नियुक्ति मेले में लगाई है, यह उनकी लापरवाही की वजह से हुआ है, या फिर किसी की शरारत रही है, यह सब जांच का विषय है। हालांकि महाकुंभ में हुए इस हादसे ने पूरे देश की जनता को झकझोर दिया।

**इस बार आयोजन के बेहतरीन दावे और 144 साल बाद दुर्लभ अवसर होने की चर्चा की वजह से भी इस बार के महाकुंभ में जनता की रुचि बढ़ी है। हिंदू समाज और संस्कृति में नदी स्नान, दान और पूजा-पाठ का बेहद महत्व है, कुंभ का मेला ऐसा अवसर प्रदान करता है, जब यात्रा के साथ पूजा-पाठ और स्नान कार्य सभी एक साथ संपन्न किए जा सकते हैं। यही वजह है कि इस बार के महाकुंभ में भीड़ सभी संभावनाओं से कहीं ज्यादा होकर पहुंच रही है। मौनी अमावस्या पर तो हालात ऐसे रहे हैं कि प्रयागराज के आसपास की सड़कें कई किलोमीटर लंबे जाम की वजह से ठप हो गई। मेला ग्राउंड के आसपास के हालात भी उस समय बेकाबू हो गए थे, जब यहां मौनी अमावस्या पर लोग स्नान के लिए पहुंच रहे थे।**

इस बार आयोजन के बेहतरीन दावे और 144 साल बाद दुर्लभ अवसर होने की चर्चा की वजह से भी इस बार के महाकुंभ में जनता की रुचि बढ़ी है। हिंदू समाज और संस्कृति में नदी स्नान, दान और पूजा-पाठ का बेहद महत्व है, कुंभ का मेला ऐसा अवसर प्रदान करता है, जब यात्रा के साथ पूजा-पाठ और स्नान कार्य सभी एक साथ संपन्न किए जा सकते हैं। यही वजह है कि इस बार के महाकुंभ में भीड़ सभी संभावनाओं से कहीं ज्यादा होकर पहुंच रही है। मौनी अमावस्या पर तो हालात ऐसे रहे हैं कि प्रयागराज के आसपास की सड़कें कई किलोमीटर लंबे जाम की वजह से ठप हो गई। मेला ग्राउंड के आसपास के हालात भी उस समय बेकाबू हो गए थे, जब यहां मौनी अमावस्या पर लोग स्नान के लिए पहुंच रहे थे। यह पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के लिए चुनौतीपूर्ण है कि भीड़ को नियंत्रित किया जाए। हालांकि भगदड़ मचने की घटना के संबंध में कहा जा रहा है कि बैरिकेड पर भीड़ को रोकने के इंतजाम पर्याप्त नहीं थे और यहां भीड़ का रैला खुद को रोक नहीं पाया और इस दौरान कोई गिरा तो फिर वह उठ नहीं सका। गौरतलब है कि हादसे के बाद वहां के हालात बेहद मार्मिक थे और हर तरफ लोग जिनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा थी, बिखरे पड़े थे। इनमें काफी शव थे वहीं घायल भी थे। सामान बिखरा था और हर तरफ कोहराम मचा हुआ था, जब तक पुलिस ने बचाव कार्य शुरू किया, तब तक काफी देर हो चुकी थी।

महाकुंभ पर मेले के आयोजन को सफल बनाने के लिए योगी सरकार ने पूरा जोर लगाया है। देश और दुनिया में इस बार मेले की व्यापक चर्चा है। मेले की व्यवस्था को लेकर बहुत पहले से तैयारियां शुरू कर दी गई थी। हालांकि इसके बावजूद सरकार का प्रशासन भीड़ की संख्या के हिसाब से सचेत नहीं रह सका। माना जाता है कि अधिकारी सिर्फ निर्देश देने के लिए रह जाते हैं और यहां भी यही हुआ लगता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं एक धार्मिक व्यक्ति हैं और मेले में जब हादसे की वजह से श्रद्धालुओं की जान गई तो उनकी आंखें भर आई। जाहिर है, किसी भी संवेदनशील व्यक्ति के लिए यह बेहद दुखदायी ही होगा, और अगर वह प्रदेश का मुख्यमंत्री है तो उनकी यह जिम्मेदारी बनती है कि वे आयोजन को बगैर किसी हादसे के सम्पन्न कराएं। योगी आदित्यनाथ ने जहां जांच आयोग को एक माह में अपनी जांच रिपोर्ट शासन को सौंपने के निर्देश दिए हैं वहीं घटना की पुलिस जांच भी होगी। इसके अलावा जान गंवाने वालों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा भी राज्य सरकार ने की है।

वास्तव में यह हादसा एक सबक भी है, क्योंकि देश में बहुत बार ऐसी घटनाएं घट रही हैं, जब भगदड़ की वजह से मौतें हो रही हैं। इन घटनाओं के बावजूद महाकुंभ जैसे दिव्य और महा आयोजन में ऐसी चूक को रोकने के लिए कदम क्यों नहीं उठाए जाते। क्या यह माना जाए कि यूपी सरकार को इसका अंदाजा ही नहीं था कि भीड़ इतनी ज्यादा आ जाएगी। संभव है, जो इंतजाम थे वे एक नियंत्रित भीड़ के लिए थे, लेकिन मौनी अमावस्या जैसे विशेष अवसर पर लोगों की आने वाले संख्या का अंदाजा नहीं लगाया गया। इसके बाद ऐसे हादसे की आशंका को कैसे रोका जा सकता था। जांच आयोग की रिपोर्ट का सभी को इंतजार रहेगा, देखना होगा कि इसमें किसी अधिकारी को जिम्मेदार ठहराया जाता है या नहीं। हालांकि सरकारों को भीड़ को कंट्रोल करने पर भी अब ध्यान देना होगा।

# अनुबंध खेती कैसे कृषि उद्योग और किसानों दोनों के लिए है फायदेमंद

## भारत फ्रेंच फ्राइज़ का एक प्रमुख निर्यातक बनकर उभरा है, जिसका श्रेय सीधे उत्पादकों से आलू खरीदने वाली कंपनियों और किसानों की बढ़ती भागीदारी को जाता है

सन 1992 में, अमेरिकी प्रसंस्कृत खाद्य कंपनी लैम्ब वेस्टन ने भारत में स्टार होटलों को आपूर्ति करने के लिए जमे हुए फ्रेंच फ्राइज़ (एफएफ) का आयात करना शुरू किया। कनाडा की बहुराष्ट्रीय कंपनी मैककेन फूड्स ने चार साल बाद, मैकडॉनल्ड्स के लिए एकमात्र आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत में अपना पहला रेस्तरां खोला। जैसे जैसे आलू की खपत बढ़ी, वैसे-वैसे आयात भी बढ़ा। वर्ष 2000 के दशक के मध्य तक यह सालाना 5,000 टन को पार कर गया तथा वर्ष 2010-11 (अप्रैल-मार्च) में 7,863 टन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। लेकिन वर्ष 2023-24 में जब आयात व्यावहारिक रूप से बंद हो गया है, तब भारत ने वास्तव में 1,478.73 करोड़ रुपये मूल्य के 1,35,877 टन फ्रेंच फ्राइज़ (एफएफ) का निर्यात किया है। वर्ष 2024 अप्रैल-अक्टूबर के दौरान, निर्यात 1,06,506 टन था और इसकी कीमत 1,056.92 करोड़ रुपये थी।

यह बदलाव, एक आयातक से एक अत्यधिक पश्चिमी फास्ट-फूड उत्पाद के निर्यातक बनने तक, अवसरों का लाभ उठाने वाले घरेलू उद्यमियों के कारण संभव हो पाया है, जिन्होंने फ्रेंच फ्राइज़ बनाने के लिए उपयुक्त आलू की किस्मों के प्रसंस्करण और भारत में उनकी खेती की संभावनाओं का भी दोहन किया। भारतीय फ्रेंच फ्राइज़ निर्यात मुख्य रूप से दक्षिण पूर्व एशिया (फिलीपींस, थाईलैंड, मलेशिया, इंडोनेशिया और वियतनाम), मध्य पूर्व (सऊदी अरब, यूएई और ओमान) और यहां तक कि जापान और ताइवान किया जाता है। हाइफन फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हरेश करमचंदानी ने कहा, 'हम इन बाजारों के लिए वैकल्पिक आपूर्तिकर्ता बन गए हैं, जो पहले केवल यूरोप और अमेरिका से आयात करते थे।' अहमदाबाद मुख्यालय वाली इस कंपनी ने पिछले कैलेंडर वर्ष में भारत से निर्यात किए गए 1,75,000 टन फ्रेंच फ्राइज़ (एफएफ) में से लगभग 85,000 टन व साथ ही 12,000 टन आलू हैश ब्राउन में से 8,000 टन का निर्यात किया। अन्य प्रमुख निर्यातक इस्कॉन बालाजी फूड्स, फनवेव फूड्स और चिलफिल फूड्स (सभी गुजरात से) और अमेरिका स्थित जेआर सिम्पलॉट (इसका राज्य में भी एक प्लांट ) हैं।

भारत का फ्रेंच फ्राइज़ निर्यात की अनुमानित घरेलू खपत 100,000 टन से अधिक है। इसका लगभग 80फीसदी हिस्सा व्यवसायों (मैकडॉनल्ड्स, केएफसी और बर्गर किंग जैसी कंपनियों) को औसतन 125 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक्री से आता है और बाकी खुदरा क्षेत्र को 200 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेचा जाता है, जिससे कुल बाजार का आकार 1,400 करोड़ रुपये हो जाता है।

**टेबल बनाम प्रसंस्करण-ग्रेड:** भारत का आलू उत्पादन 60 मिलियन टन के आसपास है, जो चीन के 95 मिलियन टन के बाद दूसरे स्थान पर है। हालाँकि, इनमें से ज़्यादातर आलू सामान्य आलू होते हैं जिनका इस्तेमाल खाना पकाने और घर में खाने के लिए किया जाता है। इन 'टेबल' किस्मों में ज़्यादा नमी होती है और मुश्किल से 15-16 फीसदी सूखा पदार्थ होता है। इनमें उच्च अपचायक शर्करा (मुख्य रूप से ग्लूकोज) भी होती है, जो तब जमा हो जाती है जब कटे हुए कंदों को अंकुरित होने से बचाने के लिए 2-4 डिग्री सेल्सियस पर ठंडा करके रखा जाता है। अतिरिक्त चीनी के कारण तलने पर एफएफ या चिप्स काले पड़ जाते हैं। प्रोसेसिंग-ग्रेड आलू की किस्मों में 20-23 फीसदी सूखा पदार्थ होता है (जो कम ऊर्जा और तेल की खपत के साथ उच्च एफएफ/चिप्स रिकवरी को सक्षम बनाता है) और ताजे वजन के आधार पर 0.1 प्रतिशत से कम अपचायक शर्करा होती है (जिसके परिणामस्वरूप तैयार उत्पाद का रंग हल्का होता है)।

ऐसी किस्मों में फ्रेंच फ्राइज़ के लिए सैन्टाना, इनोवेटर, केनेबेक, कुफरी फ्राईसोना और कुफरी फ्रायओएम, और चिप्स के लिए लेडी रोसेटा और कुफरी चिप्सोना-1, 2, 3 और 4 शामिल हैं। जबकि सैन्टाना (एसटीईटी), इनोवेटर (एचजेडपीसी) और लेडी रोसेटा (मेइजर) के प्रजनक सभी नीदरलैंड की कंपनियां हैं, कुफरी किस्मों को सरकारी स्वामित्व वाले केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा विकसित किया गया है। एक किलोग्राम एफएफ उत्पादन के लिए लगभग 1.8 किलोग्राम आलू की आवश्यकता होती है, जबकि विशेष उत्पादों (जैसे हैश ब्राउन, बर्गर पैटीज, नगेट्स और आलू टिक्की) के लिए यह 1.5 किलोग्राम और निर्जलित आलू के गुच्छे (बीकानेरवाला, बालाजी वेफर्स और बीकाजी फूड्स जैसे भुजिया स्नैक निर्माताओं द्वारा उपयोग किए जाते हैं) में 6 किलोग्राम की आवश्यकता होती है।

**अनुबंध खेती मॉडल:** वर्ष 2023-24 में 1,320 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज करने वाली हाईफन फूड्स ने गुजरात के मेहसाणा जिले में अपने संयंत्रों में 17 टन/घंटा एफएफ, 2.7 टन/घंटा स्पेशलिटी और 3.6 टन/घंटा आलू के गुच्छे के उत्पादन के लिए लगभग 700 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

लेकिन साल भर के संचालन के लिए कच्चे माल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की तुलना में प्रसंस्करण क्षमता बनाना आसान है। यहीं पर अनुबंध खेती की बात आती है। वर्ष 2023-24 के मौसम में आलू अक्टूबर-नवंबर में बोया जाता है और फरवरी-मार्च में काटा जाता है। हाइफ़न ने गुजरात के बनासकांठा, साबरकांठा, गांधीनगर और मेहसाणा जिलों के 6,000 किसानों से 300,000 टन आलू खरीदा। मौजूदा सीजन में कंपनी की योजना गुजरात के 30,000 एकड़, मध्य प्रदेश के 1,500 एकड़ और उत्तर प्रदेश के 500 एकड़ में खेती करने वाले 7,250 किसानों से 400,000 टन गेहूं खरीदने की है। हाइफन की किसान संपर्क शाखा हाइफार्म के प्रमुख एस. सौंदराराजाने ने कहा, 'हमारा लक्ष्य वर्ष 2027-28 तक 80,000 एकड़ में खेती करने वाले 20,000 किसानों से दस लाख टन गेहूं खरीदना है।'

हाइफ़न किसानों को अगले महीने से कटने वाली फसल के लिए 13.8 रुपये प्रति किलोग्राम की पेशकश कर रहा है। यह कीमत, रोपण से पहले सितंबर में अनुबंधित की गई और खेत पर भुगतान योग्य है, 40 मिमी से अधिक व्यास वाले आलू के लिए है । बड़े आयताकार आकार के कंद जो एफएफ बनाने के लिए आदर्श हैं। कंपनी फ्लेक्स में प्रसंस्करण के लिए छोटे आकार के कंद और कम 8 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर भी स्वीकार करती है। 'अनुबंध खेती अच्छी तरह से काम करती है, क्योंकि हमारे उत्पाद की कीमत या विपणन पर कोई अनिश्चितता नहीं है। हम उत्पादन और फसल की पैदावार के साथ-साथ गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं,' अल्पेश नवीनभाई पटेल, जो 180 एकड़ (21 एकड़ खुद के और बाकी पट्टे पर) पर सैन्टाना किस्म की खेती करते हैं, ने बताया। 43 वर्षीय पटेल साबरकांठा के प्रांतिज तालुका के सोनासन गांव के कई लोगों में से एक हैं, जो कुल 3,900 एकड़ में आलू की खेती करते हैं और उसमें से 3,000 एकड़ विशेष रूप से हाइफन के लिए है।

**बीज से शेल्फ तक:** अनुबंध खेती सिर्फ सुनिश्चित कीमत और खरीद से कहीं आगे की बात है। इसका मतलब खेत पर किसानों की भागीदारी को और गहरा करना भी है। हाइफन अपने किसानों को सैंटाना, फ्राइसोना और फ्रायओएम आलू के अच्छे गुणवत्ता वाले रोग-मुक्त बीज उपलब्ध कराता है। यह टिशू-कल्चर लैब में उगाए गए अपने छोटे कंदों को बीज-आलू कंपनियों- आईटीसी टेक्निको एग्री साइंसेज, महिंद्रा एचजेडपीसी और केएफ बायोटेक से प्राप्त करता है। इन्हें पहले हाइफन के कॉरपोरेट फार्मों के 250 एकड़ से अधिक क्षेत्र में और फिर पंजाब, हरियाणा और यूपी में अनुबंधित बीज उत्पादकों के माध्यम से दो पीढ़ियों में उगाया जाता है। तीसरी पीढ़ी के बीज को पटेल जैसे किसान हाइफन को वाणिज्यिक आलू के रूप में वापस आपूर्ति करने के लिए लगाते हैं। सौंदरारादजाने ने दावा किया कि वर्ष '2026 तक पंजाब में हमारे पास मिनी-कंदों के उत्पादन के लिए अपनी ग्रीनहाउस सुविधा होगी, जिसमें मिट्टी रहित एरोपोनिक्स और स्टरलाइज़्ड कोकोपीट मीडिया तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इससे हमारी पीढ़ी-शून्य रोपण सामग्री की लागत आधी हो जाएगी।'हाइफन किसानों के साथ मिलकर उनके खेती की लागत कम करने के लिए भी काम कर रहा है। पटेल आलू बोने से पहले अपनी मिट्टी में जैविक कार्बन और पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ाने के लिए मानसून के दौरान 60-65 दिनों तक हरी खाद वाली फलीदार फसल के रूप में ग्वार और ढैंचा उगाते हैं। पिछले साल उन्होंने प्रति एकड़ औसतन 13.5 टन आलू की फसल ली थी। 13.8 रुपये प्रति किलोग्राम की कीमत और 85,000-90,000 रुपये की उत्पादन लागत के हिसाब से उनका प्रति एकड़ मुनाफा 96,300-101,300 रुपये होता है। इस सीजन में, हाइफन ने 48 इंच की क्यारी की चौड़ाई (सामान्य चार पंक्तियों और 60 इंच की ज्यामिति के बजाय) में दो पंक्तियों में बीज-आलू लगाने के लिए 'हाइफार्म पाठशाला' आयोजित किए हैं और साथ ही 5.5-6 इंच की गहराई पर (अभी 4.5 इंच की जगह) पर भी लगाना दिखाया। इससे बीज (25 से 19 बैग प्रति एकड़), उर्वरक (20 प्रतिशत तक) और पानी (50 प्रतिशत तक, दो पंक्तियों के बीच केवल एक पार्श्व ड्रिप लाइन की आवश्यकता के कारण, चार के बीच दो की आवश्यकता के कारण) की आवश्यकता कम हो गई है, बिना पैदावार को प्रभावित किए भी दिखाया।

पटेल ने कहा कि, '1,560 रुपये प्रति बैग के हिसाब से आज मेरे बीज की कीमत अकेले 39,000 रुपये प्रति एकड़ है। अगर मैं 6 बैग कम बीज, 2 बैग डाइ-अमोनियम फॉस्फेट और म्यूरेट ऑफ पोटाश (3 से) और 2 बैग यूरिया (2.5 से) का इस्तेमाल करता हूं, तो इससे प्रति एकड़ 12,500 रुपये की बचत होगी। यह मेरे आलू के लिए 0.9 रुपये प्रति किलोग्राम अधिक भुगतान किए जाने के बराबर है।' आगे बढ़ते हुए, बिचौलियों के बजाय सीधे किसानों से उपज प्राप्त करना, कुछ ऐसा है जो आम तौर पर कृषि-कंपनियों को करना पड़ सकता है। बीज से लेकर शेल्फ तक का दृष्टिकोण प्रासंगिक है, खासकर जब वैश्विक बाजारों में बिक्री की जाती है, जहां लागत प्रतिस्पर्धा और उत्पाद की गुणवत्ता समान रूप से मायने रखती है।

**लेखक- हरीश दामोदरन**
**वरिष्ठ विश्लेषक**

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### ज्ञानचंद धुरीवाला ने चुनाव में नया रिकार्ड कायम किया

चंडीगढ़। पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय बार संघ के हुए चुनावों में ज्ञानचंद धुरीवाला ने लगातार चौथे वर्ष भी अध्यक्ष पद जीत कर संघ के 41 वर्ष पुराने इतिहास में नया अध्याय जोड़ दिया है। अभी तक कोई भी लगातार 4 वर्ष तक इस पदपर मनोनीत नहीं हुआ है। इसचुनाव की मुख्य विशेषता धुरीवाला की ओर से भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री श्री जगन्नाथ कौशल को चित करना था। चंडीगढ़ से दो बार लोकसभा का चुनाव जीत चुके श्री कौशल और एक लंबर अर्से तक संघ के सदस्य बने रहने के बावजूद यह साधारण चुनाव भी जीत न पाये उन्हें मात्र 281 वोट मिले जबकि धुरीवाला ने 417 वोट प्राप्त करके यह जीत प्राप्त की। इतना अंतर रहने से बावजूद राजनैतिक क्षेत्रों में यह आम चर्चा है कि श्री कौशल जैसे वरिष्ठ व्यक्ति कोयह चुनाव लड़ना ही नहीं चाहिए था। उनकी हार पहले से ही निश्चित हो गई थी क्योंकि श्री एसडी शर्मा के चुनाव मैदान में उतर जाने से इंका के समर्थित मतदाता दो गुट में बट गए थे।

### धानक महासभा का पुनर्गठन

चंडीगढ़। धानक महासभा (रजि.) चंडीगढ़ का पुनर्गठन किया गया जिसके पदाधिकारी निम्न है। धर्मपाल सोलंकी मुख्य सलाहकार, टेकराम दुग्गल प्रधान, सुरत सिंह नागर उपप्रधान, धर्मजीत सिंह इंदौरा महासचिव इत्यादि शामिल है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1989 - कोलंबियाई विमान का अपहरण कर 122 लोगों सहित अपहृत कर कोस्टारिका ले जाया गया।

1992 -28 देशों द्वारा क्रोएशिया एवं स्लोवानिया को मान्यता; न्यूयार्क में सुरक्षा परिषद का पहला शिखर सम्मेलन।

1995 - इस्रायल एवं जार्डन के मध्य हुई शांति संधि के परिणामस्वरूप इस्रायल ने अधिकृत सीमावर्ती क्षेत्र जार्डन के सुपुर्द किया।

1996 - श्रीलंका में आत्मघाती हमले में 86 की मौत, 1400 घायल।

1998 - मार्टिना हिंगिस ने कोंचिता मार्टिनेज को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियनशिप जीती।

1999 - अर्मिनिया की सुंदरी गोहर अरुथ्यूनियम मिस कॉमनवेल्थ 1999 चुनी गईं, येवगेनी काफ़ेलनिकोव (रूस) ने पुरुषों का आस्ट्रेलियन ओपन टेनिस का एकल ख़िताब जीता।

2000 - हवाला केस के सभी आरोपी बरी।

2002 - झारखंड के राज्यपाल प्रभात कुमार ने इस्तीफ़ा दिया।

2004 - पाकिस्तानी परमाणु कार्यक्रम के जनक डाक्टर अब्दुल कादिर ख़ान प्रधानमंत्री के विशेष सलाहकार पद से बर्खास्त।

2005 - जनरल जोगिंदर सिंह नए सेना प्रमुख बने। बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे से एक दिवसीय श्रृंखला 3-2 से जीती।

2007 - भारतीय स्टील कम्पनी टाटा, एंग्लो डच इस्पात कम्पनी कोरस के अधिग्रहण के बाद विश्व की पांचवी बड़ी कम्पनी बनी।

2008 - उत्तर प्रदेश को पाँच वर्ष के भीतर बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य की मुख्यमंत्री मायावती ने 6168 करोड़ रुपये की विद्युत परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। केन्द्र सरकार ने 'भारतीय स्टेट बैंक' के राइट इश्यू के ज़िरये लगभग 10 हज़ार करोड़ रुपये जुटाने की मंज़ूरी दी।

## बोल ब्यूटीफुल



**संकेत उपाध्याय:** वीवीआइपी दर्शन का मामला हमारे मंदिरों और धार्मिक स्थलों में एक बीमारी की तरह फैल गया है। यह महाकुंभ में भी दिखा। भगदड़ की दुखद खबर आई। वक्त की पुकार है वीवीआईपी मुक्त कुंभ,वीवीआईपी मुक्त मंदिर।

**सुशील दोशी:** घरेलू क्रिकेट की नाक रणजी ट्राफी में बड़े-बड़े सितारा खिलाड़ियों के मैदान में उतरने से मुकाबलों में नई जान आ गई है। दर्शकों में उत्साह बढ़ा है। कुछ दिन पहले जम्मू-कश्मीर की टीम ने सितारों से सजी मुबई को उसके मैदान पर ही मात दी थी।

## सतरंगी पर्दा

# शाहरुख खान के साथ काम करना चाहती हैं अब दिलबर आर्या

### 'मधनिया' में नव बाजवा



पंजाबी फिल्म 'मधनिया' ने अब तक के सबसे रोमांचक सिनेमाई अनुभव का संकेत दिया है। हाल ही में जारी हुए इसके पोस्टर ने बहुत उम्मीदें भी जगा दी हैं। इस फिल्म में डेलबार आर्या अपनी सबसे प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी, जबकि नव बाजवा भी उनके साथ हैं। फिल्म एक गहरी और आकर्षक कहानी पेश करने का वादा करती है।

अपनी परफॉर्मेंस और स्क्रीन प्रजेंस के लिए जानी जाने वाली डेलबार आर्या और नव बाजवा 'मधनिया' के साथ बड़े पर्दे पर दर्शकों को एक भावनात्मक और गहरे सफर पर ले जाने के लिए तैयार हैं। फिल्म के पोस्टर ने दर्शकों में यह जिज्ञासा पैदा कर दी है कि उनकी भूमिकाएं कैसी होंगी? इस फिल्म में डेलबार का रूपांतरण सबसे बड़े आकर्षण के रूप में सामने आने की संभावना है। नव बाजवा, जिनकी आकर्षक उपस्थिति है, डेलबार के साथ शानदार ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री का संकेत देते हैं। उनकी आत्मविश्वासपूर्ण छवि फिल्म के माहौल में और भी गहराई जोड़ती है। फिल्म बताती है कि 'मधनिया' में प्यार, सहनशीलता और व्यक्तिगत विकास जैसे मुद्दों की खोज की जाएगी। कुल मिलाकर यही कि डेलबार और नव की जोड़ी ने पहले ही दर्शकों के बीच हलचल मचा दी है।

फिल्म में एक मजबूत सहायक कास्ट है, जिसमें अनुभवी अभिनेता जैसे गुरप्रीत घुग्गी, करमजीत अनमोल और निर्मल ऋषि शामिल हैं, जिनके प्रदर्शन से कहानी को और भी गहराई मिलने की उम्मीद है। पूनम ढिल्लों भी फिल्म में अहम भूमिका निभाएंगी, जो इस प्रोजेक्ट में अपनी खास चमक जोड़ेंगी। नव बाजवा द्वारा लिखित और निर्देशित 'मधनिया' पारंपरिक पंजाबी तत्वों को आधुनिक कहानी कहने की तकनीकों के साथ मिला कर दर्शकों को एक नया अनुभव देने का वादा करता है। पंजाब के ग्रामीण परिवेश में सेट यह फिल्म गहरे ड्रामा और भावनात्मक प्रभाव के साथ पेश की जाएगी।

'मधनिया' का वितरण पैनोरमा स्टूडियोज करेगा, जिससे यह फिल्म दुनियाभर में रिलीज होगी। उम्मीद की जा रही है कि प्रतिभाशाली कास्ट, दिलचस्प कहानी और मजबूत वितरण के साथ, 'मधनिया' पंजाबी सिनेमा में एक गहरी छाप छोड़ने के लिए तैयार है।

### अक्षय ने की तारीफ



पंजाबी पुत्त बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मोटापे से लड़ने की मुहिम की तारीफ की। मोदी का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा किया गया। इस वीडियो में मोदी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की बात कर रहे थे, ताकि मोटापे पर काबू पाया जा सके। अक्षय ने प्रधानमंत्री के शब्दों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने जो बात कही, वह बिल्कुल सही है।

अक्षय ने वीडियो साझा करते हुए लिखा, ÷कितनी सही बात कही...मैं यह वर्षों से कह रहा हूं... मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री ने इसे इस तरह से व्यक्त किया। स्वास्थ्य है तो सब कुछ है। उन्होंने मोटापे से लड़ने के सबसे बड़े हथियार के बारे में भी बात की।

अक्षय ने कहा, पर्याप्त नींद, खुली हवा, सूरज की रोशनी, प्रोसेस्ड फूड को छोड़कर और तेल की बजाय घी के इस्तेमाल से मोटापे से लड़ा जा सकता है। उन्होंने आगे कहा, 'चलते रहें.... किसी भी प्रकार का वर्कआउट करें, लेकिन जरूर करें। नियमित एक्सरसाइज आपकी जिंदगी बदल सकती है। मुझ पर भरोसा रखें और फिर से शुरुआत करें। जय महाकाल।' इस पोस्ट में उन्होंने नरेंद्र मोदी को भी टैग किया है।

### निम्रत की 'स्काई फोर्स'



फिल्म 'स्काई फोर्स' में पंजाबी कुड़ी निम्रत कौर छा गई हैं। फिल्म की स्टारकास्ट की बात करें तो इसमें अक्षय और वीर के साथ सारा अली खान भी हैं। फिल्म का निर्देशन अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने किया है। फिल्म में शरद केलकर, वरुण बडोला, मनीष चौधरी और मोहित चौहान भी सहायक भूमिकाओं में हैं।

'स्काई फोर्स' की कहानी दर्शकों के दिलों को छूने में सफल रही है। फिल्म में पंजाबी पुत्त अक्षय कुमार के साथ वीर पहाड़िया भी हैं। दोनों की अदाकारी दर्शकों को काफी पसंद आई है।

इस फिल्म ने अक्षय कुमार के किस्मत के सितारे बदल दिए हैं। पिछले काफी समय से उनकी फिल्में अच्छा कारोबार नहीं कर पा रही थीं। लेकिन 2025 खिलाड़ी कुमार के लिए खुशियों भरी सौगात लेकर आया है। इस फिल्म ने पहले दिन में शानदार प्रदर्शन करते हुए 62.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।

### जयदीप अहलावत की इच्छा



हरियाणवी गबरू जयदीप अहलावत अब रोमांटिक फिल्में करना चाहते हैं। अहलावत ने हाल ही में अपनी यह इच्छा जाहिर की है। अहलावत इन दिनों अपनी मोस्ट अवेटेड वेब सीरीज 'पाताल लोक 2' को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें वे हाथीराम चौधरी का रोल निभाते दिख रहे हैं।

ऑडियंस और क्रिटिक्स की तरफ से 'पाताल लोक' सीजन 2 को अच्छा रिस्पॉन्स मिला है और अब अहलावत ने अपने इंटरव्यू में काफी कुछ बताया है। हालांकि, फिलहाल इस वक्त उनके इस इंटरव्यू का प्रोमो सामने आया है, जो काफी दमदार है।

जयदीप अहलावत ने इस इंटरव्यू में 'पाताल लोक सीजन 2' से लेकर अपने हरियाणवी मूल, साउथ इंडियन फिल्में, रोमांटिक फिल्में और ट्रोल्स को लेकर भी बातें की हैं। साथ ही उन्होंने कहा है कि वे अब रोमांटिक फिल्में भी करना चाहते हैं।

### डेलबर आर्या की इच्छा



अभिनेत्री डेलबर आर्या, जो पंजाबी फिल्मों और कई म्यूजिक वीडियो में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं, अब बॉलीवुड के किंग खान, शाहरुख खान के साथ काम करने का सपना देख रही हैं। हाल ही में, उन्होंने अपनी इस इच्छा को जाहिर किया और एक नए प्रोजेक्ट को लेकर संकेत भी दिया। अपनी बेहतरीन प्रतिभा, कड़ी मेहनत और विश्वास की ताकत से डेलबार आर्या निश्चित रूप से एक उभरती हुई स्टार हैं।

डेलबरआर्या ने कहा, 'मैं हमेशा से शाहरुख खान की प्रशंसा करती आई हूं, न केवल एक अभिनेता के रूप में, बल्कि उनकी शानदार जर्नी के लिए भी, जो उनकी कड़ी मेहनत का प्रमाण है। मैं हमेशा से बड़े सपने देखती हूं और मुझे अपने लक्ष्यों को पाने की शक्ति पर विश्वास है। शाहरुख खान के साथ काम करना मेरी सबसे बड़ी ख्वाहिशों में से एक है। उनकी पर्सनालिटी, प्रोफेशनलिज्म और लोगों से जुड़ने की क्षमता, उन्हें एक ड्रीम को-स्टार बनाती है। मैं सच में उनकी उस मशहूर लाइन पर विश्वास करती हूं - 'अगर किसी चीज़ को शिद्दत से चाहो तो पूरी कायनात उसे तुमसे मिलाने की कोशिश में लग जाती है।' मैं महसूस कर सकती हूं कि यह जल्द ही सच होने वाला है।

आर्या के इस बयान ने उनके फैंस के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। अगर यह प्रोजेक्ट सच होता है तो यह उनके करियर का एक बड़ा मुकाम होगा। डेलबर अपने सपनों को पूरा करने और सीमाओं को पार करने में विश्वास रखती हैं। उनके फैंस इस सपने के सच होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह सिर्फ एक ख्वाहिश है या फिर किसी बड़े प्रोजेक्ट की झलक, यह आने वाला वक्त बताएगा। इतना तो तय है कि डेलबर की मेहनत और शाहरुख खान का जादू मिलकर एक यादगार सिनेमा अनुभव बना सकते हैं।

जहां फैंस इस खबर की पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं, वहीं डेलबर आर्या का भविष्य काफी रोमांचक नजर आ रहा है। अपने हर किरदार को वास्तविकता और आकर्षण से भरने की कला के लिए पहचानी जाने वाली डेलबर आने वाली फिल्मों में अपनी एक्टिंग की एक नई झलक दिखाने वाली हैं।

**प्रस्तुतिः सुमित्रा**

# हरियाणा के लिए 2025-26 हेतु नाबार्ड ने घोषित किया 3.14 लाख करोड़ रुपये का क्रेडिट प्लान

## कृषि, एमएसएमई और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों से मिलेगी आर्थिक विकास को गति

मुख्य सचिव ने किया स्टेट फोकस पेपर का विमोचन

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 30 जनवरी।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने हरियाणा में प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के तहत वर्ष 2025-26 के लिए 3.14 लाख करोड़ रुपये की ऋण संभाव्यता का आकलन किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37.64 प्रतिशत अधिक है। कृषि, एम.एस.एम.ई., शिक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा आदि प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के अंतर्गत ऋण संभाव्यता की क्रमशः 35.60 प्रतिशत, 57.12 प्रतिशत और 7.28 प्रतिशत हिस्सेदारी का आकलन किया गया है।

हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने आज यहां राज्य क्रेडिट सेमिनार के दौरान नाबार्ड के स्टेट फोकस पेपर (एस.एफ.पी.) का विमोचन किया। कृषि, एम.एस.एम.ई., शिक्षा और नवीकरणीय ऊर्जा आदि प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए ऋण संभाव्यता का आकलन करने के लिए नाबार्ड के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह किसान कल्याण और ग्रामीण विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। सरकार राज्य में फसल विविधिकरण, जलवायु-अनुकूल कृषि, झींगा पालन और सब्जी कलस्टरों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने बैंकों, सरकारी विभागों, नाबार्ड, एस.एल.बी.सी., शैक्षणिक संस्थानों समेत सभी हितधारकों से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए समन्वित प्रयास करने का भी आग्रह किया।

मुख्य सचिव ने कहा कि यह स्टेट फोकस पेपर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए इस वर्ष चलाई जाने वाली गतिविधियों के लिए एक बेंचमार्क और मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने कहा हरियाणा कृषि में हमेशा आगे रहा है और देश की खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हमारे किसानों ने अपने अथक प्रयासों से प्रदेश को 'देश की ब्रैड बास्केट' बना दिया है। हालांकि, हमें घटते भूजल, कम होती भूमि जोत, एम.एस.एम.ई. क्षेत्र की वृद्धि और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों को स्वीकार करते हुए, इनके लिए तत्काल और अभिनव समाधान खोजने की आवश्यकता है। राज्य सरकार द्वारा इन चुनौतियों से निपटने कई योजनाएं चलाई जा रही हैं और किसानों को प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है।

डॉ. जोशी ने कहा कि फसल ऋण की वृद्धि को बनाए रखने के लिए, कृषि उत्पादकता बढ़ाकर, फसल विविधीकरण, सभी पात्र किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड देकर, विस्तारित केसीसी योजना का सही ढंग से कार्यान्वयन करके, किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत शामिल करके और जैविक खेती आदि के माध्यम से कम भूमि से अधिक उत्पादन और प्रति बूंद अधिक फसल के लिए ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। सामूहिक प्रयासों और उपज के एकत्रीकरण के लिए किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। अधिक विविधीकरण पर जोर देने के साथ ही एकीकृत कृषि प्रणाली (आईएफएस) को लोकप्रिय बनाया जाना चाहिए। उन्होंने मध्य प्रदेश और तमिलनाडु जैसे राज्यों की तरह ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से केसीसी प्रक्रिया को डिजिटल बनाने का भी आह्वान किया।

मुख्य सचिव ने कहा कि पैक्स के संचालन में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए, केंद्र सरकार ने पैक्स कम्प्यूटरीकरण परियोजना शुरू की है, जिसमें नाबार्ड राष्ट्रीय कार्यान्वयन इकाई है। हरियाणा में, 710 पैक्स को इस योजना के तहत कवर किया जा रहा है। इसी तरह, नाबार्ड द्वारा एच.एस.सी.ए.आर.डी.बी. और 19 डी.पी.सी.ए.आर.डी.बी. सहित कृषि ग्रामीण विकास बैंकों के लिए डिजिटलीकरण परियोजना भी लागू की जा रही है। केन्द्र सरकार की एम-पैक्स योजना को आगे बढ़ाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार नाबार्ड के विजन के साथ पूरी तरह से जुड़ी हुई है। राज्य सरकार ऋण और बाजारों तक पहुंच बढ़ाने के लिए सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं, वित्तीय साक्षरता अभियानों और डिजिटल पहल जैसे कार्यक्रमों को तत्परता रूप से लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए निर्धारित ऋण लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वंचित क्षेत्र और समुदाय पीछे न छूट पाएं।

नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निवेदिता तिवारी ने बताया कि नाबार्ड सभी हितधारकों से व्यापक विचार-विमर्श कर हरियाणा के प्रत्येक जिले के लिए ऋण संभाव्यतायुक्त योजना (पी.एल.पी.) तैयार करता है। सभी 22 जिलों की इन योजनाओं में अनुमानित ऋण संभाव्यता का समेकन कर पूरे राज्य के प्राथमिकता क्षेत्र के लिए कुल 3.14 लाख करोड़ रुपये की ऋण संभाव्यता का आकलन किया गया है। उन्होंने नाबार्ड द्वारा प्रदेश के सभी जिलों के लिए तैयार की गई ऋण संभाव्यता को अग्रणी बैंकों द्वारा तैयार जिला ऋण योजना के साथ जोड़ने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

उन्होंने हरियाणा के कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों को पेश आने वाली चुनौतियों का समाधान करने तथा किसानों और ग्रामीणों को लाभान्वित करने वाले स्थायी समाधानों को ब?ावा देने के लिए नाबार्ड की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन प्रत्येक विकास पहल का केंद्रीय बिन्दु होता है। इसी दिशा में, विशेष रूप से प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) के कम्प्यूटरीकरण और ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल एटीएम और बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट के विस्तार, डिजिटल साक्षरता और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए नाबार्ड, बैंकों के साथ मिलकर निरंतर प्रयास कर रहा है।

स्वयं सहायता समूहों के लिए विपणन के अवसर बढ़ाने के लिए, नाबार्ड ने एन.आर.एल.एम. के साथ एक समझौता किया है। इसी कड़ी में, हरियाणा एस.आर.एल.एम. के साथ मिलकर नाबार्ड द्वारा राज्य में एस.एच.जी. उत्पादों के विपणन के लिए कई परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। इसके अलावा, नाबार्ड अपने कृषि क्षेत्र प्रोत्साहन फंड (एफ.एस.पी.एफ.) के माध्यम से सतत कृषि को बढ़ावा दे रहा है और इस इसके लिए राज्य में अनेक पायलट परियोजनाएं भी चला रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### बापू के बलिदान दिवस पर गांधी मैमोरियल पर लटक रहा ताला



**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** कर्ण नगरी का वह स्थान जहां पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान के बाद पहली श्रद्धांजली सभा 30 जनवरी को आयोजित की गई थी। जिसमें स्वतंत्रता सेनानी बावू मूलचंद्र जैन सहित तमाम स्वतंत्रता सेनानी शामिल हुए थे। जहां पर बापू का अस्थि कलश रखा गया था। जहां पर स्तंत्रता सेनानियों की सभाएं होती थीं। वहां पर आज महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर ताला लटका रहा। इस भवन को कांग्रेसतो कांग्रेस दूसरे लोग भी भूलते नजर आए। इस भवन को स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय बनाने का एंलान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किया था। लेकिन उनके सत्ता से हटने के बाद इस संग्रहालय की फाइल ठंडे बस्ते में चली गई। यहां पर भाजपा सरकार अब तक इसे ठंडे बस्ते में डाले हुए हैं। यह भवन पुरातत्व विभाग ने अधिग्रहित कर ताला लटकादिया हैं। इस भवन की स्थापना 1901 में महारानी विक्टोरिया जब आई थी। तब उनके नाम पर टाउन हाल बनाया गया था। उस समय इसका नाम विक्टोरिया हाल रखा गया। आजादी के बाद इस हाल को गांधी मेमोरियल कहा गया। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के संरक्षक तथा स्वतंत्रता सेनानी बाबू मूलचंद्र जैन के पुत्र अशेक जैन एडवोकेट ने बताया कि उन्होंने इस दिशा में काफी प्रायास किए। यहां पर स्वतंत्रता सेनानियों की याद मेंसंग्रहालय की मांग को लेकर 15 साल पहले धरना भी दिया गया। तत्कालीन हुड्डा सरकार से मांग भीकी गई। इस भवन को देखने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा खुद आए थे। उन्होंने यहां पर संग्रहालय बनाने के आदेश दिए। बाद में इस भवनको पुरातत्व विभाग को सौप दिया गया। इस भवन को संवारातो गया। लेकिन अभी तक यहां पर गुलामी के चिन्ह बने हुए हैं। यहां पर अभी भी विक्टोरिया हाल बना हुआ हैं। इस नाम की तख्ती लगी हुई हैं। उन्होंने बताया कि संगठन के अध्यक्ष नरेंद्र सुक्खन ने भी इस भवन में संग्रहालय बनाने के लिए प्रायास किए।

### कोर्ट में तैनात क्लर्क की रेल की चपेट में आने से मौत

**करनाल (अप्रस)।** करनाल रेलवे स्टेशन पर आज एक दर्दनाक हादसे में सेना से रिटायर जवान कृष्ण लाल की मौत हो गई द्य मृतक इस समय इंद्री कोर्ट में क्लर्क के रूप में कार्यरत था। हादसे के वक्त कृष्ण लाल को बचाने की कोशिश करने वाला व्यक्ति भी ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया द्य ट्रेन की स्पीड इतनी तेज थी कि सम्भलने का मौका ही नहीं मिला और कृष्ण की मौके पर ही मौत हो गई। थाना जीआरपी के जांच कर्मचारी सुशील कुमार ने बताया कि सुबह के समय शाने पंजाब एक्सप्रेस ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 2 पर खड़ी हुई थी जैसे ही सवारियाँ ट्रेन में से उतरने लगी तभी एक सवारी गलत साइड से उतरकर लाइन पार करने लगा तभी दूसरी तरफ से शताब्दी एक्सप्रेस आ रही थी। ट्रेन ने उस दौरान हॉर्न भी बजाए लेकिन व्यक्ति को सुनाई नहीं दिया और शताब्दी ट्रेन की चपेट में आ गया एक अन्य व्यक्ति ने मृतक को आवाज लगाकर रोकने का प्रयास भी किया लेकिन ट्रेन से टकराने के बाद उसी व्यक्ति से टकरा गया जिनमे एक व्यक्ति कृष्ण लाल की मौके पर मौत हो गई और बचाने वाला व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जांच कर्मचारी सुशील कुमार ने बताया मृतक की पहचान कृष्ण लाल के रूप में हुई है जो मयूर विहार सोनीपत का रहने वाला है और इंद्री कोर्ट में क्लर्क के पद पर तैनात था मृतक को बचाने वाले दूसरे व्यक्ति का कल्पना चावला मेडिकल अस्पताल में इलाज चल रहा है घायल व्यक्ति अपने साथियों के साथ श्री हरमिंदर साहब माथा टेकने जा रहा था।

### वरिष्ठ पत्रकार योगेंद्र शर्मा के पिता सूरजमल की श्रद्धांजलि सभा 5 फरवरी को

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** चंडीगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार योगेंद्र शर्मा के पिता सूरजमल की श्रद्धांजलि सभा 5 फरवरी बुधवार को दोपहर 2 बजे श्रीरामलीला भवन, रामलीला मैदान कस्बा सरधना जिला मेरठ यूपी में होगी। बता दें कि योगेंद्र शर्मा व पत्रकार अनुज शर्मा के स्वर्गीय पिताश्री सूरजमल शर्मा मेरठ के मूल निवासी थे और सुप्रसिद्ध समाजसेवी, लेखक, समीक्षक थे। उनका 25 जनवरी शनिवार को निधन हो गया था। उनके निधन के बाद में उनका अंतिम संस्कार उपमंडल सरधना में किया गया था। सूरजमल शर्मा धार्मिक संस्थाओं के साथ-साथ बचपन और युवा अवस्था में आरएसएस के स्वयंसेवक व भारतीय जनता पार्टी के विगत लगभग 40 वर्षों से सक्रिय सदस्य रहे। बाद में लंबे समय तक कांग्रेस में रहे। शर्मा करीब 74 वर्ष के थे और वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। सूरजमल शर्मा अनेक सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं से भी जुड़े रहे। निर्भीक लेखनी के धनी सूरजमल शर्मा के लेख देश के अनेक राष्ट्रीय प्रमुख अखबारों में लंबे वक्त तक प्रकाशित होते रहे हैं। इसके अलावा आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र पर देश के तमाम गंभीर मुद्दों पर चर्चा में शामिल होने का गौरव भी उन्हें प्राप्त था। लेखनी से देश मे अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले सूरजमल शर्मा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी सोनिया गांधी परिवार के भी बेहद नजदीक रहे।

# सचिवालय के पास ओवरब्रिज बनाने के विरोध में एकजुट हुए कॉलोनीवासी

## कहा- पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल 5 पांच बार चुके हैं एलिवेटेड ट्रैक बनाने की घोषणा

बोले- एलिवेटेड ट्रैक नहीं बना तो सचिवालय, शमशानघाट, हनुमान वाटिका सहित हुडा सेक्टरों में जाने वालों को होगी परेशानी

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 30 जनवरी।** कैथल लघु सचिवालय के पास रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने के विरोध में शहर की दर्जनों कालोनियों के लोगों ने एकत्रित होकर इसका विरोध किया। इससे पूर्व उन्होंने अपनी मांगों का एक ज्ञापन डीसी प्रीति को भी सौंपा। इस संदर्भ में हनुमान वाटिका के पास एक होटल में कालोनियों के लोगों ने एकत्रित होकर एक बैठक की। बैठक में इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सांसद नवीन जिंदल व मनोहर लाल खट्टर से मिलने की बात पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मा. रघुवीर सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर इस रेलवे फाटक पर एलिवेटिड ट्रैक बनाने की अपने कार्यकाल में 5 बार घोषणाएं कर चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, पीडब्ल्यूडी विभाग व रेलवे विभाग के अधिकारियों की बैठक भी इस संदर्भ में हो चुकी है। पिछले दिनों रेलवे के उच्च अधिकारियों ने कैथल में एलिवेटेड ट्रैक बनाने की बात भी मनोहर लाल खट्टर के समक्ष कही थी। रमन सचदेवा, जितेन्द्र सचदेवा, महेन्द्र, कर्मवीर, रेल यात्री कल्याण समिति के प्रधान बलवान जटान, वरिष्ठ उपप्रधान लाजपतराय सिंगला, विक्रम बंसल आदि का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी विभाग के कुछ अधिकारी इस मुद्दे को लेकर उच्च अधिकारियों को गुमराह कर रहे हैं। सही बात यह है कि उन अधिकारियों को वास्तविक ज्ञान नहीं है। मा. रघुवीर सिंह ने बताया कि जब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरूक्षेत्र लोकसभा से सांसद थे तो उन्होंने भी इस रेलवे एलिवेटेड ट्रैक बनाने की उनकी मांग में उनका सहयोग किया था।

**यह क्षेत्र हो जाएगा खतम, लोगों को होगी परेशानी:** उन्होंने कहा कि अगर यहां ओवरब्रिज बनाया जाता है तो जिला सचिवालय, बस अड्डा, जाट शिक्षण संस्थान, हनुमान वाटिका, शमशान घाट, ट्रैफिक पार्क, बाल भवन, हुडा सेक्टर 18 और 19, वैष्णो कालोनी, फ्रेंडस कालोनी, बलराज नगर, बालाजी कालोनी, मार्केट सहित शहर एक बहुत बड़ा हिस्सा बर्बाद हो जाएगा। ओवरब्रिज पर चढ़ाई के कारण हजारों ई रिक्शा वालों का कारोबार बंद हो जाएगा। ओवरब्रिज बनने से करनाल रोड छोटू राम चौक पर फाटक बंद होने पर होने वाली भीड़ से जाम लगने की स्थिति पैदा हो जाएगी। जबकि एलिवेटिड रेलवे ट्रैक से किसी को नुकसान का अंदेशा नहीं है, बल्कि रोहतक व कुरूक्षेत्र की तर्ज पर बने एलिवेटिड रेलवे ट्रैक से शहर का सौंदर्यकरण होगा।

# दिल्ली चुनाव में बनेगी स्पष्ट बहुमत से भाजपा की सरकार : गौरव पाडला

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 30 जनवरी।** हिंदी सलाहकार समिति केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार (दूर संचार विभाग संचार मंत्रालय) के सदस्य एवं भाजपा नेता गौरव मित्तल पाडला ने दावा किया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में दिल्ली चुनाव में भाजपा की स्पष्ट बहुमत से सरकार बनेगी और झूठ व लूट की बुनियाद पर टिकी आप पार्टी का सुपड़ा साफ होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनते एवं आप की करारी हार से अरविंद केजरीवाल बौखला गए है और अनापशनाप बयानबाजी कर जनता को गुमराह कर रहे है, लेकिन दिल्ली की जागरूक जनता केजरीवाल के बहकावे में नहीं आऐगी और वोट की चोट पर दिल्ली से आप का सफाया कर भाजपा सरकार बनाने का काम करेगी। अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए यमुना के पानी में हरियाणा द्वारा जहर मिलाने के आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए गौरव मित्तल पाडला ने कहा कि यमुना को साफ तो दिल्ली सरकार नहीं कर पाई और आरोप हरियाणा पर लगा रही है। दिल्ली के 12 गंदे नालों का वेस्ट यमुना में डाला जा रहा है। ऐसे में दिल्ली सरकार को पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। इसके बाद दूसरे पर आरोप लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि केजरीवाल अपना मानसिक संतुलन खो चुके है और यमुना नदी के बारे में गलत बयानबाजी कर लोगों को गुमराह कर रहे है। जबकि हकीकत में जनता केजरीवाल की झूठ व लूट की नीति को समझ चुकी है, इसलिए पहले उसे हरियाणा के लोगों और फिर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से माफी मांगनी चाहिए।

# समाधान शिविर को सफल बनाना हर कर्मचारी, अधिकारी का सरकारी ही नहीं नैतिक कर्तव्य भी है: संजीव अत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नारायणगढ़, 30 जनवरी।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार संजीव अत्री ने लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर नायब तहसीलदार संजीव अत्री ने कहा कि समाधान शिविर को सफल बनाना हर कर्मचारी /अधिकारी का सरकारी ही नहीं नैतिक कर्तव्य भी है, प्रत्येक कार्य दिवस में 10 से 12 बजे तक आम जन की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना हमारे स्वयं के जीवन में भी अनुशासन लाता है।

उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक समस्या का निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए तथा समस्या का समाधान करने के उपरांत उसकी रिपोर्ट भी उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने कहा कि जिन समस्याओं के समाधान करने में किसी प्रकार की कोई तकनीकी दिक्कत या समय लगना है उस बारे में भी शिकायतकर्ता को सुचित करें।

बॉक्स-समाधान शिविर में दस समस्याएं आई जिनमें रायपुर विरान के गुरदयाल सिंह, नगावां के सराफत अलि, गांव संगरानी की रजी, गांव बरौली की नीलम ने परिवार पहचान पत्र से सम्बंधित समस्या रखी, डेरा के सतनाम सिंह ने अपनी पुत्री का आधार कार्ड बनवाने के लिए, गांव मियांपुर टपरियां के रोशन लाल ने वृद्धावस्था पैंशन लगवाने बारे, गांव बरौली के मनीष बिंदल ने आधार कार्ड ठीक करवाने के बारे में अपनी समस्या रखी।

# बागवानी विभाग में मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने की छापेमारी

**कैथल (अप्रस)।** मुख्यमंत्री उडनदस्ते की टीम ने बागवानी विभाग में छापेमारी की। इस दौरान टीम के अधिकारियों ने विभाग के रिकॉर्ड की जांच की। कर्मचारियों की हाजिरी रजिस्टर चेक किए। साथ ही विभाग की ओर से लोगों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी हासिल की। इसके अलावा कर्मचारियों से योजनाओं के बारे में पूछताछ भी की गई। मुख्यमंत्री उडन्दस्ते में डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि पूरे हरियाणा में यह जांच की गई है। इस जांच के आधार पर यह जांच की गई कि विभाग की ओर से लोगों को दी जा रही योजनाओं का लाभ, मशरूम की खेती के लिए किसानों को दी जा रही प्रोत्साहन राशि तथा जल संरक्षण को लेकर विभाग की ओर से जिस प्रकार की योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, उनका लाभ मिल रहा है या नहीं।

# दुकानदार पर गंड़ासी से हमला कर किया घायल, जान से मारने की दी धमकी

अर्थ प्रकाश/सीमा देवी

**इन्द्री, 30 जनवरी।** उपमंड़ल के गांव भादसों के एक दुकानदार के साथ दर्जनों युवकों द्वारा मारपीट करने का मामला सामना आया है। पीड़ित दुकानदार ने इस हादसें की सूचना इन्द्री पुलिस को दी है। इस बारे में जानकारी देते हुए घायल दुकानदार रोहित ने बताया कि कल कुछ लोग उनकी दुकान पर सामना लेने के लिए आए थे। उनके साथ मोलभाव के दौरान कुछ बहस हो गए जिसपर वो लोग हमें भला बुरा कहकर चले गए। रोहित ने बताया कि कुछ देर बाद वो लोग अपने दर्जनों साथियों क साथ हमारी दुकान पर आए ओर मुझे व मेरे भाई को बुरी तरह से गंड़ासी व ड?ी से पीटा। मेरे सिर पर गंड़ासी से वार किया ओर मुझे जान से मारने की धमकी दी। मेरे पिता व कुछ अन्य पड़ौसियों के बीच बचाव करने पर वो चले गए। रोहित ने बताया कि इस लड़ाई में मुझे व मेरे भाई को काफी गंभीर चोटे आई है। हमला करने वाले युवक भादसों गांव के ही रहने वाले है। वहीं दूसरे पक्ष के निर्मल सिंह ने बताया कि रोहित व उसके कुछ साथियों द्वारा हमारे आदमियों पर बिना किसी वजह से मारपीट की गई है जिसमें हमारे कई साथियों को काफी चोटें आई है जिसके चलते उनको हस्पताल में दाखिल करवाना पड़ा। उन्होंने बताया कि हमारे ऊपर जो लड़ाई कर मारपीट करने के आरोप लगाए जा रहे है वो झूठे है ओर हमें धमकाया जा रहा है। इस बारे में इन्द्री थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि इस हमले की सूचना मिली है ओर एमएलआर के हिसाब से दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस हमले में कुछ लोगों को चोटें आई है जिनमें से तीन को करनाल रैफर भी करना पड़ा है। प्रभारी ने बताया कि ऐसे शरारती तत्वों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी ओर किसी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने अभिभावकों को सचते किया कि अपने बच्चों की गतिविधियों ओर संगत का ध्यान रखे। आज का युवा नशों की ओर ज्यादा बढ़ रहा है इसलिए अपने बच्चों पर नजर रखे। हस्पताल के चिकित्सक ड़ा. रविन्द्र ननदी ने बताया कि भादसों गांव से कुछ लोग लड़ाई के मामले में हस्पताल आए थे। इनमें से कुछ को ज्यादा चोटें आई है जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद करनाल रैफर कर दिया है।

# रवीना और दीप्ति ने राज्य स्तरीय पोस्टर मेकिंग में पाया प्रथम व तृतीय स्थान

**कैथल (अप्रस)।** इंदिरा गांधी पीजी महिला महाविद्यालय कैथल की कमर्शियल आर्ट विभाग की छात्रा रवीना और दीप्ति ने राज्य स्तरीय ऑन लाइन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में क्रमश प्रथम व तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज को गौरवांवित किया। प्राचार्य डॉक्टर आरती गर्ग ने बताया कि केएल मेहता दयानंद कॉलेज फॉर वूमंस, फरीदाबाद के मैथ्सकीटर्स क्लब द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें आईजी कॉलेज की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा रवीना ने प्रथम स्थान व ई-सर्टिफिकेट प्राप्त किया। साथ ही बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा दीप्ति ने तीसरा स्थान व ई-सर्टिफिकेट प्राप्त किया। कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया ने छात्राओं की प्रशंसा की और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर स्टाफ सदस्यों में से प्रो. साक्षी और प्रो. अरुणा उपस्थित रहे।

# हमेशा समाज सेवा को समर्पित रहे कर्मयोगी समाज सेवी महावीर प्रसाद

## आपात काल के बाद स्वर्गीय श्री मति इंदिरा गांधी जब गिरफ्तार हुई थी तो उनकी रिहाई के लिए गए थे जेल

ग्वालियर में 20 जनवरी को पूर्ण की अपनी अंतिम जीवन यात्रा

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 30 जनवरी।** एक ग्रामीण परिवेश से पल्लवित होने के बाद शहर में आकर मजदूरी से जीवन का सफर शुरू कर उस शहर में अपना वुजूद स्थापित कर बच्चों को उच्च शिक्षित कर समाज की सेवा में समर्पित करना एक कर्मयोगी के द्वारा ही संभव है। ऐसे कर्मयोगी मध्यप्रदेश के ग्वालियर के समाज सेवी श्री महावीर प्रसाद थे जो दबे कुचले लोगों की आवाज बने जिन्होंने साक्षरता से जुड़ कर शिक्षा का दीप जलाया। स्वच्छता से जुड़ कर काम किया। अन्याय के आगे नहीं झुके। आपात काल के बाद इंदिरा गाँधी जब गिरफ्तार हुई तो उसके बाद हुए आंदोलन में उनकी रिहाई के लिए महावीर प्रसाद ने जेल यात्रा भी की। श्री महावीर प्रसाद जी जैन का जन्म गुलाम भारत में एक जनवरी 1942 को उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के एक गाँव में हुआ। पिता श्री बिहारी लाल जैन एक कानूनगो थे, बाबा श्री राम लाल अवागढ़ स्टेट में उच्च पद पर थे। अच्छे घर में जन्म लिया। उसके बाद उनकी शिक्षा गाँव और शहर में हुई। उनका विवाह राजस्थान के राजाखेरा के मोदी घराने में श्रीमती विमला देवी जैन से हुआ। उन्हे सेवा का जुनून था। पिता से टकराव हुआ तो स्वाभिमान को चोट लगी ग्वालियर आ गए। यहाँ उन्होंने मजदूर बन कर संघर्ष शुरू किया। वह बच्चों को शिक्षा का दान दिया करते थे। वह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कांग्रेस सेवा दल इंटक के साथ जुड़े। उन्होंने अपने पुत्रो शैलेंद्र जैन, पंकज जैन, पुत्री प्रीती जैन को उच्च शिक्षा दिलाई। उन्होंने दलित बस्ती गुदरी को अपनी बेटी माना। इसको समस्या मुक्त बनाने के लिए मोहल्ला सुधार समिति का गठन किया। उसके बाद वह पूरे ग्वालियर शहर की संयुक्त समिति बनाई। उसके माध्यम से ग्वालियर की आवाज बने। उन्होंने अपनी पत्नी श्रीमती विमला देवी जैन तथा बड़े पुत्र शैलेंद्र जैन को सार्वजनिक जीवन से जोड़ा। उनका पुत्र छात्र राजनीति, सेवा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़ा। उनके घनिष्ठ सम्बन्ध पूर्व सीएम पीसी सेठी, अर्जुन सिंह, पूर्व पीएम चंद्र शेखर, पूर्व विधायक धर्मवीर सहित अन्य नेताओ से रहे। उनके सेवा के जुनून ने उनके बड़े बेटे शैलेंद्र जैन को पत्रकारिता की तरफ अग्रसर किया उन्होंने किले की तलहटी में बसे लोगों तक पानी पहुंचाने के लिए संघर्ष किया। वह भले ही विधायक या पार्षद नहीं बने लेकिन वह किसी विधायक से कम नहीं थे। उन्होंने ग्वालियर में कई काम किये। वह शिक्षा के साथ जुड़े रहे गरीब बच्चों को शिक्षा का दान देते थे। उन्होंने स्थानीय सरकार की थ्योरी को जन्म दिया जिसके लिए उनकी सराहना हुई। उनके पुत्र शैलेंद्र जैन को उन्होंने संघर्ष, ईमानदारी, निडरता, निष्पक्षता के संस्कार दिये। यही कारण रहा कि ग्वालियर से पत्रकारिता का सफर शुरू कर हरियाणा में 25 सालों से पत्रकारिता के सफर को जारी रख रहे है। उनके पुत्र शैलेंद्र जैन को जब हरियाणा के राज्यपाल जगन्नाथ पहाडि?ा, बाबू परमानंद, कप्तान सिंह सोलंकी ने सम्मानित किया तो उन्हे खुशी हुई। उन्होंने कहा कि उनका मिशन आगे चल रहा है। उनका बेटा ग्वालियर के दैनिक आचरण स्वदेश, लोक गाथा, श्रम साधना दैनिक जागरण, हरियाणा के सोनीपत यमुनानगर, करनाल में दैनिक भास्कर, पंजाब केसरी, जग मार्ग, अर्थ प्रकाश के माध्यम से सफर को जारी रखे हुए है। श्री महावीर प्रसाद जैन को हरियाणा में भी सम्मानित किया। उनका सपना अपने बेटे को डॉक्टर बनाना था। उनके सपने को उनकी पोत्री तमन्ना पूरा कर रही है। जल्द एम्स से डॉक्टर बन कर दादा के सपने को पूरा करेगी। उनका पौत्र मोहित कुमार इंजीनियर है। उन्होंने अपनी जीवन यात्रा ग्वालियर में 20 जनवरी को पूर्ण की। आज भले ही वह हमारे बीच नहीं है। लेकिन उनके द्वारा दिये आदर्श आज भी हमे रास्ता दिखा रहे है। आज उनको सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनके द्वारा जलाये दीप को बुझने नहीं दे।

# पंचकूला में ईडी की टीम शिक्षा व्यवसाई के घर पर पूछताछ करने पहुंची

ईडी की टीम हिमाचल प्रदेश में शिक्षा घोटाले की जांच में फंसे ईडी के ही असिस्टेंट डायरेक्टर पर पंचकूला में दर्ज केस के शिकायतकर्ता विकास बंसल से कर रही पूछताछ

## विशाल बंसल पर मानी लांड्रिंग का केस

जानकारी मिली है कि शिकायतकर्ता विशाल बंसल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस चल रहा है। हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2012-17 के बीच यह स्कॉलरशिप घोटाला हुआ था। इस मामले में सीबीआई ने जांच कर वर्ष 2019 में हिमाचल के 29 शिक्षण संस्थानों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था। साथ ही इस मामले में धन शोधन (पीएमएल) का भी एक मामला शिमला ईडी ने दर्ज किया था। इसकी जांच शिमला सब जोनल कार्यालय के सहायक निदेशक विशाल दीप द्वारा की जा रही थी।



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पंचकूला निवासी विकास बंसल के घर पर बृहस्पतिवार को ईडी की जांच हुई। सेक्टर 16 निवासी विकास बंसल के आवास पर फिलहाल ईडी की रेड जारी है। विकास बंसल ने कुछ समय पहले ईडी के पूर्व असिस्टेंट डायरेक्टर विशालदीप के खिलाफ रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। पंचकूला के सेक्टर-14 थाने में आरोपी के खिलाफ जान से मारने की धमकी और 50 लाख की रंगदारी मांगने का आरोप है। पुलिस आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है। वहीं सुबह 7 बजे से जारी ईडी की जांच दोपहर के बाद भी जारी थी।

9 जनवरी को पंचकूला सेक्टर 16 निवासी विकास बंसल ने सेक्टर 14 पुलिस थाना में दी शिकायत में बताया कि उसके भाई रजनीश बंसल की शिकायत पर विशालदीप के खिलाफ सीबीआई ने पीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। इस मामले में आरोपी विशालदीप के भाई विकासदीप से 1.25 करोड़ की वसूली हो चुकी है। 3 जनवरी को शिकायतकर्ता के भतीजे मन्नत के पास शाम 4 बजे रोहित गुर्जर नाम के एक व्यक्ति ने कॉल कर खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया। उसने मन्नत को कहा कि तुम व तुम्हारे परिवार के लोग जो कर रहे हैं यह अच्छा नहीं है। उसने शिकायत वापस लेने के लिए कहा और ऐसा नहीं करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। 50 लाख रुपए फिरौती भी मांगी। इससे डर कर मन्नत ने फोन बंद कर दिया। उसके बाद रोहित गुर्जर ने विकास बंसल को वॉट्सएप मैसेज भेजकर कहा कि उसके भतीजे ने फोन बंद कर लिया है। उसे उसके घर का पता, बिजनेस, गाड़ियां सहित सभी तरह के जानकारी है। अगर उसका भाई केस वापस नहीं लेता है तो सभी परिवार के लोगों को जान से मार देगा। आरोपी 3 जनवरी से 7 जनवरी तक लगातार शिकायतकर्ता व उसके परिजनों के फोन पर वॉट्सएप कॉल करता रहा। इसके बाद आरोपी ने मामले की शिकायत पुलिस में दी।

पंचकूला के अधिकारियों ने गत 11 जनवरी को सीबीआई में दर्ज भ्रष्टाचार के एक मामले में शिकायतकर्ता विकास बंसल के भतीजे से 50 लाख रुपये की जबरन वसूली का प्रयास करने के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक सहायक निदेशक और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक ÷सहयोगी÷ के खिलाफ मामला दर्ज किया। ईडी अधिकारी विशालदीप कथित तौर पर भ्रष्टाचार मामले से जुड़ा हुआ है।

हालांकि सीबीआई ने भ्रष्टाचार के मामले में विशालदीप को मुंबई में गिरफ्तार किया था, लेकिन बाद में अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी। प्राथमिक सूचना के अनुसार ईडी की टीम इस मामले में विकास बंसल से और जानकारी लेने के मकसद से पूछताछ करने पहुंची।

# रावल बने नगर निकाय चुनाव के कन्वीनर, मुकेश सिरसवाल, कोआर्डिनेशन नॉर्थ जोन कमेटी के सदस्य





**पंचकूला (अप्रस)।** पंचकूला में होने वाले नगर निकाय चुनाव के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने पंचकूला नगर परिषद के पूर्व प्रधान रविंद्र रावल को कनवीनर नियुक्त किया है। उनके अलावा हरियाणा प्रभारी और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव दीपक बाबरिया ने मुकेश सिरसवाल को नॉर्थ जोन कोआर्डिनेशन 2025 नगर निगम व नगर निकाय चुनाव कमेटी का सदस्य नियुक्त किया है। साथ ही हाईकमान ने उपेंद्र कौर वालिया, गौतम प्रसाद, अजायब सिंह, नवदीप शर्मा, चंचल शर्मा, कुलदीप गुप्ता, कमलेश शर्मा और ऊषा रानी को शामिल किया है।

मुकेश सिरसवाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान, राष्ट्रीय सचिव एवं हरियाणा सह प्रभारी प्रफुल्ल एवं सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, का आभार व्यक्त किया है।

रावल का कहना है कि कांग्रेस हाईकमान ने उन्हें जो जिम्मेवारी दी है, उसे वे ईमानदारी, लग्न और मेहनत से निभाएंगे।

# हेमसा का शिक्षा सदन पर जोरदार हल्ला बोल प्रदर्शन

एडिशनल डायरेक्टर से हुई वार्ता, नहीं निकला हल,आंदोलन का किया ऐलान

सभी विधायकों को ज्ञापन, 15 -16 फरवरी को डालेंगे कुरुक्षेत्र में पड़ाव : सांगवान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकुला।** सर्व कर्मचारी संघ से संबद्ध हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन के बैनर तले बृहस्पतिवार को बड़ी संख्या में शिक्षा विभाग फील्ड मिनिस्ट्रियल स्टाफ कर्मी अपनी मांगों को लेकर सेक्टर 5 धरना स्थल पर एकत्रित हुए जिसकी अध्यक्षता प्रांतीय प्रधान संदीप सांगवान व संचालन महासचिव हितेंद्र सिहाग द्वारा किया गया। शिक्षा विभाग फील्ड मिनिस्ट्रियल स्टाफ कर्मियों ने सरकार व अफसरशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा प्रदर्शन करके डायरेक्टर दफ्तर पर ही पड़ाव डाल दिया। प्रशासन ने बताया कि डायरेक्टर सेकेंडरी आज बाहर हैं ,फिर एडिशनल डायरेक्टर के साथ संगठन के सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की वार्ता हुई लेकिन मांगो व समस्याओं का कोई समाधान नहीं हुआ। एडिशनल डायरेक्टर ने आश्वासन दिया कि अगले सप्ताह डायरेक्टर के साथ मीटिंग होगी जिसके लिए शीघ्र ही पत्र जारी कर दिया जाएगा।

हेमसा ने उसी समय आपसी मीटिंग कर किया आंदोलन का ऐलान 1- 2 फरवरी एवं 8 -9 फरवरी को सभी 90 विधायकों को प्रदर्शन कर देंगे ज्ञापन, दूसरे चरण में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर 15 -16 फरवरी को मुख्यमंत्री कैंप ऑफिस कुरुक्षेत्र पर डालेंगे दो दिवसीय पड़ाव ,इसके साथ ही आंदोलन के तीसरे चरण में 16 अप्रैल को अंबाला पंचकूला यमुनानगर कुरुक्षेत्र कैथल, 15 मई को रोहतक पानीपत सोनीपत झज्जर करनाल दादरी 18 जून को हिसार सिरसा फतेहाबाद भिवानी जींद 23 जुलाई को गुड़गांव रेवाड़ी महेंद्रगढ़ पलवल मेवात फरीदाबाद के कर्मचारी डायरेक्टर दफ्तर पंचकूला पर रोष प्रदर्शन करेंगे जिसकी व्यापक तैयारी को लेकर 5 सदस्यीय 10 टीमों का गठन कर दिया गया है डायरेक्टर व सरकार की वायदा खिलाफी को लेकर शिक्षा विभाग फील्ड मिनिस्ट्रियल स्टाफ कर्मी एकजुट होकर तथा आंदोलन करके मुंह तोड़ जवाब देगा। हल्ला बोल प्रदर्शन को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा हरियाणा, विद्यालय अध्यापक संघ,सीटू, मिड डे मील, पटवार कानून संगठन, वी एल डी ए संगठन ने भी समर्थन दिया। जरनैल सिंह, प्रभु सिंह, जयवीर चहल, बिजेंद्र बैनीवाल, सतीश सेठी,उदयभान यादव,मुकेश खरब, राजेश लंबा, सावित्री देवी ,अनिता रानी ,बलबीर कुम्हारियां, सतीश वर्मा, अनिल यादव ,सुजान मालड़ा, भूपेंद्र शर्मा, अरविंद चौहान, कमलकांत सेहरावत ,अनिल सिंगला आदि ने संबोधित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### साहित्य, दर्शन और विचारधारा अंतर-संवाद विषय पर हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी


**चंडीगढ़ (अप्रस)।** साहित्य, दर्शन और विचारधारा अंतर-संवाद विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी, जो स्कूल ऑफ पंजाबी स्टडीज द्वारा आई.सी.एस.एस.आर., पंजाब विश्वविद्यालय और पंजाब आर्ट्स काउंसिल के सहयोग से आयोजित की गई थी, सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। यह संगोष्ठी डॉ. सुरजीत पातर की स्मृति को समर्पित थी। अंतिम दिन में दो महत्वपूर्ण शैक्षणिक सत्र और एक समापन समारोह आयोजित किया गया। पहले शैक्षणिक सत्र की अध्यक्षता प्रो. हरजीत गिल और प्रो. ईश्वर दयाल गौड़ ने की। इस सत्र में डॉ. हरप्रीत सिंह, डॉ. पवन कुमार, रंजीत कौर और मनप्रीत कौर ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इस अवसर पर, प्रो. हरजीत गिल ने साहित्य, दर्शन और विचारधारा पर एक गहन और विचारोत्तेजक चर्चा का नेतृत्व किया, जिसमें इस विषय की गहरी समझ प्रदान की गई। इसी सत्र के दौरान, युवा कवयित्री रीशिका रिखी की अंग्रेजी में लिखी कविता संग्रह का आधिकारिक विमोचन किया गया। प्रो. नवदीप ने इस संग्रह का संक्षिप्त विश्लेषण प्रस्तुत किया, जबकि प्रो. हरजीत गिल ने रीशिका की एक कविता का पाठ कर साहित्यिक माहौल को और समृद्ध बना दिया। दूसरे शैक्षणिक सत्र की अध्यक्षता प्रो. राजिंदरपाल सिंह ब्रार ने की। इस सत्र में जशनप्रीत कौर, महिताब सिंह, जसबीर सिंह और हरजीतइंदर सिंह ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। प्रो. बराड़ ने प्रस्तुत पत्रों पर विस्तृत चर्चा की और शोधार्थियों को निर्माणात्मक सुझाव एवं महत्वपूर्ण फीडबैक प्रदान किए। समापन समारोह के दौरान प्रो. हरजीत गिल ने मुख्य विदाई भाषण दिया। इस सत्र में प्रो. संजय कौशिक (डीन, कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल, चंडीगढ़) ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। इसके अतिरिक्त, प्रो. रौनकी राम, डॉ. जसपाल सिंह और डॉ. सतिंदर पाल ने भी संगोष्ठी के विचार-विमर्श और निष्कर्षों पर अपने विचार साझा किए। डॉ. परमजीत कौर सिद्धू ने दो दिवसीय संगोष्ठी की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें कार्यक्रम की प्रमुख उपलब्धियों को संक्षेप में बताया गया।

### एसडी कॉलेज के एस्थीसिया क्लब ने किया लाइफ स्किल टेस्टिंग प्रोग्राम का आयोजन



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के एस्थीसिया क्लब की ओर से कॉलेज की साइकोलॉजी लैब में में आयोजित छह दिवसीय लाइफ स्किल टेस्टिंग प्रोग्राम वीरवार को संपन्न हो गया। इस कार्यक्रम में 157 स्टूडेंट्स ने भाग लिया, जिन्होंने क्रोध, व्यक्तित्व, आत्म-प्रभावकारिता, आत्म-सम्मान और कल्याण जैसे प्रमुख मनोवैज्ञानिक गुणों का आकलन करने के लिए डिज़ाइन किए गए सेल्फ रिपोर्ट टेस्ट्स में भाग लिया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से रजिस्टर्ड स्टूडेंट्स के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें एस्थीसिया क्लब के सदस्यों ने शिक्षकों की विशेषज्ञ देखरेख में टेस्ट्स का संचालन, अंकन और व्याख्या की। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को उनकी शक्तियों और सुधार के क्षेत्रों के बारे में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करना था, जिससे उन्हें अधिक संतुष्टिदायक और प्रभावी जीवन जीने में मदद मिल सके। व्यक्तिगत मूल्यांकन के अलावा, इस कार्यक्रम ने छात्रों के लिए फील्ड ट्रेनिंग का भी काम किया, क्योंकि उन्हें साइकोलॉजिकल टेस्टिंग, रिपोर्ट लेखन और काउंसलिंग में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। शिक्षकों के मार्गदर्शन में, छात्रों ने व्यक्तिगत रिपोर्ट तैयार की और प्रसारित की, जिससे एक व्यापक शिक्षण अनुभव सुनिश्चित हुआ। कार्यक्रम की सफलता के लिए कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने डॉ. तरुणदीप (संयोजक), डॉ. मीनाक्षी और डॉ. हीना (आयोजन सचिव) के समर्पण के प्रयासों की सराहना की।

### कड़ी मेहनत और सकारात्मक दृष्टिकोण से ऊंचाइयों छू सकते हैं: बग्गा



**कालका (जग्गी)।** कर्नल राजीव बग्गा ने कहा कि कड़ी मेहनत और सकारात्मक दृष्टिकोण से ऊंचाइयों को प्राप्त किया जा सकता है। इसलिए लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े सफलता अवश्य कदम चूमेगी। राजकीय महाविद्यालय कालका की प्राचार्या श्रीमति प्रोमिला मलिक की अध्यक्षता में आर्ट ऑफ़ लिविंग पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का आयोजन एनसीसी गर्ल्स यूनिट की प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ गुरप्रीत कौर तथा एनसीसी बॉयज यूनिट के प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. यशवीर सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस व्याख्यान के प्रमुख प्रवक्ता प्रेरक वक्ता कर्नल राजीव बग्गा, उच्च पदस्थ अधिकारी रहे, जिन्होंने 32 सालों तक देश की सेवा की तथा भारतीय सेना के कई तरह के प्रोजेक्ट्स में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पंचकूला में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी व रोहिंग्या की पहचान करेगी पुलिस

बाहरी व्यक्तियों की वेरिफिकेशन और रिकॉर्ड की जांच के लिए तीन टीमें गठित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने एवं स्थानीय कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन और अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या नागरिकों की पहचान कर उनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए तीन विशेष टीमों का गठन किया गया है, जिन्हें अलग-अलग ज़ोन में कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें जोन-1 के अंतर्गत थाना चंडीमंदिर एवं रायपुर रानी क्षेत्र, जोन-2 के अंतर्गत थाना कालका एवं पिंजौर क्षेत्र तथा जोन-3 के अंतर्गत थाना सेक्टर-5, सेक्टर-7, सेक्टर-14, सेक्टर-20 एवं एमडीसी क्षेत्र शामिल हैं। इन सभी ज़ोनों की निगरानी एवं कार्यों की प्रभावी रूप से क्रियान्वयन हेतु संबंधित थाना प्रभारियों को इंचार्ज नियुक्त किया गया है।

यह निर्णय पंचकूला में सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा किसी भी संभावित अवैध गतिविधि पर रोक लगाने के उद्देश्य से लिया गया है। इसके तहत बाहरी व्यक्तियों के दस्तावेजों का सत्यापन, किराएदारों की पहचान एवं उनके पंजीकरण की जांच सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस कमिश्नर ने आदेश देते हुए कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में मानवीय अधिकारों का पूरा सम्मान किया जाए तथा नागरिकों को अनावश्यक असुविधा न हो। उन्होंने स्थानीय नागरिकों को जागरूक करने, आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए निगरानी तंत्र को और अधिक मजबूत करने एवं संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के भी निर्देश दिए हैं।

इसके अतिरिक्त, पंचकूला पुलिस आम जनता से अपील करती है कि वे अपने आसपास के क्षेत्रों में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी पुलिस को उपलब्ध कराएं और सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने में अपना योगदान दें। इस अभियान का उद्देश्य पंचकूला को एक सुरक्षित और सुव्यवस्थित शहर बनाना है, जहां सभी नागरिक बिना किसी भय के रह सकें।

# हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की सिविल अस्पताल में व्यवस्था से संतुष्ट हुए राज्यपाल

एमआरआई के लिए अस्पताल पहुंचे राज्यपाल ने ली रोगी सेवाओं की जानकारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग के एमआरआई मॉडल का पंचकूला अस्पताल में व्यवस्था को देख राज्यपाल बंडारू संतुष्ट नजर आए। दत्तात्रेय ने शुक्रवार को पंचकूला के सेक्टर-6 स्थित सिविल अस्पताल का दौरा किया। राज्यपाल यहां एमआरआई जांच के लिए पहुंचे थे। उनकी जांच के दौरान अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. मुक्ता कुमार और पंचकूला की डीसी मोनिका गुप्ता भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। राज्यपाल अस्पताल में करीब एक घंटे तक रुके रहे। इस बीच अस्पताल में सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए हुए थे।



## राज्यपाल के लिए विशेष चिकित्सा सुविधा की गई

राज्यपाल के आगमन को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने पहले से ही सभी आवश्यक तैयारियां कर रखी थीं। उनकी सुविधा के लिए विशेष चिकित्सा व्यवस्था की गई थी। एमआरआई जांच संपन्न होने के बाद राज्यपाल तुरंत अस्पताल से रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने मीडिया या अन्य लोगों से कोई बातचीत नहीं की। पंचकूला का सिविल अस्पताल मॉडर्न चिकित्सा सुविधाओं से लैस है। यहां एमआरआई के अलावा भी कई प्रकार की आधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सहायक हैं। राज्यपाल द्वारा सरकारी अस्पताल में जांच कराने से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर जनता का विश्वास भी बढ़ेगा।

## एमआरआई करने आए लोगों से की बात

राज्यपाल ने इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों से रोजाना एमआरआई पेशेंट्स के बारे में जानकारी ली। इस बीच विशेषज्ञों से रोजान मरीजों के दाखिल होने और रिपोर्ट के विशेषज्ञों की परफॉर्मेंस के अलावा अस्पताल में डॉक्टरों की कमी और रोगियों के स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि किए जाने के लिए भी जानकारी ली। उन्होंने एमआरआई के आने वाले पेशेंट से भी बात की। जिस पर उन्होंने अपनी संतुष्टि जताई।

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा राष्ट्र की रक्षा : मनप्रीत

3 दिवसीय चित्रकला शिविर के समापन पर बोले ए सी पी

शिविर में 10 चित्रकार एवं 100 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** नगर निगम पंचकूला के सौजन्य से इन्द्रधनुष आडिटोरियम परिसर में निगम आयुक्त अपराजिता के मार्गदर्शन में एवं एच एस वी पी, हरियाणा पुलिस और शिक्षा विभाग के सानिध्य में चित्रकला शिविर का समापन हुआ। इस समारोह में ए सी पी पंचकूला मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि चित्रकला शिविर में शामिल विद्यार्थियों ने अद्भुत कलाकारी का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि सभी कलाकृतियां प्रकृति संरक्षण की मार्मिक अपील है। चित्र मनुष्य की सबसे प्राचीन भाषा है। यह विश्व भाषा है। भारतीय कला अब वैश्विक हो रही है। अलग-अलग विश्व मंच पर भारतीय कलाकारों ने भारत की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को विश्व क्षितिज पर प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नकद ईनाम देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित दीपक जागलान ने कहा कि कला मनुष्य को संवेदनशील बनाती है। आज कार्यक्रम में चित्रकला, नाट्य प्रस्तुति और संगीत सभी प्रकृति एवं जीवन रक्षा को समर्पित है। यह सारा प्रयास हमारे समय की सबसे बड़ी समस्या से साक्षात्कार कराता है।

चित्रकला शिविर में प्रथम पुरस्कार जैबुल को, द्वितीय पुरस्कार आरती, तृतीय पुरस्कार सोनिया को दिया गया। दिलप्रीत, पूजा, विवेक, मनीषा, नवनीत, विपिन, शशीकान्त को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

इस अवसर पर माडल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल सैक्टर-26 के प्राचार्य संजीव अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास की दृष्टि से यह कार्यशाला बहुआयामी साबित हुई है। सीनियर सेकेंडरी स्कूल सैक्टर-6 से आये श्रीमती शीला एवं सुदेश ने कहा कि स्त्री पुरूष समानता के लिए रंगमंच एक प्रयोगशाला है। इस अवसर पर सहायक अभियंता उमेश ने कहा कि इन्द्रधनुष सांस्कृतिक परिसर बने इसलिए यह कार्यशाला संयोजित की गई। कार्यशाला के आयोजन में सहयाक अभियंता चमन, डॉ. अमित सिंह, रविन्द्र, निशा सहित जिले भर से ललित कला विषय के दर्जनों शिक्षक एवं सैंकड़ों विद्यार्थियों ने सक्रिय हिस्सेदारी निभाई। इस कार्यशाला में माडल सीनियर सैकेण्डरी स्कूल सैक्टर-26 व सीनियर सैकेण्डरी स्कूल सैक्टर-6 के कुल 35 बच्चों ने भाग लिया।

# कुष्ठ रोग अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़।** कुष्ठ रोग विरोधी दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण-सह-मिशन निदेशक डॉ. सुमन सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेक्टर-25, चंडीगढ़ में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 2025 शुरू किया। यह जागरूकता अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी, तक चलेगा। इस स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान (एस. एल. ए. सी.) के शुभारंभ के दौरान कुष्ठ रोगियों सहित सभी प्रतिभागियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को दीप प्रज्जवलित करके और फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया का संदेश भी सबको पढ़ कर सुनाया गया। सबको सलाह दी गई कि कुष्ठ रोगियों का जल्द से जल्द पता लगाने के लिए सभी प्रयास किए जाएं। अभियान का उद्देश्य कुष्ठ रोग और कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के बारे में हमारे समाज में दृष्टिकोण में बदलाव लाने के लिए जागरूकता पैदा करना है। इस बीमारी से जुड़े सामाजिक कलंक को खत्म करना और राष्ट्रीय रणनीतिक योजना के 4 स्तंभों रोग, विकलांगता, कलंक, भेदभाव और मानवाधिकारों के उल्लंघन की रोकथाम को लागू करना है। इसके अलावा चंडीगढ़ की आम जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए ट्रैफिक लाइटों पर स्थापित पीए सिस्टम के माध्यम से ऑडियो घोषणाओं और स्क्रॉल डिस्प्ले के माध्यम से भी संदेश फैलाया जाएगा।

# नवविवाहिता की हत्या : पति की मारपीट के बाद महिला ने अस्पताल में तोड़ा दम

परिजनों की शिकायत पर पति सहित ससुराल वालों के खिलाफ हुई कार्रवाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पिंजौर में 23 साल की नवविवाहिता की हत्या हो गई। परिजनों का आरोप है कि पति ने देर रात झगड़ा किया जिसमें बेटी जख्मी हुई। जब सेक्टर 6 अस्पताल लाया गया तब उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक नवविवाहिता की मां नीलम की शिकायत पर पति, सास, ससुर और देवर के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी।



पुलिस की शुरुआत की जांच में सामने आया कि पिंजौर में पति कपिल ने देर रात झगड़े के बाद पत्नी तान्या का दीवार पर सिर दे मारा जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। तड़के उसका पति घायल पत्नी को लेकर अस्पताल पहुंचा। इस बीच वह घायल पत्नी को कार में घूमता रहा। अस्पताल की पूछताछ के बाद तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। तब तक इलाज के दौरान डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार रात महिला का उसके पति के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इसके बाद गुस्से में आकर पति ने पत्नी का सिर दीवार में दे मारा। इसके बाद पति परिजन उसे उपचार के लिए सेक्टर 6 नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पर जांच के बाद डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस आगामी जुटी गई है ।



फिलहाल शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। बताया जा रहा है कि 9 महीने पहले ही तान्या और कपिल की शादी हुई थी। सूचना पाकर क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंची है और आरोपी पति को हिरासत में ले कर पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस पति से अभी पूछताछ कर रही है कि आखिर उसने पत्नी की इतनी बेरहमी से मारपीट क्यों की थी। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया कि बेटी के साथ ससुराल में मारपीट की गई। जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मौके पर जांच करते हुए सुबूत जुटाए। इस बीच पुलिस ने मृतका के पति की गाड़ी जिसमें वह पत्नी को लेकर अस्पताल पहुंचा था, वह जब्त कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने ससुराल में पति, ससुर, सास और देवर को भी जांच में शामिल कर मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। पिंजौर थाना के प्रभारी रूपेश चौधरी ने बताया कि मामले में महिला की हत्या होने की सूचना प्राप्त हुई थी जिसके बाद पुलिस हर पहलु की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि मृतका के परिजनों के बयान दर्ज करने के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

तेलंगाना के उप-मुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की

# तेलंगाना के उप-मुख्यमंत्री ने सेली एचईपी और मियार एचईपी विद्युत परियोजनाओं में व्यक्त की रुचि

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** तेलंगाना के उप-मुख्यमंत्री ने सेली एचईपी (400 मेगावाट) और मियार एचईपी (120 मेगावाट) विद्युत परियोजनाओं में रुचि व्यक्त करते हुए एक पत्र प्रस्तुत किया। तेलंगाना सरकार ने हिमाचल प्रदेश सरकार से इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन प्रस्तुत करने का आग्रह किया ताकि मामले को आगे बढ़ाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इच्छुक राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और राज्य पीएसयू/केंद्रीय पीएसयू से बीओओटी आधार पर 22 जल विद्युत परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार के प्रस्ताव के जवाब में, तेलंगाना के विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम ने हिमाचल प्रदेश का दौरा किया है। इस दल ने विद्युत सचिव राकेश कंवर के साथ भी चर्चा की। इस टीम ने सेली और मियार जल विद्युत परियोजनाओं के स्थलों का भी दौरा किया और सिफारिश की है कि 100 मेगावाट से अधिक जल विद्युत परियोजना की क्षमता वाले स्थलों के लिए रुचि व्यक्त की जा सकती है।

प्रदेश के लिए अधिक बिजली उत्पादन और राजस्व अर्जित करने की संभावनाएं तलाश करने की दिशा में यह कदम एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# शिमला में शेयर बाजार में इंवेस्ट करने के नाम पर शख्स को 53 लाख की चपत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मंडी।** साइबर ठगों ने सस्ते शेयर और आइपीओ का लालच देकर शिमला जिले के एक व्यक्ति से 53 लाख रुपये की ठग लिए। पीड़ति के व्हाट्सएप पर एक लिंक आया था। लिंक पर क्लिक करने पर वह व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ गया। ग्रुप से जुड़ने के बाद ठगों ने उसे सस्ती दर पर शेयर और आइपीओ खरीदने का लालच दिया और तेजी से निवेश करने को कहा।

**डीआईजी साइबर विभाग ने अनेक बार लोगों को किया सतर्क :** डीआइजी साइबर विभाग हिमाचल प्रदेश मोहित चावला ने बताया कि साइबर अपराध को लेकर जनता से बार-बार सजग रहने का आग्रह किया जा रहा है। फिर भी लोग झूठे प्रलोभन में आकर ठगी का शिकार हो रहे हैं। शिमला के एक व्यक्ति से सस्ते शेयर व आइपीओ खरीदने के नाम पर 53 लाख रुपये की ठगी हुई है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं पिछले साल दिसंबर में खबर आई थी कि साइबर ठग हिमाचल में अपना डाल फैला रहे हैं। पिछले दो साल में इन मामलों में लगातार बढ़ोतरी हुई है।

### ठग पीड़ित को पैसे बढ़ने का झूठा दिलासा देते रहे

पीड़ित ने अपनी बचत का बड़ा हिस्सा शेयर बाजार में निवेश करने के लिए ट्रांसफर कर दिया और उनके बताए अकाउंट में करीब एक माह तक पैसा ट्रांसफर करता रहा। साइबर ठग उसे ऑनलाइन शेयर और आइपीओ के दाम बढ़ने का झूठा दिलासा देते रहे। 53 लाख रुपये की ठगी के बाद साइबर ठगों ने ग्रुप और अपने मोबाइल फोन बंद कर दिए। कुछ दिन बाद जब पीड़ित ने अपनी राशि की स्थिति जानने के लिए संपर्क किया तो उसे ठगों का कोई जवाब नहीं मिला। ठगी का अहसास होने पर उसने साइबर थाना शिमला में केस दर्ज करवाया। साइबर विभाग अब ठगी की रकम को फ्रीज करवाने का प्रयास कर रहा है। वहीं साइबर थाना धर्मशाला ने साइबर ठगी के विभिन्न मामलों में पांच आरोपितों को राजस्थान के विभिन्न शहरों से गिरफ्तार किया है। चार आरोपितों को नोटिस पर छोड़ा गया है। सभी आरोपितों ने मिलकर कई लोगों से करोड़ों रुपये की आनलाइन ठगी की है। अधिकांश आरोपितों के बैंक खातों में ठगी का पैसा ट्रांसफर हुआ था।

## हिमाचल में बच्चों से मोबाइल की लत छुड़ाएगी पतंगबाजी

**मंडी (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश की छोटी काशी मंडी में बच्चों से मोबाइल की लत छुड़ाने के लिए नगर निगम नई पहल शुरू करने जा रहा है। मंडी में पहली बार पतंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बच्चों को मोबाइल की दुनिया से बाहर निकालकर खुले आसमान के नीचे लाना है। यह कार्यक्रम 2 फरवरी को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक मंडी के पड्डल मैदान में होगा।

मंडी एमसी के मेयर वीरेंद्र भट ने बताया कि प्रतियोगिता में 16 साल से कम आयु के बच्चे और उससे अधिक आयु के सभी स्त्री-पुरुष बिना किसी प्रवेश शुल्क के भाग ले सकते हैं। रैंकर वैली क्लासेज द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम में विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। पतंग महोत्सव में प्रथम स्थान पर रहने वाले प्रतिभा को 2100 रुपए पुरस्कार दिया जाएगा। द्वितीय स्थान पाने वाले को 1500 रुपए और तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 1100 रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतिभागियों को अपनी पतंग और डोर खुद लानी होगी, लेकिन चाइनीज डोर और प्लास्टिक की पतंग पर प्रतिबंध रहेगा।

# प्रदेश आत्मनिर्भर और समृद्धशाली राज्य बनने की ओर अग्रसर: धर्माणी



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश आत्मनिर्भर और समृद्धशाली राज्य बनने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित किया जा रहा है और राज्य के संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित कर प्रदेश का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल में कृषि आधारित अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण को विशेष प्राथमिकता प्रदान की गई है। कृषि उत्पादों को बाजार से जोड़ा जा रहा है। प्राकृतिक पद्धति से उगाए गए गेहूं के लिए 40 रुपये और मक्की के लिए 30 रुपये प्रतिकिलोग्राम न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। हिमाचल प्रदेश गेहूं, मक्की और दूध की खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करने वाला देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक पद्धति से उगाई 400 मीट्रिक टन मक्की की खरीद सुनिश्चित की गई है। बाजार में मक्की का बेहतर विपणन सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार ने हिम-भोग आटा लॉन्च किया है ताकि किसानों को उनके उत्पादों के बेहतर दाम मिल सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप राज्य में हिम-भोग मक्की आटे की मांग बड़ रही है और लोगों को डिपुओं के माध्यम से आटे की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

श्री धर्माणी ने कहा कि इसी तरह गाय के दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 45 रुपये और भैंस के दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 55 रुपये प्रति लीटर की दर से खरीदा जा रहा है। राज्य में डेयरी सेक्टर को विस्तार देने के उद्देश्य से दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं। जिला शिमला के दत्तनगर में 50 हजार मीटर लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले दुग्ध प्रसंस्करण केन्द्र को शुरू किया गया है। जिला कांगड़ा के ढगवार में 1.50 से 3 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र को स्थापित किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के 35 हजार किसान लाभान्वित होंगे। इसी प्रकार कुल्लू, नाहन, नालागड़, ऊना और हमीरपुर में भी अत्याधुनिक तकनीक से लैस 50-50 हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता के दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। इन संयंत्रों में दूध से बनने वाले उत्पाद जैसे घी, मक्खन, पनीर, लस्सी और फ्लेवर्ड मिल्क का उत्पादन सुनिश्चित किया जाएगा ताकि किसानों को उनके उत्पादों के बेहतर दाम मिल सकें। सरकार दूरस्थ गांवों में भी दूध खरीद केन्द्र स्थापित कर रही है, जिसके की दूध खरीद में इजाफा देखने को मिला है। छोटे किसानों और पशुपालकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जैविक खाद और वर्मी कंपोस्ट खरीदने की योजना की शुरूआत की है। प्रदेश सरकार ने मनरेगा की दिहाड़ी में 60 रुपये की ऐतिहासिक वृद्धि कर इसे 240 रुपये से बड़ाकर 300 रुपये किया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक्साइज, टूरिज्म, पॉवर और माइनिंग पॉलिसी में आवश्यक बदलाव कर दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है। यह कदम प्रदर्शित करता है कि प्रदेश सरकार राजस्व अर्जन की दिशा में कार्य कर रही है ताकि प्रदेश के सभी क्षेत्रों के विकास कार्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध हो।

### पर्यटन क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और वर्तमान प्रदेश सरकार पर्यटन क्षेत्र को नये आयाम देने के दृष्टिगत कार्य कर रही है। इस दिशा में प्रदेश सरकार ने गोबिन्द सागर झील सहित अन्य जलाशयों में शिकारा, हाउसबोट, जेट-स्की इत्यादि सुविधाएं शुरू की गई हैं। पर्यटकों को बेहतर हवाई सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तारीकरण कार्य प्रगति पर है, जिसके लिए 3500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं तथा अधिग्रहण के लिए भूमि मालिकों को 355 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। प्रदेश में 16 हेलीपोर्ट का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

## न्यूज ब्रीफ

### भिआम्बी-बडसर रोड़ पर वाहनों की आवाजाही दो माह तक बंद

**ऊना (अप्रस)।** उपमंडल बंगाणा के तहत भिआम्बी-बडसर सड़क पर वाहनों की आवाजाही 1 फरवरी से 31 मार्च, 2025 तक बंद रहेगी। उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 और 116 के तहत इस संदर्भ में आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि यह आदेश सड़क मार्ग के अपग्रेडेशन कार्य को त्वरित और सुचारू रूप से करने को लेकर जारी किए गए हैं। इस अवधि के दौरान यातायात को लिंक रोड़ पिपलू से भिआम्बी वाया चुकानी वैकल्पिक मार्ग पर मोड़ा गया है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सड़क बंद करने को लेकर जनता को सूचित करने और मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

### प्रदेश में पांच दिन बारिश-बर्फबारी के आसार

**शिमला (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश के कई भागों में पांच दिन बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है। इस दौरान निचले पहाड़ी-मैदानी भागों में बारिश की संभावना है। आज राज्य के उच्च पर्वतीय एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी की संभावना है। शिमला में धूप खिलने के साथ हल्के बादल छाए हुए हैं। वहीं बुधवार को रोहतांग सहित कुल्लू व किन्नौर की चोटियों पर बर्फबारी हुई। इससे अधिकतम तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई और कई स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से 3-4 डिग्री सेल्सियस कम रहा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 31 जनवरी, 1, 3,4 व 5 फरवरी को मध्य व उच्च पर्वतीय कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है। जबकि निचले पहाड़ी-मैदानी क्षेत्रों में बारिश की संभावना है।

# शिमला रिज से राष्ट्रीय ध्वज शिफ्ट होगा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल की राजधानी शिमला के रिज पर लगा 100 फीट ऊंची तिरंगा दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इसे लेकर स्थानीय प्रशासन को निर्देश जारी किए है। शिमला शहरी के विधायक हरीश जनारथा ने कहा कि रिज पर आसपास ही जगह देखी जा रही है।

हरीश जनारथा ने बताया कि रिज पर आशियाना के ठीक सामने वाले हिस्से के जीर्णोद्धार कार्य से रिज चौड़ा हुआ है। इससे झंडा बीच बीच पर आ गया है। इसे देखते हुए बीच रिज से झंडे को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा।

लोक निर्माण विभाग रिज को समतल करने का काम कर रहा है। यह काम नगर निगम की निगरानी में किया जा रहा है।

**टका बैंच पर हो सकता है स्थापित :** बताया जा रहा है कि रिज के बीचो बीच लगा 100 फीट ऊंचा झंडा रिज के साथ टका बेंच पर शिफ्ट किया जा सकता है। देशभर से शिमला पहुंचने वाले टूरिस्ट झंडे को अपने मोबाइल में कैद करते हैं और यह युवाओं में देश प्रेम की भावना पैदा करता है।



### 2015 में 13.55 लाख की लागत से स्थापित किया गया

रिज पर यह तिरंगा साल 2015 में 13.55 लाख रुपए की लागत से स्थापित किया गया था। झंडा सवा 9 मीटर लंबा और सवा 6 मीटर चौड़ा है, जिसे 30 मीटर ऊंचे स्वचालित फ्लैग पोस्ट पर लगाया गया है। वर्तमान में इसकी देखरेख शिमला नगर निगम द्वारा की जा रही है। इसे शिमला शहर के ऐतिहासिक महत्व को संरक्षित करने और युवाओं में राष्ट्रीय भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थापित किया था।

## शिमला में ट्रक नाले में गिरा, ड्राइवर की मौत

**शिमला (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में एक ट्रक नाले में जा गिरा, जिससे ड्राइवर की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। हादसा खैरा प्रोजेक्ट के पास सुन्नी-लुहरी रोड पर हुआ। ट्रक रामपुर से सुन्नी की ओर आ रहा था। इस सड़क हादसे में 52 वर्षीय ट्रक ड्राइवर प्रेमचंद (निवासी गांव सूजा, जोगेंद्र नगर, मंडी) की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक में सवार दूसरा व्यक्ति जयपाल (27 वर्षीय, निवासी परनू, अर्की, सोलन) घायल हो गया। घायल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुन्नी में प्राथमिक इलाज कर दिया, जिसके बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) शिमला रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने हादसे की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि खैरा प्रोजेक्ट के पास पहुंचने पर ड्राइवर ने अचानक गाड़ी से नियंत्रण खो दिया और नाले में जा गिरा।

# एसजेवीएन ने 'टीबी उन्मूलन अभियान के लिए 100 दिन' के तहत निक्षय शपथ दिलाई



**शिमला (अप्रस)।** एसजेवीएन ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के '100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान' में सक्रिय रूप से भाग लेकर इस मिशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई है। इस पहल के अंतर्गत श्री अजय कुमार शर्मा, निदेशक (कार्मिक), एसजेवीएन ने शिमला स्थित एसजेवीएन निगम मुख्यालय में कर्मचारियों को नि-क्षय शपथ दिलाई। उन्होंने कर्मचारियों से इस अभियान में सक्रिय रूप से योगदान देने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा निर्दिष्ट टीबी मुक्त भारत के विजन के अनुरूप, एसजेवीएन ने एक एक्शन प्लान तैयार किया है। इसके तहत संपूर्ण भारत में एसजेवीएन के कार्यालयों और परियोजनाओं द्वारा नि-क्षय शपथ, टीबी जागरूकता सत्र, नि-क्षय शिविर (स्क्रीनिंग कैंप) आदि का आयोजन किया जाएगा। इन पहलों का उद्देश्य लोगों को शिक्षित करना, शीघ्र निदान को प्रोत्साहित करना और निवारक उपचार को सुविधाजनक बनाना है।

# सिरमौर की सैनवाला गोशाला में एक महीने में 22 गोवंश की मौत

अर्थ प्रकाश संवादाता

**सिरमौर।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले की सैनवाला पंचायत के टोकियों में गोकुल धाम गोशाला में अव्यवस्था ने पिछले एक माह में 22 गोवंश की सांसें छीन लीं। गोवंश की मौत का कारण रखरखाव की अव्यवस्था, ठंड लगना और चारे की कमी बताया जा रहा है। हालांकि, प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं है। कारणों की जांच शुरू नहीं हो पाई है। बिना पोस्टमार्टम मृत गोवंश को दफना दिया जा रहा है। ऐसे में व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार दिसंबर में गोवंश के मरने का सिलसिला शुरू हुआ, जो अभी भी जारी है। दिसंबर के शुरू में यहां 106 गोवंश थे और जनवरी के अंत तक 84 रह गए हैं। गोशाला में जो शेड बनाया है, वह टिन का है और दीवारों की जगह कपड़े की चादरें लटकाई गई हैं। गोवंश के रखरखाव एवं पशुचारे के लिए सरकार प्रतिमाह प्रत्येक गोवंश के लिए 700 रुपये देती है। यह राशि ऊंट के मुंह में जीरा के समान है, क्योंकि इससे एक क्विंटल तूड़ी भी नहीं आती, जबकि गोवंश को दिन में कम से कम 25 किलो घास की जरूरत होती है।

■ गोशाला को सरकार द्वारा दी जा रही राशि बहुत कम है। दानी सज्जन चारा दान में देते हैं, जिससे गोवंश का पालन पोषण हो रहा है। जिन गोवंश की मौत हुई है, उनमें कुछ पहले से ही हादसों का शिकार थीं। कुछ ज्यादा उम्र के कारण ठंड सहन नहीं कर पाईं।

**सतीश, अध्यक्ष, गोकुल धाम समिति**

# 17 साल पहले की थी दसवीं के छात्र की हत्या, भेष बदलकर रह रहा था आरोपी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले के नादौन क्षेत्र के जसाई गांव में दसवीं के एक छात्र की हत्या के आरोपी को पकड़ने में हमीरपुर पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। 17 वर्ष पहले हुए इस मर्डर के आरोपी को पुलिस की टीम ने चंडीगढ़ से दबोचा है। आरोपी भेष बदलकर और नकली आधार कार्ड बनाकर पंजाब के अलग-अलग क्षेत्रों में पिछले कई वर्षों से रह रहा था। वर्ष 2008 में जसाई गांव में आरोपी कन्हैयालाल अपने दो अन्य भाइयों के साथ एक जमीन पर किसी के यहां पर खेती-बाड़ी का काम करता था। जमीनी विवाद को लेकर दसवीं कक्षा में पढ़ने वाले मनीष की हत्या कर दी थी। वहीं इस मामले में उसे गिरफ्तार किया गया, लेकिन बाद में वह फरार हो गया तब से पुलिस उसकी तलाश में लगी हुई थी, लेकिन अब 17 वर्ष के बाद पुलिस की पीओ सेल की टीम ने उसे पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। वर्ष 2009 में अदालत में पेशी में आरोपी नहीं पहुंचा।

### सिख बनकर रह रहा था

हमीरपुर पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ने बताया कि आरोपी की पहले उत्तर प्रदेश में तलाश की गई जहां से वह रहने वाला था। उन्होंने कहा कि जिसके बाद पुलिस को जानकारी मिली कि वह पंजाब के रूपनगर में रह रहा है और वहां उसने सिख समुदाय का भेष बना लिया है। उन्होंने कहा कि इन दिनों वह चंडीगढ़ में था जहां सूचना मिलने के बाद उसे वहां से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा इसके बाद अगली कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# नंबर प्लेट बदलकर सड़क पर दौड़ रही गाड़ी, एक पीली तो दूसरी सफेद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में नंबर प्लेट बदलकर सड़क पर दौड़ रहे वाहन का मामला चर्चा में बना है। यह वाहन एक उच्च स्तरीय संस्थान के प्रमुख का बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि एक ही वाहन को कभी पीली तो कभी सफेद रंग की नंबर प्लेट लगाकर चलाया जा रहा है। संस्थान के साथ यह वाहन अनुबंधित तौर पर जुड़ा है। खास बात यह है कि जब पीले रंग की नंबर प्लेट लगती है तो उस पर एचपी-01डी सीरीज का पंजीकरण नंबर लिखा होता है। लेकिन, सफेद रंग वाली नंबर प्लेट में डी गायब है। केवल एचपी-01 और आगे के चार नंबर दर्ज हैं।

### यातायात नियमों को भी ठेंगा

वाहन की नंबर प्लेट से इस तरह की छेड़छाड़ यातायात नियमों को भी ठेंगा दिखा रही है। दरअसल एचपी 01डी और पीली पट्टी वाली नंबर प्लेट कांगड़ा जिला आरटीओ की ओर से टैक्सी के लिए आवंटित की गई हैं, जबकि एचपी-01 शिमला जिला में निजी वाहनों के लिए आवंटित हैं। हैरानी की बात यह है कि अगर कांगड़ा जिले में सेवारत प्रभावशाली व्यक्ति के साथ एटैच वाहन की अगर कभी टक्कर हो अ जाए या कोई अन्य अपराध हो जाए तो पुलिस के लिए मामले को सुलझाना टेढ़ी खीर साबित हो जाएगा।

## प्रदेश पुलिस विभाग ने की 74 जवानों की ट्रांसफर

**शिमला (अप्रस)।** प्रदेश पुलिस विभाग ने द्वितीय, चतुर्थ व पांचवीं आईआरबी में तैनात 51 हैड कांस्टेबल व कांस्टेबल के तबादला आदेश जारी किए हैं। इसके तहत सभी कार्यकारी पुलिस एनजीओ ग्रेड-।। की तैनाती जिला कांगड़ा में की गई है। इसके साथ ही विभाग ने प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ व पांचवीं आईआरबी में तैनात 23 कार्यकारी पुलिस एनजीओ ग्रेड-।। की ट्रांसफर पुलिस जिला नूरपुर में की है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय की तरफ से बुधवार को कार्यालय आदेश जारी किए गए हैं।

## स्कूटर में भड़की आग

**हमीरपुर (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश के जिला हमीरपुर के मासियाना घाट के पास एक स्कूटर में अचानक आग लग गई। आग से स्कूटर जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार रवि शर्मा बीपीओ मासियाना स्कूटर पर मासियाना घाट के पास लखमन सिद्ध गया हुआ था, जोकि तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। पार्क करने के बाद पांच मिनट में ही स्कूटर में अचानक आग लग गई।

# हिमाचल में गेहूं 2425 रुपये प्रति क्विंटल खरीदेगा विभाग, किसानों का शुरु हुआ पंजीकरण

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में इस बार खाद्य आपूर्ति विभाग किसानों से गेहूं 2425 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदेगा। पिछले वर्ष विभाग ने 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की फसल खरीदी थी। इस बार इसमें 150 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। विभाग ने प्रदेश में रबी की फसल के अप्रैल-जून 2025 सत्र के लिए फसल खरीदने के लिए 11 खरीद केंद्र स्थापित हैं। किसानों को गेहूं की फसल को बेचने के लिए विभाग के पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होगा और पुराने किसानों को नवीनीकरण करना होगा। फसल बेचने के लिए किसानों का पंजीकरण भी शुरू हो गया है। अभी तक 11 किसान पंजीकरण करवा चुके हैं। कांगड़ा जिले में खाद्य आपूर्ति विभाग ने इस बार चार हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य रखा है। पिछली बार 12792 क्विंटल गेहूं खरीदी थी।

इस बार विभाग प्रदेश में 2425 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से गेहूं की फसल खरीदेगा। इसके लिए किसानों को पहले से ही विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा -पुरुषोत्तम सिंह, जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, कांगड़ा स्थित धर्मशाला।



### कहां-कहां स्थापित किए केंद्र

सिरमौर में धौलाकुआं, एपीएमसी पावंटा साहिब, ऊना में एपीएमसी रामपुर, मार्केट यार्ड टकराला, सोलन में बद्दी इंडस्ट्री शेद मलपुर, मार्केट यार्ड नालागढ़, कांगड़ा में फतेहपुर अनाज मंडी, मिलवां, इंदौरा, नगरोटा-बगवां, रियाली, सब्जी मंडी बैजनाथ

# शूलिनी विश्वविद्यालय में संकाय और स्टाफ के बच्चों के लिए शीतकालीन शिविर संपन्न

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने अपने संकाय और कर्मचारियों के बच्चों के लिए दस दिवसीय शीतकालीन शिविर का आयोजन किया, जो कल सिनेप्लेक्स में एक अंतिम कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। शिविर में लगभग 20 बच्चों ने भाग लिया, जिन्होंने विभिन्न प्रकार की आकर्षक और शैक्षिक गतिविधियों का आनंद लिया।

शिविर में विभिन्न गतिविधियाँ शामिल थीं, जिनमें नीतिका ठाकुर के नेतृत्व में नृत्य सत्र, अमित घोट्टा द्वारा संगीत और समूह गीत प्रशिक्षण, अनुपमा चंदेल द्वारा संचालित योग सत्र और नमिता गंडोत्रा द्वारा पर्यवेक्षण और कला और शिल्प गतिविधियाँ शामिल थीं। डॉ. बृज भूषण शर्मा ने एआरवीआर लैब में एक विशेष प्रदर्शन प्रदान किया, जबकि विक्रांत ने खेल गतिविधियों के लिए सुचारू समन्वय सुनिश्चित किया, सुरेश ने साहसिक गतिविधियों के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंतिम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर नंदन शर्मा, एसोसिएट डीन, कानूनी विज्ञान संकाय, और प्रोफेसर नीरज गंडोत्रा, एसोसिएट डीन, कल्याण, शूलिनी विश्वविद्यालय थे। प्रोफेसर नंदन शर्मा ने आयोजकों की सराहना की, और कहा, इस अद्भुत पहल ने बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों में व्यस्त रखा, उन्हें स्क्रीन से दूर रखा और नए कौशल सीखे। प्रोफेसर नीरज गंडोत्रा और प्रोफेसर नंदन शर्मा द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। शूलिनी विश्वविद्यालय में स्थिरता और सामुदायिक आदान-प्रदान की निदेशक श्रीमती पूनम नंदा ने कहा, शिविर एक उल्लेखनीय पहल रही है जिसने बच्चों के लिए एक सार्थक और आनंददायक अनुभव प्रदान किया है। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय पुस्तकालय से नीलम ठाकुर और पूजा ठाकुर ने एक इंटरैक्टिव पुस्तकालय यात्रा का संचालन किया, और डीएसडब्ल्यू कार्यालय से पूजा वर्मा ने पूरे शिविर में सहयोग किया।

# गुणवत्तापरक कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों को करें ब्लैकलिस्ट : विपुल गोयल

## शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों की ली बैठक

## कैबिनेट मंत्री राव नरबीर भी रहे बैठक में मौजूद

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 30 जनवरी।** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल ने कहा है कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए ।

यह निर्देश शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल ने हरियाणा निवास में प्रदेशभर के नगर निकायों के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में उद्योग और पर्यावरण मंत्री श्री राव नरबीर भी उपस्थित रहे।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी वरिष्ठ अधिकारी सप्ताह में एक बार फील्ड में जाकर रिपोर्ट लेना सुनिश्चित करें। इससे अधीनस्थ अधिकारी हमें भ्रमित नहीं कर सकेंगे और हर विषय की अपडेट जानकारी हमारे पास होगी।

उन्होंने कहा कि हम ऐसे विभाग से जुड़े हैं जिनके काम की लोग प्रतिदिन समीक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि जब सुबह लोग सैर के लिए निकलते हैं तो रास्तों में सड़कों पर गलियों में सफाई व्यवस्था देखकर हमारे विभाग की कार्यशैली की समीक्षा करते हैं।

इस अवसर पर विभाग के कमिश्नर एवं सचिव श्री विकास गुप्ता के अलावा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### शहर और कस्बों में सफाई व्यवस्था पर दें विशेष ध्यान

उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके लिए हमारे पास संसाधनों और बजट की कोई कमी नहीं है। श्री विपुल गोयल ने अधिकारियों को कहा कि विभाग से जुड़े कार्यों की निरंतर जिलों में भी समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि जल्दी ही वे स्वयं भी प्रत्येक जिले में जाकर कामों की समीक्षा करेंगे।

### बेसहारा गोवंश गौशालाओं में पहुंचाएं

मंत्री श्री विपुल गोयल ने कहा कि शहर और कस्बों में बेसहारा घूमने वाले गोवंश को पकड़कर नजदीक की गौशालाओं में भेजें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की गौशालाओं का पूरा रिकॉर्ड गौ सेवा आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध है। किस गौशाला में कितने गोवंश को भेजा जा सकता है, यह जानकारी हमें गौ सेवा आयोग की साइट से मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि इस विषय में सौ प्रतिशत काम होना चाहिए। इस विषय को सभी अधिकारी गंभीरता से लें।

### अधिकारियों की जवाबदेही तय हो

मंत्री श्री विपुल गोयल ने कहा कि बड़े शहरों और कस्बों में बेसहारा गोवंश को पकड़ने के लिए अच्छा काम करने वाले अधिकारियों को पुरस्कृत किया जाना चाहिए। इसके साथ ही जो अधिकारी काम करने में लापरवाही बरते उनकी जवाबदेही तय होनी चाहिए।

### सीवर ओवरफ्लो की समस्या का करें समाधान

मंत्री श्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रदेश के कई बड़े शहरों में कुछ स्थानों पर सीवर ओवरफ्लो की शिकायतें मिल रही हैं। इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर सुविधाएं देने का कार्य करें। सीवरेज और पेयजल से सम्बंधित समस्या कहीं पर भी नहीं रहनी चाहिए।

### विभाग की जमीन से कब्जे हटवाएं

मंत्री श्री विपुल गोयल ने कहा कि कहीं पर भी विभाग की जमीन पर कब्जे नहीं होने चाहिए। यदि किसी जगह पर किसी ने कब्जा किया हुआ है तो उसे हटवाएं। साथ ही विभाग की जमीन का लैंड रिकॉर्ड अपडेट करें।

# इस देश में दुनिया के समाज को अहिंसा परमो धर्म का संदेश देने वाला जैन संत समाज है : कृष्ण बेदी

मानव जाति की भलाई के लिए जैन समाज के संत मुनि अपना जीवन अर्पण करते हैं : बेदी

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 30 जनवरी।** भारतवर्ष की भूमि साधु संत एवं जैन मुनियों की जननी मानी जाती है इस भूमि पर समय.समय पर महापुरुषों ने समाज को नई दिशा दी और मानव जाति को आपसी भाईचारा, प्रेम, सौहार्द तथा समरसता के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। यह विचार हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने पतराम नगर स्थित जैन स्थानक में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सौभाग्य की बात है कि नरवाना जैसी धरा पर दीक्षा कार्यक्रम व मुनि सम्मेलन होने जा रहा है । जैन समाज द्वारा आगामी 2 फरवरी को दीक्षा कार्यक्रम व मुनि सम्मेलन किया जा रहा है जो पूरे भारतवर्ष में एक साल में एक बार ही किया जाता है। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी नरवाना के पतराम नगर के जैन स्थानक में पहुंच कर जैन मुनियों से आशीर्वाद लिया। तथा इस दौरान उन्होंने कहा कि इस दुनिया में समाज व मानव जाति को अहिंसा परमो धर्म का मार्ग पर चलने के लिए जैन मुनि प्रेरित करते हैं। इसमें उनका अहम योगदान होता है। हमारे जीवन में सात्विक जीवन जीने की यदि प्रेरणा मिलती है तो वह जैन मुनि एवं तपस्वीयों को देखकर मिलती है। जो अपना पूरा जीवन देश और समाज व मानव जाति की भलाई के लिए तपस्या व जीवन अर्पण करते हैं। दीक्षा कार्यक्रम और मुनि सम्मेलन एक साथ किया जा रहा है । जो हमारे लिए बहुत बड़ी बात है और यह कार्यक्रम अनाज मंडी में आयोजित होगा। जैन समाज के सबसे बड़े महाराज है जो यहां पर पहुंचे हुए हैं और उनको 8 साल पहले यह सर्वोच्च पद दिया गया था उनका भी मैं धन्यवाद करता हूं जिनको वह बखूबी निभा रहे हैं। मैं अपने और नरवाना प्रशासन की ओर से आपको विश्वास दिलाता हूं कि इस भव्य आयोजन के लिए किसी प्रकार की भी कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

# बीन की लहरा और ढोल की थाप ने बदला महोत्सव की फिजा का रंग



अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 30 जनवरी।** सर पर पगड़ी हाथ में बीन जब बीन का लहरा बजता है, तो इस महोत्सव में आने वाला प्रत्येक पर्यटक अपने आप को इस लहरा पर थिरकने से रोक नहीं पा रहा। धर्मनगरी पिहोवा सरस्वती तीर्थ के पावन तट अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में लोक कलाकारों की अनोखी लोक कला को देखकर पर्यटक मंत्र मुग्ध हो रहे है।इन लोक कलाकारों की धुन ने महोत्सव की फिजा को बदलने का काम किया है। महोत्सव में आने वाला प्रत्येक पर्यटक, नागरिक इन लोक कलाकारों की जमकर प्रशंसा करते नजर आ रहे है। इस महोत्सव में एनजैडसीसी की तरफ से लोक कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। पिहोवा सरस्वती तीर्थ के पावन तट पर इन लोक कलाकारों ने अपनी अदभूत लोक कला से सभी को थिरकने पर मजबूर किया है। इस महोत्सव में आने वाला प्रत्येक पर्यटक इस महोत्सव के यादगार पलों को अपने-अपने कैमरों में कैद करता हुआ नजर आ रहा है।

# केजरीवाल के बयान का विरोध करते हुए पुतला फूंका

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक



**मुलाना, 30 जनवरी।** यमुना नदी को लेकर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा दिए गए विवादित बयान के विरोध में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नहौनी में जोरदार प्रदर्शन करते हुए केजरीवाल का पुतला जलाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि केजरीवाल का बयान न केवल यमुना नदी की स्थिति पर भ्रम फैलाने वाला है, बल्कि जनता की भावनाओं का भी अपमान है। प्रदर्शन में मौजूद नेताओं ने कहा कि यमुना को साफ तो दिल्ली सरकार नहीं कर पाई और आरोप हरियाणा सरकार पर लगा रही है। हरियाणा सरकार पर उंगली उठाने से पहले केजरीवाल को खुद के गिरेबान में झांक लेना चाहिए । हरियाणा सरकार लोगों की भलाई के लिए काम कर रही है। भाजपा की हरियाणा सरकार को जितने हरियाणा के लोग प्यारे हैं उतने ही दिल्ली के लोगों से वह प्यार करती है।इसलिए केजरीवाल को पहले हरियाणा के लोगों और फिर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से माफी मांगनी चाहिए। केजरीवाल आज तक झूठे वादे और थोथे नारों के सहारे ही सत्ता हासिल करते आ रहे हैं। इस बार उन्हें अपनी हार तय लग रही है इसलिए इस तरह के घटिया बयान देने पर उतर आए हैं। हम किसी भी हाल में यमुना व हरियाणा सरकार को लेकर जनता को भ्रमित करने वाले बयानों को बर्दाश्त नहीं करेंगे,कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए केजरीवाल से माफी मांगने की मांग की।

मौके पर ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश पाल नहौनी, प्रदेश महिला कार्यकारी सदस्य मोनिका कालड़ा, जिला महामंत्री गोल्डी सैनी, मुलाना मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा, साहा पूर्व मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा, धर्मवीर सैनी, अश्वनी शर्मा, सुशील जोगी, शुभम, टोनी गुप्ता, महिंदर कटारिया, रोशन पाल, सुदेश कुमार, डॉ पूंज अंकुश कुमार, माया राम सहित अन्य मौजूद रहे।

# नई पेंशन योजना के विरोध में अध्यापकों ने की नारेबाजी

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन ने सरकार की नई पेंशन योजना के विरोध में अध्यापकों की एक महत्वपूर्ण बैठक की। हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजपाल कालड़ा ने बताया कि अध्यापकों ने काली पट्टी पहनकर नई पेंशन योजना का कड़ा विरोध किया है। अध्यापकों ने काली पट्टी बांधकर जमकर नारेबाजी भी की। उन्होंने बताया कि सभी अध्यापकों ने काला दिवस मनाया है। कालड़ा ने कहा कि सरकार को अध्यापकों की भावनाओं का सम्मान करना होगा। यदि ऐसा नहीं हुआ तो हमें तेज आंदोलन की राह को पक?ना होगा। मौके पर मौजूद अध्यापकों ने यह भी कहा कि पुरानी पेंशन योजना हमारा कानूनी अधिकार है और हम इसे हासिल करने के लिए संघर्ष करेंगे। इस अवसर पर नरेश कुमार, अनिल कुमार, प्रियंका शर्मा, मनोज कुमार तुर्क, संजीव कुमार, प्रियंका शर्मा, आराधना गोयल, साक्षी, संतोष, रंजना डीपी, रेनू कौशिक व अन्य मौजूद रहे।

# टोहाना में हरियाणा सरकार पर अफसर शाही भारी

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 30 जनवरी।** एक तरफ विधानसभा चुनाव में बहुमत लेकर हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर सभी राजनीतिज्ञ हर्षोल्लास से प्रफुल्लित हैं ।और हरियाणा की जनता को सरकार से मिलने वाली सभी योजनाओं का लाभ हर नागरिक को मिल सके इसलिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। और दूसरी तरफ टोहाना शहर के हर विभागों के उच्च अधिकारी सरकार के आदेशों की अवहेलना करते हुए सरेआम देखे जा सकते हैं टोहाना शहर में नगर परिषद अधिकारी तो डंके की चोट पर नगर परिषद में भ्रष्टाचार कर रहे हैं भ्रष्टाचार चाहे व कूड़ा डंपिंग, अवैध कालोनियां, कंस्ट्रक्शन के टेंडर में, शहर को चमकाने के नाम पर लाइटों की व्यवस्था पर हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सभी जगह एक फिक्स कमिशन रखा हुआ है यह बात सरेआम अधिकांश वार्डों के पार्षदों (जनप्रतिनिधियों)व सरकार में रहे पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने भी अपने कार्यकाल में टोहाना नगर परिषद के द्वारा होने वाले सभी कार्यों पर सांवलिया निशान व भ्रष्टाचार के खुले बेधड़क वेवाक अंदाज में व्याख्यान किए थे ।विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार तीसरी बार सरकार सत्ता में लोगों की उम्मीद से ऊपर होकर आ तो गई और टोहाना शहर में सत्ता की चाबी हाथ से छूट गई इसी बात का फायदा उच्च अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग जनता की भलाई के लिए नहीं अपितु खुलकर भ्रष्टाचार करने के लिए करते नजर आ रहे हैं।

# शिक्षा विभाग की अनदेखी का खामियाजा भुगत रहे अभिभावक

मनमानी कर रहे निजी स्कूल संचालक

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा, 30 जनवरी।** निजी स्कूल बसों से हो रहे दर्दनाक हादसों के लिए जिम्मेवार कौन है, यह सवाल बहुत ही महत्वपूर्ण है। स्कूल बसों के चालकों द्वारा नशे में गाड़ी चलाना, ओवर स्पीड या अन्य लापरवाही के कारण हादसे हो रहे है। इन हादसों की रोकथाम के लिए संबंधित विभाग आंख मुद बैठा है। माता-पिता का सपना होता है जिस कार्य को हम न कर सके, हमारे बच्चे पढ़-लिखकर पूरा करेंगे। चाहे बच्चे बड़े हों या फिर छोटे, मां-बाप के कलेजे के टुकड़े होते हैं। खासकर छोटे बच्चों को जब स्कूल भेजा जाता है तो अभिभावकों को बच्चों की फिक्र लगी रहती है। इसलिए काफी लोग अपने बच्चों के लिए स्कूल की बस लगा देते हैं, जिससे वो सेफ्टी से स्कूल आ-जा सकें, लेकिन जब उसी बस में लापरवाही की वजह से बच्चों को कुछ होता है तो मां-बाप का कलेजा मुंह को आ जाता है। क्योंकि स्कूल बसों में बच्चे शिक्षा लेने आगामी जीवन के लिए सशक्त होने लगभग इसी माध्यम से स्कूल पहुंचते हैं। चाहे उसमें छोटी कक्षाओं का जिक्र किया जाए या बड़ी कक्षाओं का, इसमें आमतौर पर छोटी कक्षाओं के बच्चों की संख्या अधिक रहती है। लेकिन दुर्भाग्यवश स्कूल बस की दुर्घटना परिवारों के चिरागों को सदा के लिए बुझा देती है। निजी स्कूल संचालकों द्वारा खटारा बसों, सूमो, टवेरा, ईको आदि गाड़ियों में बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने के कार्य पर लगाकर मोटा मुनाफा वसूला जा रहा है। इसके अलावा स्कूल संचालक सरकार को चूना लगाने का काम कर रहे हैं। बता दें कि कई प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को लाने-ले जाने के लिए कबाड़ हो चुकी बसें और प्राइवेट रजिस्ट्रेशन की सरकार द्वारा समय सीमा अवधि खत्म हो चुकी गाड़ियां लगाई हुई हैं। इन गाड़ियों में स्कूली बच्चों को घर से स्कूल लाने व घर ले जाने के एवज में अभिभावकों से हजारों रुपए वसूल किए जाते हैं, परंतु इन गाड़ियों में सुविधाओं के नाम पर ठीक से बैठने की जगह भी नहीं होती। इन वाहनों में सुरक्षा के उपकरण भी नहीं होते। इन वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चे बिठाकर लाने-ले जाने का कार्य किया जाता है। कई बसों पर न तो कोई हेल्पलाइन नंबर लिखा होता है, न ही स्कूल का नाम, न ही कोई इमरजेंसी और हेल्पलाइन नंबर होता है। यह खटारा हो चुकी गाड़ियां होने के कारण रास्ते में कहीं पर भी खराब होकर खड़ी हो जाती हैं। इन गाड़ियों के ड्राइवर बच्चों की परवाह न करते हुए खतरनाक ड्राइविंग करते हुए नजर आते हैं। बहुत से स्कूलों में बसों पर ड्राइवर के साथ अन्य कोई भी हेल्पर बच्चों को उतारने व चढ़ाने के लिए नहीं होता है।

कईयों में तो न तो ब्रेक लाइट होती है, न ही इंडीकेटर। ऐसी बसों में बच्चों को बिठाकर लाने-ले जाने के कारण उनके जीवन के साथ खिलवाड़ हो रहा है। स्कूल संचालकों की मनमर्जी के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे प्रशासन आंखें मूंदे शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है या फिर ऐसा कहें कि प्रशासनिक अधिकारी और स्कूल संचालकों की सांठगांठ के कारण ही बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के बड़े अधिकारी इन स्कूलों के कार्यक्रमों में बतौर अतिथि उपस्थित होते रहते हैं।

# जितेन्द्र गोयल फिर बने फर्नीचर एसोसिएशन के प्रधान



अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया

**जीन्द, 30 जनवरी।** फर्नीचर एसोसिएशन जीन्द की वार्षिक बैठक आगामी वर्ष हेतु प्रधान पद के चुनाव के लिए उत्सव होटल में सम्पन्न हुई। चुनाव अधिकारी के तौर पर संरक्षक राजकुमार गोयल व प्रधान राकेश सिंघल ने जिम्मेवारी निभाई। बैठक में प्रधान जितेन्द्र गोयल, पूर्व अध्यक्ष संजय गर्ग, प्रवीण गोयल, सोकत अली, जसवंत लाठर, विपिन गुप्ता, मुकेश गोयल, सुन्दरी गर्ग, तिलक गर्ग, राजेश गुप्ता, चेतन गर्ग, मुकेश गोयल, रामधन जैन, राजेश सैनी, अंकित गर्ग इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक में सबसे पहले प्रधान जितेन्द्र गोयल ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की। साथ ही कोषाध्यक्ष प्रवीण गोयल द्वारा पूरे साल का लेखा जोखा पेश किया गया और इसके साथ ही प्रधान जितेन्द्र गोयल व समस्त कार्यकारिणी ने कार्यकाल पूरा होने पर अपना इस्तीफा सौपा। उसके बाद नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए राजकुमार गोयल व राकेश सिंघल ने कार्रवाई शुरू की। सबसे पहले जितेन्द्र गोयल को ही एक बार फिर अध्यक्ष बनाने पर चर्चा हुई जिसका सभी साथियों ने तालियां बजाकर अनुमोदन किया और इसके साथ ही जितेन्द्र गोयल को ही आगामी 2 वर्ष के लिए सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया।

# सरस्वती महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूली बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

राजस्थानी तथा अन्य कलाकारों ने दर्शकों को झूमने पर किया मजबूर

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य



**पिहोवा, 30 जनवरी।** अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की लगातार प्रस्तुतियां स्कूलों के विद्यार्थियों तथा कलाकारों द्वारा दी जा रही हैं। वीरवार को सरस्वती महोत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ नगरपालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणि ने किया।

अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में वीरवार को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बीएसएन स्कूल की छात्राओं ने सरस्वती वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महोत्सव में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। महोत्सव में राजस्थान से आए कलाकार ललित कुमार राणा एवं साथी कलाकारों ने राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया। राजस्थान के परम्परागत संगीत एवं लोक नृत्य पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं तथा झूम-झूमकर नृत्य किया। राजस्थान से आए कलाकारों ने काल बेलिया नृत्य, ग्रामीण भवाई नृत्य, चरी नृत्य प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का समा बांधे रखा।इस मौके पर नगरपालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणि, एसडीएम अमन कुमार, भाजपा नेता सतीश सैनी गुरनाम सारसा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।






# भक्तामर अर्चना में 48 मंत्रों के साथ प्रभु को अर्पित किये 48 दीपक

# पाठ ध्यान व भक्ति से होता है कष्टों का निवारण : जैन

अर्थ प्रकाश/डा. आरके जैन



**यमुनानगर, 30 जनवरी।** रैस्ट हाऊस रोड श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर के प्रांगण में भगवान आदिनाथ जी के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर 48 दीपों का भक्तामर अर्चना का विधान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जैन महिला मण्डल की महामंत्री सुमन जैन की तथा संचालन कोषाध्यक्ष मंजू जैन ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ णमोकार महामंत्र के गुंजन व दीप प्रवज्जलन कर किया गया। स्नेहलाता जैन ने बताया कि स्वास्तिक माण्डले पर 48 दीपों से भक्तामर अर्चना व आराधना की गई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक श्लोक-मंत्रों के साथ भिन्न-भिन्न परिवारों के द्वारा प्रभु जी को दीपक अर्पित किया गया। इसमें सर्वविघ्न विनाशक, सर्व सिद्धि दायक, जल-जन्तु भय मोचक, नेत्र रोग संहारक, सरस्वती विद्या प्रसारक, सर्व संकट निवारक, सर्वारिष्ट योग निवारक, भय-पाप नाशक, कूकर विष निवारक, वांछित रूप प्रदायक, लक्ष्मी सुखदायक, आधि-व्याधि नाशक, सम्मान-सौभाग्य संवर्धक, दिव्य ध्वनि प्रतिहार्य, लक्ष्मी प्रदायक, जलोदरादि रोग विनाशक आदि काव्यों के साथ आराधना की गई। भावना जैन ने संबोधित करते हुये कहा कि भक्तामर विधान एक अनोखी विधा है, जिसको भिन्न-भिन्न रंग रूप में पाया जाता है। इसके अध्ययन व पाठ से इसका चमत्कार देखने को मिलता है। भक्तामर का पाठ ध्यान व भक्ति से करने पर कष्टों का निवारण होता है, दुखों की समाप्ति होती है। इसका प्रभाव सभी कष्टों को मिटा जीवन को सुखमय व शांतिमय बनाता है। उन्होंने आगे कहा कि भगवान किसी को कुछ नहीं देते, परंतु भगवान की भक्ति सब कुछ दे देती है। पुण्य रूपी सुगंध से भक्तों के मन खिल जाते है। आत्मा रूपी वृक्ष से लिपटे हुये कर्म रूपी बंधन खुल जाते है। आदिनाथ स्त्रोत जो भक्ति रस का अद्वितीय महाकाव्य है उसकी रचना उस समय हुई जब राजा भोज के दरबार में कवि कालिदास तथा वररुचि ने साम्प्रदायिकता वश आचार्य प्रवर मानतंगु को राजा की आज्ञानुसार पकड़ कर 48 तालों के अंदर कोठरियों में बंद करवा दिया उस समय आचार्य श्री ने आदिनाथ स्त्रोत की रचना की। स्त्रोत के प्रभाव से ताले व जंजीरे अपने आप टूट गये और वह मुक्त हो गए।

## योगी सरकार ने महाकुंभ भगदड़ के बाद किए बड़े बदलाव

# सभी वीवीआईपी पास रद्द व नो-व्हीकल जोन लागू

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ मेले में हुई भगदड़ की घटना के बाद सुरक्षा और प्रबंधन में सुधार के लिए पांच प्रमुख बदलाव किए हैं। इसके तहत महाकुंभ नगर को नो-व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है, जिसका अर्थ है कि अब किसी भी प्रकार के वाहन को मेला क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

मौनी अमावस्या के पवित्र स्नान के दौरान मेला क्षेत्र में करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण भगदड़ मच गई थी। इस घटना में 30 लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक घायल हुए। प्रशासन के अनुसार, संगम तट पर पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं द्वारा बैरिकेड्स को धक्का दिए जाने के कारण यह हादसा हुआ।

महाकुंभ मेला क्षेत्र में सभी प्रकार के वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब यह क्षेत्र पूरी तरह से नो-व्हीकल जोन बन गया है।

मेला क्षेत्र में वीवीआईपी पास को रद्द कर दिया गया है। अब किसी भी विशेष पास वाले वाहन को अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुचारू बनाने के लिए एकतरफा यातायात व्यवस्था लागू की गई है। शहर में भीड़ को कम करने के लिए पड़ोसी जिलों से आने वाले वाहनों को जिला सीमा पर ही रोका जा रहा है।

चार पहिया वाहनों पर प्रतिबंध- 4 फरवरी तक शहर में चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा।

इन बदलावों के अलावा, मेला क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए आईएएस अधिकारी आशीष गोयल और भानु गोस्वामी को तत्काल प्रयागराज पहुंचने का निर्देश दिया गया है। इन अधिकारियों ने 2019 के अर्धकुंभ के सफल प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके साथ ही, बड़े आयोजनों के प्रबंधन में अनुभव रखने वाले पांच विशेष सचिव स्तर के अधिकारियों को भी महाकुंभ संचालन में सहायता के लिए नियुक्त किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और अंतर-विभागीय समन्वय पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को महाकुंभ व्यवस्थाओं की समीक्षा करने का आदेश दिया। साथ ही, एडीजी और प्रयागराज के जिला मजिस्ट्रेट को शहर से सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षित विदाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने देर रात वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और जिला अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने रेल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने और परिवहन निगम को अतिरिक्त बसें चलाने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि सड़कों पर भीड़ या यातायात का दबाव न बढ़े और रेहड़ी-पटरी वालों को यातायात में बाधा न डालने दी जाए।

इस घटना की जांच के लिए राज्य सरकार ने तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया है, जिसमें न्यायमूर्ति हर्ष कुमार, पूर्व महानिदेशक वी.के. गुप्ता और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी वी.के. सिंह शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये मुआवजा देने की भी घोषणा की है।

## मधेपुरा को मिली 299 करोड़ से अधिक की सौगात, सीएम नीतीश ने 69 योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में मधेपुरा पहुंचे, जहां उन्होंने जिले के लिए 299 करोड़ रुपये से ज्यादा की योजनाओं की सौगात दी।

चौसा प्रखंड के रसलपुर धुरिया पंचायत स्थित गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, उदाकिशुनगंज परिसर से उन्होंने कुल 69 विकास योजनाओं का रिमोट का बटन दबाकर उद्घाटन / शिलान्यास किया। उन्होंने चौसा प्रखंड स्थित रसलपुर धुरिया पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों का जायजा भी लिया। सीएम ने चौसा प्रखंड स्थित आईटीआई, उदाकिशुनगंज के परिसर में लगे विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने इस क्रम में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के स्टॉल पर लगाए गए विभिन्न उत्पादों को देखा और उनसे बातचीत भी की। मुख्यमंत्री ने कहा, ÷वर्ष 2005 में जब हमें बिहार में काम करने का मौका मिला, तब यहां स्वयं सहायता समूहों की संख्या नाम मात्र की थी। विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ानी शुरू की गई। इससे बिहार की महिलाओं की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं।

मुख्यमंत्री ने गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्रों द्वारा लगाए गए शैक्षणिक कार्यों से संबंधित स्टॉलों को देखा और उनसे बातचीत की। उन्होंने कॉलेज परिसर में बनाए गए सेंटर फॉर एक्सीलेंस का उद्घाटन किया। उन्होंने कॉलेज के वर्कशॉप का भी निरीक्षण किया और आधुनिक तकनीक पर आधारित मशीनों एवं उनकी कार्य पद्धति की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत भदौल-बुधमा में प्रस्तावित मिल्क चिलिंग प्लांट निर्माण कार्य से संबंधित योजना के बारे में भी जानकारी ली।

नीतीश कुमार ने अपने मधेपुरा के दौरे पर कई घोषणाएं कीं। उन्होंने सिंहेश्वर धाम मंदिर के जीर्णोद्धार एवं मंदिर परिसर क्षेत्र का विकास करने की घोषणा करते हुए कहा कि इससे लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा होगी तथा स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने चौसा प्रखंड में ग्रिड सब-स्टेशन का निर्माण और मुरलीगंज एवं चौसा प्रखंडों में पावर सब-स्टेशन का निर्माण करवाने का भी लोगों को भरोसा दिया। मुख्यमंत्री ने मधेपुरा नगर क्षेत्र में स्थित ऑडिटोरियम के आधुनिकीकरण की भी बात कही, जिससे विभिन्न सरकारी कार्यक्रम, सेमिनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित करने में काफी सुविधा होगी। इस दौरान बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, सांसद दिनेश चंद्र यादव और बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव भी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने फोटो पत्रकारों कैलेंडर का किया अनावरण किया



अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन-2025 कैलेंडर का अनावरण मु मंत्री चंद्रबाबू ने किया। एपीपीजेए के सदस्यों ने सचिवालय में सीएम से मुलाकात की और उनके हाथों कैलेंडर का अनावरण किया। सीएम ने कैलेंडर में लगे फोटो को दिलचस्पी से देखा। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू से मुलाकात करने वालों में फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधि विजया भास्कर, नारायण, महेश, प्रशांत और सतीश शामिल थे।

## देवनानी ने सोलहवीं विधानसभा के तृतीय सत्र की तैयारियों का लिया जायजा

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार से शुरु होने वाले सोलहवीं विधानसभा के तृतीय सत्र की तैयारियों का गुरुवार को यहां विधानसभा में जायजा लिया।

श्री देवनानी ने विधानसभा सदन, राज्यपाल के अगवानी स्थल, चिकित्सा व्यवस्था, कैंटीन सहित विभिन्न कक्षों को देखा और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने विधान सभा परिसर में मीडिया के छायाकारों के लिये की गई व्यवस्था का अवलोकन किया और मीडिया के लिये किये गये प्रबंधन को देखा और उनके लिये बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। इस सत्र का शुभारम्भ शुक्रवार को पूर्वाह्न ग्यारह बजे राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे के अभिभाषण से होगा। राज्यपाल के विधानसभा पहुंचने पर श्री देवनानी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल उनका पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करेंगे। राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया जाएगा और श्री बागडे सलामी गारद का निरीक्षण भी करेंगे। राज्यपाल को प्रोसेशन के साथ अभिभाषण के लिए सदन में ले जाया जाएगा।

इसके अलावा श्री देवनानी ने विधानसभा में भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की विधानसभा शाखा द्वारा बैंकिंग फ्रॉडस से बचने के लिये आवश्यक जानकारियों के फोल्डर का अनावरण भी किया। श्री देवनानी को बैंक के मुख्य प्रबंधक संजय शर्मा ने बताया कि यह फोल्डर सभी विधायकों सहित बैंक के ग्राहकों को उपलब्ध कराये जायेगें।

## आंध्र प्रदेश की गठबंधन सरकार बदनामी अभियान चलाकर प्रतिशोध की राजनीति का सहारा ले रही: मिथुन रेड्डी

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी



नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश की गठबंधन सरकार बदनामी अभियान चलाकर प्रतिशोध की राजनीति का सहारा ले रही है। वाईएसआरसीपी सांसद पी मिथुन रेड्डी ने कहा कि वह इस मुद्दे को हर मोड़ पर आकर जवाबी कार्रवाई उठाएंगे और झूठे आरोपों पर खुलासा देंगे वा लड़ेंगे अगर जरूरत पड़ी तो न्यायालय का भी दरवाजा खटखटा आएंगे। गुरुवार को यहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वाईएसआरसीपी नेताओं को निशाना बनाना चंद्रबाबू नायडू और उनके मित्र मीडिया की आदत बन गई है और हमारे परिवार पर झूठे आरोप लगाकर निशाना बनाया गया है कि हमने वन भूमि पर अतिक्रमण किया है। सबसे पहले, यह वन भूमि नहीं है और हमारे पास सक्षम अधिकारियों से सभी दस्तावेज और अनुमोदन हैं, लेकिन टीडीपी और उसके मित्र मीडिया उचित सबूत के बिना झूठे आरोप लगा रहे हैं, जिससे पता चलता है कि वे सिर्फ हम पर कीचड़ उछालना चाहते हैं। हम नए जोश के साथ लड़ेंगे और ऐसी रणनीति बर्दाश्त नहीं करेंगे।

उन्होंने कहा कि हमने यह जमीन 2001 में खरीदी थी और इसका गजट 1968 में ही जारी हुआ था और यह वन भूमि नहीं है. उन्होंने कहा कि बदले की राजनीति का सहारा लेते हुए 4 लाख रुपये प्रति एकड़ की दर से जमीन खरीदी गई और कुल रकम 3 करोड़ रुपये हुई।

हम मांग करते हैं कि अभीया का पर एक अच्छा करना अच्छा करना अच्छा करना अच्छा करना है। ऐसी खराब रणनीति हमें रोक नहीं पाएगी और हम नई ताकत के साथ वापस आएंगे और ऐसी झूठी खबरें फैलाने के लिए गठबंधन पर नकेल कसेंगे। इससे पहले भी उन्होंने मदनपल्ले फाइलों के मुद्दे पर झूठे आरोप लगाए थे और कुछ भी साबित नहीं हुआ था। संसद सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक में भाग लेने वाले मिथुन रेड्डी ने कहा कि उन्होंने पोलावरम ऊंचाई मुद्दे, राज्य पुनर्गठन और ड्रग्स मुद्दे के लंबित मुद्दों पर चर्चा की, उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को संसद में भी उठाएंगे। बोलेंगे ने कानूनी विशेषज्ञों से यह भी कहा कि वी विजयसाई रेड्डी ने निजी कारणों से इस्तीफा दिया है।

## गांव मातंड में जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव, ग्रामीणों से हुआ सीधा संवाद

# जनता की समस्याओं का पारदर्शिता से समाधान हमारी प्राथमिकता : डॉ मनोज कुमार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**गोहाना/सोनीपत।** मुख्यमंत्री नायब सैनी के निर्देश पर हरियाणा सरकार की 'रात्रि ठहराव' पहल के तहत जिला प्रशासन ने गुरुवार को गोहाना क्षेत्र के गांव मातंड में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया। उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने गांव के प्राइमरी स्कूल में ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान जिला प्रशासन के द्वसभी महत्वपूर्ण विभागों ने शिविर लगाकर ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

रात्रि ठहराव कार्यक्रम में पहुंचने पर उपायुक्त डॉ मनोज कुमार का गांव के सरपंच राजू पंडित व ग्रामीणों ने स्वागत किया। उपायुक्त ने गांव का विकास व उन्नति के लिए समस्याओं को दूर करते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने कहा कि ग्रामीण बेझिझक होकर अपनी समस्याओं को जिला प्रशासन के समक्ष रखें। रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीण महिलाओं की भी भागीदारी रही और उन्होंने भी अपनी समस्याओं के बारे में जिला प्रशासन के अधिकारियों को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की सेवा के लिए तत्पर है। प्रशासन खुद गांवों में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल कर रहा है। उपायुक्त ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि हर समस्या का समाधान किया जाएगा और प्रशासन आपके साथ खड़ा है।

इस मौके पर डीसीपी रविंद्र तोमर ने कहा कि युवा गांव के विकास में योगदान दें। युवा नशे से दूर रहें व अपने सर्वांगीण विकास पर फोकस करें। युवा खेलों से जुड़े। नशे के जो आदी हैं वह भी नशे को छोड़कर अच्छा नागरिक बन सकता है। उन्होंने कहा कि नशे के बारे में कोई भी ग्रामीण पुलिस को सूचना दे सकते हैं। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह से गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों को साइबर क्राइम को लेकर भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामीण अपने बेटों और बेटियों को अच्छी शिक्षा दे क्योंकि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो समाज में बड़े से बड़ा परिवर्तन कर सकता है इसलिए अगर हमने अपने देश और समाज को आगे बढ़ाना है तो हमारे बच्चों का शिक्षित होना बहुत जरूरी है।

**गांव को साफ-सुथरा बनाने में सभी ग्रामीण करें सहयोग***

उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने मातण्ड गांव के लोगों से आह्वान किया कि वे अपने गांव को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करें ताकि यह गांव दूसरे गांव के लिए भी उदाहरण बन सके। उन्होंने उन्होंने कहा कि सभी लोग प्लास्टिक का प्रयोग न करें क्योंकि अगर हम इस प्लास्टिक की थैलियों को इधर-उधर फेंकेंगे तो इससे गंदगी तो फैलेंगी ही अगर इन्हें हमारे पशु खा लेंगे तो वह भी उनको बीमार होने का खतरा रहेगा। उन्होंने कहा कि गांव का कोई भी व्यक्ति तालाब के 100 मीटर के दायरे में गोबर या कूड़ाकरकट न डालें अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी क्योंकि तालाब पर कूड़ा करकट रहे वह गोबर डालने से तालाब का पानी खराब हो जाता है इसको पीने से हमारे पशुओं में बीमारी फैलने का खतरा बना रहता हैं।

इस अवसर पर एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने कहा कि ग्रामीणों ने जो शिकायतें दी है उनका प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाएगा ताकि गांव को आदर्श गांव बनाया जा सके। रात्रि ठहराव से पहले उपयुक्त ने गांव के तालाबों, चौपालो, सरकारी स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र, पशुपालन विभाग की डिस्पेंसरी का भी निरीक्षण किया।

रात्रि ठहराव में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। ग्रामीणों ने अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याएं डीसी के समक्ष रखीं, जिनमें बिजली, सड़क, स्वच्छता, पेयजल, शिक्षा व अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए और ग्रामीणों को योजनाओं का पूरा लाभ मिले। उन्होंने कहा कि जिन समस्याओं का मौके पर समाधान संभव था उनका किया गया है व अन्य समस्याओं के लिए अधिकारियों को तय समय में समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं।

## देवनानी ने 16वीं विधानसभा के तृतीय सत्र की तैयारियों का लिया जायजा

जयपुर, (अप्रस)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार से शुरु होने वाले सोलहवीं विधानसभा के तृतीय सत्र की तैयारियों का गुरुवार को यहां विधानसभा में जायजा लिया। श्री देवनानी ने विधानसभा सदन, राज्यपाल के अगवानी स्थल, चिकित्सा व्यवस्था, कैंटीन सहित विभिन्न कक्षों को देखा और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने विधान सभा परिसर में मीडिया के छायाकारों के लिये की गई व्यवस्था का अवलोकन किया और मीडिया के लिये किये गये प्रबंधन को देखा और उनके लिये बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। इस सत्र का शुभारम्भ शुक्रवार को पूर्वाह्न ग्यारह बजे राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे के अभिभाषण से होगा। राज्यपाल के विधानसभा पहुंचने पर श्री देवनानी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल उनका पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करेंगे। राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया जाएगा और श्री बागडे सलामी गारद का निरीक्षण भी करेंगे। राज्यपाल को प्रोसेशन के साथ अभिभाषण के लिए सदन में ले जाया जाएगा।

## वकीलों व प्रशासन के बीच झड़प के बाद हुआ समझौता

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** कोर्ट परिसर लायर्स चैम्बबर सैक्टर-12 फरीदाबाद संयुक्त आयुक्त नगर निगम, सुमित कुमार, ओल्ड फरीदाबाद दलबल के साथ जेसीबी लेकर लायर्स चैम्बर्स के पास बनी केनटीन के पास चाय, जूस, के स्टॉल व खाने की दुकानों को तोडने के लिए पहुँच गये। और उन्होंने बिना जिला बार ऐसोसिएशन को सूचना दिये सब को क्षतिग्रस्त कर दिया इसकी सूचना बार ऐसोसिएशन के प्रधान जोगिन्द्र सिंह नरवत व महासचिव पवन पाराशर को मिली तो उन्होंने मौके पर पहुँच कर तोडने का विरोध किया तो सुमित कुमार संयुक्त आयुक्त ने अपना रूतवा दिखाते हुए जे0सी0बी को नहीं रोका तो इसी बात नोक-झोक होने गली और मौका पर सैकडो अधिवक्ता एकत्रित हो गये।ज्यादा अधिवक्ताओं की तादाद देखकर प्रशासन मौके से जा चुका था, वकीलों ने जेसीबी को अपने कब्जे में ले लिया।बार काउंसिल पंजाब एण्ड हरियाणा के पूर्व मनोनित सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा प्रशासन को तोड-फोड करने से पहले जिला बार ऐसोसिएशन को सूचना देनी चाहिए, कोर्ट परिसर में हजारो की तादाद में लोग अपने केस की पेरवी के लिए आते है जिन्हें सस्ते रेट पर खाना, चाय इन स्टाल व ढाबो से मिलता है बाहर से खाना खाना हर व्यक्ति की पहुँच से दूर होता है।बहार खाने के अधिक रेट होते है।सैकडों वकीलो ने एकत्रित होकर इस घटना की सूचना डिस्ट्रीक एण्ड सेसन जज संदीप गर्ग को दी उसके बाद वकील एकत्रित होकर कोर्ट परिसर वाले मेंन गेट पर कुर्सी लेकर बैठ गये और प्रशासन के खिलाफ नारे-बाजी करने लगे, नारे बाजी को देख एसीपी सैन्ट्रल राजीव कुमार ने वकीलों से मौका पर पहुँचकर बात-चीत की और वकीलों ने कहा कि जब तक प्रशासन की तरफ से कोई भी अधिकारी आकर खेद प्रकट नहीं करता तब तक कोई बात नहीं होगी। वकीलों की मांग पर एसडीएम फरीदाबाद शिखा अंतिल ने आकर बार रूम में मद्देस्ता की और बार जिला ऐसोसिएशन को भरोसा दिलाया कि भविष्य में कभी भी बिना सूचना दिये कोई भी कोर्ट परिसर व उसके आस पास में तोड-फोड नहीं की जायेगी। जब जाकर वकीलों और प्रशासन की मध्यस्ता से मामला सुलझा। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता कुवंर दलपत सिंह, भारत चन्दीला, सुखबीर चन्दीला, मुकेश नैंन, पवन कौशिक, सतबीर शर्मा, टेकचन्द शर्मा, देवेन्द्र कपासिया, विकास भड़ाना, रोहित भड़ाना, अरूण कल्याना, इंजिनियर अनूप वशिष्ठ, सरफाराज खान, अफाख खान, बीरू नागर, सचिन नागर, मनीष गुप्ता, विजय खटाना, अनील नागर, विजय यादव, कुलदीप जोशी, सागर, नागर आदि सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे।

## वाईएसआर पार्टी ने ने जारी की 'स्कूल फीस पोरू' पोस्टर

अर्थ प्रकाश / बोम्मा रेड्डी



**विजयवाड़ा।** वाईएसआर पार्टी ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय ताडेपल्ली में पूर्व मंत्री जोगी रमेश, अंबाती रामबाबू, वेल्लमपल्ली श्रीनिवास, एमएलसी लैला एपिरेड्डी और छात्र नेता पनुगंती चैतन्य और रविचंद्र द्वारा ÷फीस पोरू÷ ( छात्रो फीस प्रतिपूर्ति के लिए लड़ाई) का पोस्टर जारी किया और तत्काल निदान की मांग की। लंबित शुल्क प्रतिपूर्ति धनराशि की सरकारजमा करने की मांग की।

जोगी रमेश ने शुल्क प्रतिपूर्ति निधि जारी नहीं करने, छात्रों और अभिभावकों को वित्तीय संकट में डालने के लिए गठबंधन सरकार की सरकार की आलोचना की।

उन्होंने चंद्रबाबू नायडू पर यह फंड को रोककर छात्रों को धोखा देने का आरोप लगाया और राज्य भर के कलेक्टर कार्यालयों पर विरोध प्रदर्शन की घोषणा की।

अंबाती रामबाबू ने दोहराया कि नायडू सरकार रुपये रोक रही है। 3,900 करोड़ रुपये का बकाया है, जिससे छात्रों को उनके प्रमाणपत्र नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि धनराशि तुरंत जारी नहीं की गई तो विरोध तेज हो जाएगा।

वेल्लमपल्ली श्रीनिवास ने शिक्षा क्षेत्र में जगन मोहन रेड्डी के सुधारों पर प्रकाश डाला और चंद्रबाबू नायडू पर छात्रों के कल्याण की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने उल्लेख किया कि पवन कल्याण ने भी जगन के नेतृत्व में सरकारी स्कूलों के सुधार को स्वीकार किया था। वाईएसआरसीपी नेताओं ने धन जारी होने तक अपनी लड़ाई जारी रखने की कसम खाई, चेतावनी दी कि अगर मुद्दा अनसुलझा रहा तो आंदोलन तेज हो जाएगा।

अंबाती रामबाबू ने कहा कितेलुगु देशम गठबंधन सरकार बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही हैउनकी फीस की भरपाई रोकने के वजह सेबच्चों की मानसिक तनाव परिवार के ऊपर आने वाले दबावके कारण है चंद्रबाबू नायडू और उनकी नीतियां शर्म की बात है सरकार की नीतियां धन एकत्रित करने के लिए नहीं सेवा करने के लिए भी जिम्मेदार होता है एकत्रित तो कर रहे हैं लेकिन सेवा की भावना इसमें दिख नहीं रही है और इस विषय को हम राज्य स्तर में आंदोलन का रूप देने के लिए यह काम जारी रख रहे हैं कहा

# पू. सी. रेलवे द्वारायात्रियों की सुविधा के लिए वित्त वर्ष 2024-25 में नई ट्रेन सेवाएं व अतिरिक्त ठहराव किया शुरु

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**मालीगांव।** रेल सेवाओं के विस्तार की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता के तहत, पूर्वोत्तर सीमा रेलवे ने वित्त वर्ष 2024-2025 में अब तक कई नई ट्रेनों की शुरूआत की हैं। चालू वित्त वर्ष के दौरान पू. सी. रेलवे ने लगभग छह जोड़ी नई ट्रेनों की सेवाएं शुरू की है। तेज़ यात्रा का विकल्प प्रदान करने के लिए गुवाहाटी - उत्तर लखिमपुर - गुवाहाटी जन शताब्दी एक्सप्रेस (12047/12048) का परिचालन 3 जनवरी 2025 को शुरू किया गया। कम दूरी के यात्रियों की सेवा के लिए गुवाहाटी-न्यू बंगाईगांव-गुवाहाटी पैसेंजर (55818/55817) का परिचालन 4 जनवरी 2025 को शुरू किया गया। वहीं,अरुणाचल प्रदेश में कनेक्टिविटी को बढ़ावा प्रदान करने के लिए तिनसुकिया-नाहरलगुन-तिनसुकिया एक्सप्रेस (15911/15912) का परिचालन 3 जनवरी 2025 को शुरू किया गया। इसके अतिरिक्त, आनंद विहार टर्मिनल-राधिकापुर-आनंद विहार टर्मिनल साप्ताहिक एक्सप्रेस (14012/14011) की शुरूआत 6 अक्टूबर 2024 कोऔर बालुरघाट-बठिण्डा-बालुरघाट एक्सप्रेस (15733/15734) की शुरूआत15 अप्रैल 2024 को हुई थी। छोटी दूरी की रेल कनेक्टिविटी में एक अन्य महत्वपूर्ण ट्रेन तिनसुकिया-लामडिंग-तिनसुकिया डेमू पैसेंजर (75602/75603) है, जिसकी सेवा 18 जून, 2024 से शुरू हुई थी।

पू. सी. रेलवे पर नई रेलगाड़ियां शुरू करने के अलावा, रेल यात्रियों की सुविधार्थ विभिन्न स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव भी प्रदान किया गया है। ट्रेन संख्या 12423/12424



डिब्रूगढ़-नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव 18 अप्रैल, 2024 से रंगिया में प्रारंभ किया गया। ट्रेन संख्या 13174/13173 सबरूम- सियालदह- सबरूम कंचनजंगा एक्सप्रेस का अतिरिक्त ठहराव 18 अप्रैल, 2024 से बिहारा में शुरू किया गया, जबकि ट्रेन संख्या 15665/ 15666 गुवाहाटी-मरियानी-गुवाहाटी बीजी एक्सप्रेस 17 अप्रैल, 2024 से बोकाजान में ठहरती है। इसके अलावा, ट्रेन संख्या 15613/15614 गुवाहाटी-मुरकंगसेलेक - गुवाहाटी लाचित एक्सप्रेस का ठहराव 19 जुलाई, 2024 से न्यू मिसामारी में भीकिया गया है। इसके अलावा, ट्रेन संख्या 15817/15818 शोखुवि-नाहरलगुन-शोखुवि डोनी पोलो एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 22412/22411 आनंद विहार टर्मिनल- नाहरलगुन-आनंद विहार टर्मिनल अरुणाचल एक्सप्रेस का न्यू मिसामारी में क्रमशः 19 अप्रैल, 2024 और 21 जुलाई, 2024 से अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है।

ये नई ट्रेन सेवाएं और अतिरिक्त ठहराव पू. सी. रेलवे की यात्री सुविधा को बढ़ाने, पहुँच में सुधार और सुलभ यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के निरंतर प्रयासों को दर्शाते हैं। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे अपने यात्रियों की बढ़ती ज़रूरतों को पूरा करते हुए इस क्षेत्र में रेल संपर्क को और अधिक मज़बूत करने को प्रतिबद्ध है।

# संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद लंडा मॉड्यूल के चार सदस्य गिरफ्तार; दो ग्रेनेड और दो पिस्तौल बरामद

अमेरिका-स्थित गुरदेव जैसल और कनाडा-स्थित सत्ता नौशहरा द्वारा चलाया जा रहा था मॉड्यूलः डीजीपी गौरव यादव

गिरफ्तार आरोपी अपने विदेशी संचालकों के संपर्क में थे और किसी को निशाना बनाने की साजिश रच रहे थेः एसएसपी अभिमन्यु राणा

अर्थ प्रकाश संवाददाता







**तरनतारन, 30 जनवरी।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार संगठित अपराध के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत तरनतारन पुलिस ने अमेरिका-स्थित आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ लंडा से जुड़े और अमेरिका-स्थित गुरदेव सिंह उर्फ जैसल चंबल तथा कनाडा-स्थित सतबीर उर्फ सत्ता नौशहरा द्वारा चलाए जा रहे मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद तरनतारन से चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान तरनतारन के मुरादपुरा निवासी रोबिनजीत सिंह उर्फ रोबिन, तरनतारन के उस्मान निवासी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी, गुरदासपुर के कलानौर निवासी नवजोत सिंह उर्फ नव और गुरदासपुर के घुम्मण कला निवासी जगदीप सिंह उर्फ जग्गा के रूप में हुई है।

पुलिस टीमों ने उनके कब्जे से दो हैंड ग्रेनेड और दो अत्याधुनिक .30 बोर की पिस्तौल के साथ-साथ गोला-बारूद और तीन मैगजीन भी बरामद की हैं। इसके अलावा, पुलिस ने अपराध में प्रयुक्त उनकी बिना रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट वाली होंडा सिविक कार भी जब्त कर ली है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ के दौरान उन्होंने कबूल किया कि जब्त किए गए हैंड ग्रेनेड और हथियार जैसल चंबल द्वारा उसके अज्ञात साथी के माध्यम से सप्लाई किए गए थे और वे जैसल चंबल व सत्ता नौशहरा के कहने पर किसी को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। उन्होंने आगे बताया कि गिरफ्तार आरोपी जबरन वसूली और गिरोह से संबंधित हिंसक आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं। डीजीपी ने कहा कि इस मामले में अन्य संबंधित कड़ियों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

ऑपरेशन का विवरण साझा करते हुए, तरनतारन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अभिमन्यु राणा ने बताया कि जब यह सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति होंडा सिविक कार में जा रहे हैं, तो डीएसपी इन्वेस्टिगेशन रजिंदर मनहास की निगरानी में सीआईए स्टाफ तरनतारन के इंचार्ज अमनदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सिरहाली रोड पर ठठियां महंता गांव के पास नाका लगाया।

उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने सफलतापूर्वक आरोपियों की कार को ट्रेस कर लिया और जब पुलिस पार्टी ने उनकी गाड़ी रोकने की कोशिश की, तो आरोपियों ने पुलिस टीमों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिससे पुलिस को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। इस दौरान आरोपी रोबिन के पैर में गोली लग गई। इसके बाद उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस टीमों ने उनके कब्जे से दो हैंड ग्रेनेड और एक पिस्तौल समेत गोलियां बरामद की हैं।

एसएसपी ने बताया कि इस कार्रवाई और गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ के बाद गिरोह के दो अन्य सदस्यों नवजोत उर्फ नव और जगदीप उर्फ जग्गा को भी गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से एक और अत्याधुनिक पिस्तौल और गोलियां बरामद की गई हैं। जांच के दौरान पता चला है कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी दिसंबर 2024 में गुरदासपुर के हीर गांव में हुई गोलीबारी की घटना में शामिल थे, जिसमें उन्होंने जैसल चंबल के इशारे पर घर के मालिक से फिरौती मांगी थी।

एसएसपी ने कहा कि इस मामले की आगे जांच जारी है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां व बरामदगियां होने की संभावना है।

इस संबंध में एफआईआर नंबर 11, दिनांक 30/01/2025, भारतीय दंड संहिता (बीएनएस) की धारा 113(3) और 113, आर्म्स एक्ट की धारा 25(6) और 25(7) तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 3, 4, 5 और 6 के तहत थाना सिरहाली, तरनतारन में मामला दर्ज किया गया है।

# रस्सा टूटने से ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली का संतुलन बिगड़ा, गन्ने के नीचे दबने से ड्राइवर सहित दो लोगों मौके पर हुई मौत

खन्ना पुलिस की लापरवाही, समय रहते किसानों को ओवरलोड को लेकर जागरूक किया होता, बच सकती दो जिंदगियां

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण




मौके पर ट्रेक्टर का हाल,



पराली से (ओवरलोड) ट्राली

**खन्ना, 30 जनवरी।** खन्ना के गांव बाहोमाजरा के पास देर रात गन्ने की भरी ओवरलोड ट्राली का रस्सा टूटने से हुए हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान गुरदीप सिंह और दीदार सिंह निवासी माजरी के तौर पर हुई है। गुरदीप सिंह और दीदार सिंह गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली लेकर अमलोह जा रहे थे। जैसे ही वह खन्ना जीटी रोड पर बने गांव बाहोमाजरा के पास पहुंचे तो रस्सा टूट गया जिससे ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया, गन्ना दोनों के ऊपर आ गिरा। जिस वजह से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार गुरदीप सिंह अपने पड़ोसी दीदार सिंह गांव माजरी के साथ गन्ना भरकर अमलोह जा रहा था। जैसे ही दोनों बाहोमाजरा के पास पहुंचे तभी गन्नों पर बंधा रस्सा टूट गया। इस कारण ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और ट्रैक्टर घूमता हुआ रेलिंग पर चढ़ गया। ढलान होने के चलते गन्ने दोनों लोगों के ऊपर आ गिरे। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और काफी मशक्कत के बाद दोनों को गन्ने को नीचे से निकाला। तब तक गुरदीप सिंह की मौत हो चुकी थी। जब दीदार सिंह को इलाज के लिए खन्ना सिविल अस्पताल लाया जा रहा था तो रास्ते में उसकी भी मौत हो गई।

इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने शवों को मोर्चरी में भेजने के लिए कहा तो गुरदीप सिंह के रिश्तेदार अड़ गए कि वे पोस्टमार्टम नहीं करवाएंगे। वे अपनी गाड़ी में शव लेकर जाएंगे। स्थिति को देख पुलिस को बुला लिया गया। देर रात तक माहौल तनावपूर्ण बना रहा। सब इंस्पेक्टर सुखदेव सिंह ने बताया कि उन्होंने राहगीरों की मदद से गन्ने से नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

इस हादसे की जिम्मेदारी खन्ना पुलिस पर है क्योंकि हमने कई बार खन्ना पुलिस को बताया कि ट्रैक्टर-ट्राली से कमर्शियल काम किए जा रहे हैं, आप इस पर कार्यवाही करें, परंतु खन्ना पुलिस ने इस बात को सीरियस नहीं लिया, जिसका खामियाजा दो लोगों ने अपनी जिंदगी देकर चुकाना पड़ा, पुलिस को पता है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के मुताबिक ट्रैक्टर- ट्राली से कमर्शियल काम नहीं लिया जा सकता ,चलो मान लेते हैं कि किसान अपने खेत से गन्ना ट्रैक्टर- ट्राली में ले जा सकता है परंतु क्या पुलिस का यह फर्ज नहीं है कि जब सड़क से गन्ने की ट्राली निकलती है, अगर ट्राली में गन्ना ओवरलोड है तो उन्हें रोककर समझाया जा सकता है कि आप इतना गन्ना डालकर नहीं ले जा सकते, आप अपनी जिंदगी के साथ-साथ सड़क पर चलने वाले लोगों की जिंदगी को भी खतरे में डाल रहे है, किसान आपकी बात जरूर मानेगा,

अगर पुलिस ने समय रहते गन्ना किसान को जागरूक किया होता तो आज दो जिंदगियां बच सकती थी, वहीं दूसरी ओर हमने कई बार खबर छापी कि ट्रैक्टर- ट्राली से पराली की गांठ (ओवरलोड) जिसकी ऊंचाई 20- 25 फुट के करीब ऊपर तक होती है, वह ट्रैक्टर ट्राली शहर से होकर गुजरती है, कभी भी कोई भी हादसा हो सकता है, पुलिस की इस तरह की लापरवाही किसी और पर भी भारी पड़ सकती है।

# रोक के बावजूद अवैध निर्माण जारी

## अधिकारी ने कहा पहले नोटिस, अगर उसके बाद भी निर्माण सही नहीं किया तो करेंगे कानूनी कार्रवाई

खन्ना हाईवे पर नक्शे मुताबिक नहीं चल रहा था निर्माण ,काउंसिल अधिकारी ने रुकवाया

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण




हाईवे पर चल रहा निर्माण

**खन्ना, 30 जनवरी।** कुछ दिन पहले नगर कौंसिल खन्ना के बिल्डिंग ब्रांच के अधिकारियों ने खन्ना हाईवे पर चल रहे अवैध निर्माण को रुकवा दिया था, क्योंकि अधिकारियों को शिकायत मिली थी कि हाईवे पर चल रहा निर्माण नक्शे मुताबिक नहीं किया जा रहा, बिल्डिंग ब्रांच के ड्राफ्टमैन संजू व मैडम शिखा ने कहा कि हम ने दो बार मौके पर जाकर निर्माण को चेक किया, निर्माण नक्शे मुताबिक नहीं चल रहा था, जिसके बाद हमने बिल्डिंग मालिक को नक्शा लेकर कौंसिल दफ्तर बुलाया था और उन्हें आदेश दिया था कि जब तक आप लोग नक्शे के अनुसार काम नहीं करते तब तक आप काम को बंद रखें, परंतु उन्होंने काम बंद नहीं किया, इसके लिए इसके बाद हमने 195 का नोटिस निकाल दिया है जिस पर ईओ चरणजीत सिंह के साइन होने बाकी है, अगर उसके बाद भी निर्माण करने वाला सही निर्माण नहीं करेगा तो उस पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। इस संबंध में जब हमने नगर कौंसिल खन्ना के जेई संदीप सिंह से बात की तो उन्होंने कहा कि एक शिकायत के द्वारा मामला हमारे ध्यान में आया था, हमने ड्राफ्टमैन संजू व अन्य टीम को मौके पर भेजा था तो वहां पर देखा गया कि निर्माण करने वाला व्यक्ति पास किए गए नक्शे मुताबिक निर्माण नहीं कर रहा था, जिससे उसका काम बंद करवा दिया गया है।



जेई संदीप सिंह

# पंजाब सरकार ने फिनलैंड में प्रशिक्षण के लिए भेजने हेतु प्राइमरी और एलिमेंट्री शिक्षकों के चयन की प्रक्रिया शुरू की

इच्छुक शिक्षक 2 फरवरी तक ई-पंजाब स्कूल पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं: हरजोत सिंह बैंस

स्कूल शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों से सरकार के इस कार्यक्रम का लाभ उठाने का आह्वान किया

अभ्यर्थियों के लिए पूर्व और वर्तमान छात्रों के माता-पिता की 20 सिफारिशें होनी आवश्यक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 30 जनवरी।** पंजाब सरकार द्वारा प्रदेश की स्कूल शिक्षा प्रणाली को विश्वस्तरीय मानकों के बराबर लाने के निरंतर प्रयासों के तहत पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग ने फिनलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ तुर्कू में प्रशिक्षण के लिए प्राइमरी और एलिमेंट्री शिक्षकों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस चयन प्रक्रिया के बारे में जानकारी साझा करते हुए पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि 72 प्राथमिक और एलिमेंट्री शिक्षक (बी पी ई ओज, सी एच टीज, एच टीज) के दूसरे बैच को प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ तुर्कू भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस तीन सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में एक सप्ताह पंजाब में और दो सप्ताह फिनलैंड में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इच्छुक शिक्षक 2 फरवरी, 2025 की शाम 5 बजे तक ई-पंजाब स्कूल पोर्टल epunjabschool.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

मंत्री ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए चयनित अभ्यर्थियों की आयु 31 जनवरी, 2025 तक 43 वर्ष या इससे कम होनी चाहिए, जबकि यह एचटी, सी एच टी और बी पी ई ओ पदों के लिए अधिकतम आयु 48 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, आवेदकों के पास वैध भारतीय पासपोर्ट होना आवश्यक है, जिसकी वैधता कम से कम सितंबर 2025 तक होनी चाहिए। इसके साथ ही, अभ्यर्थियों के खिलाफ कोई लंबित चार्जशीट, जांच या आपराधिक मामला नहीं होना चाहिए।


इसके अलावा, आवेदकों को उनकी उत्कृष्ट कार्यप्रदर्शन को दर्शाने वाली 20 सिफारिशें या रेफरेंस प्रस्तुत करने होंगे, जिनमें से 10 वर्तमान छात्रों के माता-पिता और 10 पूर्व छात्रों के माता-पिता द्वारा दिए गए होने चाहिए।

# कैथल के व्यक्ति ने पत्नी-बेटे को नहर में फेंका

## विदेशी प्रेमिका के लिए की हत्या, 2 दिन में रचाई दूसरी शादी

दो दिन के भीतर शादी होने पर हुआ शक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पटियाला, 30 जनवरी।** इंग्लैंड में रहने वाली प्रेमिका के लिए कैथल के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और डेढ़ साल के बेटे को नहर में जिंदा फेंक दिया था। इस घटना की सच्चाई तब सामने आई जब इंग्लैंड से लौटी प्रेमिका ने पति को तलाक दिए बिना ही दो दिन के अंदर आरोपी से शादी कर ली।

आरोपी के ससुरालियों ने यह सब देखा तो पूछताछ शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस के सीनियर अफसरों ने जांच शुरू कर दी और आरोपी शौकिन सिंह निवासी कैथल (हरियाणा) व उसी प्रेमिका किरनदीप कौर जोगीपुर गांव सनौर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। केस रजिस्टर होते ही दोनों घर से फरार हो गए हैं, जिनकी तलाश में घग्गा पुलिस अधिकारी रेड कर रहे हैं।

केस रजिस्टर करवाने वाले अमरीक सिंह निवासी पटियाला गांव दफतरीवाला के स्टेटमेंट के अनुसार, उसकी 30 वर्षीय बेटी गुरप्रीत कौर की शादी कैथल के शौकीन सिंह के साथ हुई थी। शादी के बाद उनके दो बेटे थे। 15 जनवरी 2024 को शौकीन सिंह ने अमृतसर जाने के लिए कार में अपनी पत्नी और डेढ़ साल के बेटे को बैठाया और घर से निकल गया। इसके बाद सुबह के समय यह लोग गांव कालवाणु भाखड़ा नहर पहुंचे जहां पर शौकीन सिंह ने अपने किसी अनजान मददगार की सहायता से अपनी पत्नी और डेढ़ साल के बेटे को नहर में फेंक दिया।

### कुदरती हादसा मान पुलिस ने नहीं की थी कार्रवाई

नहर में डूबने की वजह से मां और बेटे की मौत हो गई थी, जिसके बाद आरोपी ने कहानी बनाई कि नहर में नारियल बहाते समय पैर फिसलने की वजह से गुरप्रीत कौर और डेढ़ साल का बेटा गुरनाज पानी में गिर गए थे। कुदरती हादसा होने के चलते पुलिस ने पोस्टमार्टम करने के बाद मामला ठंडा बस्ते में डाल दिया था। इधर, इंग्लैंड में रहने वाली शौकीन सिंह की प्रेमिका पति को तलाक दिए बिना वापस आ गई और 2 दिन के अंदर ही इसने शादी कर ली, जिस वजह से परिवार को शक हुआ। शक होने के बाद आरोपी शौकीन सिंह के ससुर अमरीक सिंह ने सीनियर पुलिस अफसर को कंप्लेट कर दी, जिसकी इन्वेस्टिगेशन करने के बाद पुलिस ने एफआईआर रजिस्टर की है।

# हैबतपुर सरकारी प्राथमिक स्कूल में पानी की समस्या का हुआ स्थायी समाधान

सबमर्सिबल पंप लगवाकर की गई पहल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**डेराबस्सी, 30 जनवरी।** आखिरकार हैबतपुर गाँव के सरकारी प्राथमिक स्कूल में लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो गया है। माननीय सरदार कुलजीत सिंह रंधावा (विधायक, डेराबासी विधानसभा क्षेत्र) और ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती जसविंदर कौर के संयुक्त प्रयासों तथा पूरी ग्राम पंचायत के सहयोग से स्कूल परिसर में सबमर्सिबल पंप लगवाया गया। इस पहल से अब छात्रों और स्टाफ को स्वच्छ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाध्यापिका मैडम रचना महाजन ने बताया कि वर्षों से स्कूल में पीने के पानी और अन्य आवश्यकताओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा था। उन्होंने विधायक रंधावा और सरपंच जसविंदर कौर के सक्रिय योगदान की सराहना करते हुए कहा, ÷यह एक बड़ी राहत है। अब बच्चों को स्वच्छ पानी मिलेगा और शैक्षणिक वातावरण भी बेहतर होगा।'

कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार सतिनाम सिंह, शिक्षक मास्टर हरतेज सिंह, समस्त स्कूल स्टाफ और ग्रामीणों ने भाग लिया। सभी ने विधायक और सरपंच के प्रति आभार जताया। सरदार सतिनाम सिंह ने कहा, ÷यह परियोजना ग्रामीणों और स्कूल के बीच सामुदायिक सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है।'

माननीय विधायक रंधावा ने अपने संबोधन में कहा, 'शिक्षा और बच्चों के कल्याण को प्राथमिकता देना हमारा कर्तव्य है। भविष्य में भी ऐसी समस्याओं के निवारण के लिए प्रतिबद्ध हूँ।' सरपंच जसविंदर कौर ने भी ग्राम पंचायत के सहयोग को रेखांकित करते हुए स्कूल के विकास के लिए नई योजनाओं का संकेत दिया। इस पहल से हैबतपुर गाँव में शिक्षा के बुनियादी ढाँचे को मजबूती मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कदम न केवल स्कूल बल्कि पूरे समुदाय के लिए फायदेमंद साबित होगा।

# लायंस क्लब के शिविर में 73 लोगों ने किया रक्तदान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**डेराबस्सी 30 जनवरी।** लायंस क्लब ने गॉव भगवानपुर में श्री जी विंडो फैक्ट्री में भगवानपुर इंडस्ट्रीज़ के साथ मिलकर रक्तदान शिविर लगाया । इस शिविर का शुभारभ लायंस क्लब के चार्टर्ड प्रेसिडेंट श्री विजय मित्तल जी और डिम्पल बंसल जी ने अपने कर कमलों द्वारा किया ।इस शिविर में 73 लोगो ने स्वेच्छा से रक्त दान किया ।सेक्टर 32 के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल से आयी डॉक्टर्स की टीम द्वारा यह रक्त यूनिट्स कलेक्ट्स किए । लायंस क्लब के बरखा राम ने इस अवसर पर बताया कि इस सेशन का लायंस क्लब द्वारा यह 11वा रक्तदान शिविर हैं ।इस अवसर पर डॉक्टर्स ने उपस्थित लोगो को कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति 3 महीने में एक बार रक्त दान कर सकता हैं । उन्होंने बताया कि रक्तदान करने वाले व्यक्ति को हार्ट अटैक का ख़तरा बहुत कम रह जाता हैं। उन्होंने बताया कि ट्राइसिटी के हॉस्पिटल्स में रक्त की बहुत ज़रूरत होती हैं इसलिए हमे ज़्यादा से ज़्यादा लोगो को जागरूक कर रक्तदान शिविर लगाने चाहिए ताकी हम रोगियों के ब्लड की ज़रूरत पूरी कर सके । इस अवसर पर भगवानपुर इंडस्ट्रीज़ के डिम्पल बंसल ने आये हुए डॉक्टर्स ब्लड डोनर्स और लायंस क्लब का विशेष रूप से धन्यवाद किया । इस अवसर पर लायंस क्लब के नितिन जिंदल उपेश बंसल बलकार सिंह अमरीश भल्ला आदि उपस्थित थे ।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों को जीवन में अपनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि : डॉ. शांडिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन ।** स्वास्थ्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों को जीवन में अपनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। डॉ. शांडिल आज सोलन ि?ला के कण्डाघाट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने उपस्थित जन को सम्बोधित कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने कहा कि इस दिवस को देश में शहीदी दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश के स्वतंत्रता संग्राम को निर्णायक दिशा प्रदान की। राष्ट्रपिता



महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर आधारित एक अनूठा आंदोलन चलाकर भारत को विदेशी शासन से स्वतंत्र करवाने में अहम भूमिका निभाई।

डॉ. शांडिल ने कहा कि राष्ट्रपिता के आदर्श हमें विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं और उनके सिद्धांतों का अनुसरण कर हम आत्मनिर्भर ग्राम की कल्पना को साकार कर सकते हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं भी सुनी।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत बांजनी के पूर्व प्रधान प्रेम कश्यप, आत्मा परियोजना के अध्यक्ष सुरेन्द्र ठाकुर, एन.एस.यू.आई के ि?ला अध्यक्ष कुशाग्र ठाकुर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के समन्वयक जय प्रकाश, कांग्रेस नेता संजीव ठाकुर, राजेश ठाकुर, इन्द्र सिंह, रमेश कश्यप, मदन वर्मा, डी.डी. शर्मा, उपमण्डलाधिकारी कण्डाघाट सिद्धार्थ आचार्य, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी कण्डाघाट डॉ. बी.एन. नन्दा, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, नगर पंचायत कण्डाघाट के पार्षद बाबू राम सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# यातायात नियमों का पालन ही सड़क सुरक्षा की सर्वोत्तम गारंटी : मनमोहन शर्मा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि यातायात नियमों का पालन सड़क सुरक्षा की सर्वोत्तम गारंटी है और हम सभी को नियम पालन के साथ-साथ संवेदनशीलता के साथ वाहन चलाना चाहिए। मनमोहन शर्मा आज यहां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 के अंतर्गत जिला रेडक्रॉस समिति सोलन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि यातायात नियमों के पालन के साथ-साथ मदिरा के सेवन के उपरांत वाहन चलाना न केवल चालक अपितु अन्य यात्रियों एवं पथिकों की सुरक्षा के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा एक व्यापक विषय है और इसके अंतर्गत चालक के साथ-साथ अन्य सभी की सुरक्षा निहित है। सड़क सुरक्षा के लिए जन-जन का जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वाहन चलाते समय अपने और अपने परिजनो के साथ-साथ सभी की सुरक्षा का ध्यान रखें। उन्होंने




कहा कि दुर्घटना होने में एक पल लगता है किंतु उसके दुष्प्रभावों को बहुत लम्बे समय तक झेलना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के विषय में प्रत्येक वाहन चालक को शिक्षित होना आवश्यक है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, अपनी लेन में चलें, सीट बैल्ट का प्रयोग करें, दुपहिया वाहन चालक हैलमेट का प्रयोग करना सुनिश्चित करें ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने विशेषकर युवाओं से आग्रह किया कि वाहन चलाते समय होश से काम ले और गति को नियंत्रित रखें।

उपायुक्त ने कहा कि सभी से आग्रह किया कि किसी भी दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को समय पर चिकित्सा सहायता तक पहुंचाने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में शारीरिक चोट लगने के उपरांत का पहला घण्टा अत्यंत महत्वपूर्ण होता है और इस 'गोल्डन ऑवर' में घायल को तत्काल और समुचित प्राथमिक चिकित्सा देने से उसका जीवन बचने की सम्भावना कई गुणा बड़ जाती है।

उन्होंने कहा कि आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली के तहत सभी आपातकालीन सहायता नम्बर जैसे पुलिस सहायता के लिए 100, अग्निकांड की घटनाओं के लिए 101 तथा एम्बुलैंस व आपदा प्रतिक्रिया के लिए 102 आदि को एक ही आपातकालीन नम्बर 112 में एकीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एक ही निःशुल्क फोन नम्बर 112 पर सम्पर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना के समय आपातकालीन एम्बुलैंस नम्बर 108 के अतिरिक्त 112 नम्बर पर कॉल करके भी सड़क दुर्घटना पीड़ित को तुरंत सहायता उपलब्ध करवाई जा सकती है।

उपायुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटना के मामलों में कमी लाने के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने सभी को यातायात नियमों का पालन करने और अपने प्रियजनों को इसके प्रति जागरूक करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि आंकड़ों के अनुसार देश में प्रतिवर्ष लगभग 16 हजार वाहन चालकों की मृत्यु का कारण सीट बैल्ट का प्रयोग न करना है। 22 हजार लोग सीट बैल्ट न लगाने की वजह से गम्भीर रूप से घायल होते है। एक आंकड़े के अनुसार देश में प्रतिवर्ष 1.50 लाख व्यक्ति सड़क हादसों में काल का ग्रास बनते हैं।

# राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन दिवस आयोजित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सोलन के सौजन्य से राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन दिवस के अवसर पर आज व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र सेंट ल्यूक्स सोलन में कुष्ठ रोग से संबंधित जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता आए.बी.सी. समन्वयक राधा चौहान ने की।

उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग एक संक्रामक रोग है जो माइक्रोबैक्टेरियम नाम के बैक्टीरिया से होता है। यह बीमारी संक्रमित व्यक्ति के साथ लंबे समय तक निकट संपर्क में रहने से फैलती है। उन्होंने कहा कि संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने के समय उनके समीप उपस्थित अन्य को यह रोग हो सकता है। राधा चौहान ने कहा कि कुष्ठ रोग आकस्मिक संपर्क जैसे कि हाथ मिलाने, गले मिलने, बर्तन साझा करने या साथ बैठने से नहीं फैलता है। उन्होंने कहा कि शरीर पर कोई भी दाग या पैच, शरीर के किसी भी भाग में सुन्नपन होना, शरीर पर लाल रंग या त्वचा के हल्के रंग का धब्बा होना जिसमें ठंड या गर्मी का एहसास ना हो, शरीर के किसी भी भाग में नसों का मोटा होना, शरीर पर ऐसा घाव जिसपर स्पर्श करने पर दर्द का अनुभव न हो, शरीर के घाव का कई हफ्तों या महीना तक ठीक ना होना, हाथ की उंगलियों की पकड़ कम होना इत्यादि कुष्ठ रोग के लक्षण हैं।

# आखिरकार कांग्रेस पार्टी की ऐसी सनातन विरोधी सोच क्यों : नंदा

**ये वही मल्लिकार्जुन खड़गे हैं जिन्होंने कहा था हम सत्ता में आएँगे तो सनातन को समाप्त कर देंगे**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** भाजपा संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत ऊपर संजौली बूथ में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा विशेष रूप में उपस्थिति रहे उनके साथ बूथ अध्यक्ष राजेश शर्मा, बूथ सदस्य नीलम शर्म, सुमन दुबे और संजीवना शर्मा भी रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्ण नंदा ने कहा कि कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि क्या में गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर हो जाएगी? क्या गंगा में डुबकी लगाने से लोगों को नौकरी मिल जाएगी? क्या गंगा में डुबकी लगाने से लोग खुश हो जाएंगे और देश सही चलेगा? पता नहीं क्यों ये लोग हजारों रुपए खर्च करके गंगा में जाके डुबकी लगाने का कॉम्पिटिशन करते हैं। नंदा ने चुनौती देते हुए कहा



कि क्या मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और सोनिया गांधी और कांग्रेस पार्टी किसी अन्य धर्म की आस्था के विषय में ऐसा कह सकते हैं?

नंदा ने कहा कि किसी और धर्म की आस्था को लेकर हम खिलवाड़ करने का सोच भी नहीं सकते हैं और ऐसी बयानबाजी भी कर नहीं सकते। हजारों-करोड़ों लोग हज करने जाते हैं, जिन्हें हमलोग सम्मान के साथ विदा करते हैं। सम्मान के साथ उनको घर लेकर आते हैं, उनको नमन करते हैं, प्रणाम करते हैं, क्योंकि यह आस्था का विषय है। लेकिन जब प्रयागराज में हजारों करोड़ों लोग माँ गंगा की संगम की शरण में जा रहे हैं, जो परंपरा करो?ं वर्ष से चली आ रही है उसे निभा रहे हैं। सनातन के खिलाफ़ इस प्रकार के वचन, इस प्रकार के बोल शर्मनाक हैं। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को इस पर स्पष्टीकरण देना चाहिए कि आखिरकार कांग्रेस पार्टी की ऐसी सनातन विरोधी सोच क्यों है?

कर्ण नंदा ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे ने पहली बार सनातन के खिलाफ़ नहीं कहा है। ये वही मल्लिकार्जुन खड़गे हैं जिन्होंने कहा था हम सत्ता में आएँगे तो सनातन को समाप्त कर देंगे। राहुल गांधी द्वारा विदेशों में जाकर डुबकी लगाने से भाजपा को कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन मां गंगा के खिलाफ ऐसे शब्दों का प्रयोग करना और प्रयागराज जैसे पवित्र स्थल और कुंभ जैसे महान पर्व के साथ खिलवाड़ करना उचित नहीं है। माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को हजारों काम हैं, लेकिन सभी कामों के निर्वहन के पश्चात भी उन्होंने करोड़ों वर्षो से चली आ रही आस्था को निभाया है। गंगा मात्र नदी नहीं है, हमारे लिए ये गंगा माँ है। जब हम अंजुली में गंगा माँ का जल लेकर नमन करते हैं, तो करोड़ों विश्वास जगते हैं। एक तरफ वो लोग हैं जो करोड़ों लोगों के साथ खड़े होकर इस आस्था को जीवित रख रहे हैं और दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी में कुछ लोग हैं जो इस आस्था का मजाक उड़ाते हैं और सनातन के खिलाफ़ बोलते हैं। आज राहुल गांधी और सोनिया गांधी को इस प्रकार की बयानबाजी के लिए पूरे हिंदुस्तान और सनातन धर्म पर विश्वास करने वाले प्रत्येक व्यक्ति से क्षमायाचना करनी चाहिए।

# जिला प्रशासन ने पतंगबाजी और चाइनीज़ डोर को लेकर जारी की एडवाज़री

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं उपायुक्त जतिन लाल ने पतंगबाजी और चाइनीज डोर के उपयोग को लेकर एडवाजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि चाइनीज डोर का निर्माण, बिक्री और उपयोग अवैध है। यदि कोई इसकी बिक्री करता है तो इसकी सूचना पुलिस या संबंधित अधिकारी को देना सुनिश्चित बनाएं। उपायुक्त ने बताया कि पतंगबाजी के लिए उपयोग में लाए जाने वाले चाइनीज मांझे और डोर इंसानो के साथ-साथ पशु-पक्षियों के लिए बेहद घातक है। चाइनीज डोर शीशे, प्लास्टिक, मिश्रित धातु की बनी होने के कारण काफी मजबूत होती है। चाइनीज डोर के कारण आकाश में उड़ने वाले पक्षियों के पंख और गर्दन मांझे में उलझकर कटने का खतरा बना रहता है। कई बाइक और स्कूटर सवार लोग भी इस डोर की चपेट में आ जाते हैं जिससे चेहरे पर चोट का खतरा और गला कटने की आशंका ज्यादा होती है।

## पतंगबाजी के लिए सुरक्षा उपाय

उन्होंने बताया कि पतंगबाजी करते समय केवल कपास या सूती धागे से बनी पारंपरिक डोर का उपयोग करें। खुले मैदान या सुरक्षित स्थानों पर ही पतंग उड़ाएं, सड़क या बिजली की तारों के पास पतंगबाजी करने से बचें। बाइक सवार हेलमेट और फेस कवर का उपयोग करें। किसी को डोर की चपेट में आने से चोट लगने पर तुरंत प्राथमिक उपचार दें और जरुरत हो तो अस्पताल ले जाएं। उपायुक्त ने जिलावासियों से सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल तरीके से पतंगबाजी करने की अपील की है ताकि खुद के साथ-साथ अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित बनाई जा सके।

# जलवायु परिवर्तन अनुकूलन के लिए कृषि वानिकी की क्षमता पर डाला प्रकाश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** कृषि वानिकी पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (ए.आई.सी.आर.पी.) की वार्षिक समूह बैठक में डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में संपन्न हुई। यह बैठक विश्वविद्यालय ने ए.आई.सी.आर.पी. एग्रोफोरेस्ट्री और सेंट्रल एग्रोफोरेस्ट्री रिसर्च इंस्टीट्यूट, झांसी द्वारा सह-आयोजित थी। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम ने देश में कृषि-वानिकी अनुसंधान और कार्यान्वयन को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य किया।

बैठक में कृषि वानिकी के भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए देश भर के विशेषज्ञ एक साथ एक मंच पर एकत्रित हुए। इस आयोजन में पांच तकनीकी सत्र शामिल थे, जिनमें से प्रत्येक अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों पर केंद्रित था, और इसके परिणामस्वरूप कृषि वानिकी के क्षेत्र में सुधार लाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण सिफारिशें की गई।

समापन सत्र में, कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने वैज्ञानिकों से किसानों को कृषि वानिकी के लाभों के बारे में शिक्षित करते समय पारिस्थितिक मापदंडों को शामिल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह दृष्टिकोण कृषि वानिकी प्रणालियों के पर्यावरणीय लाभों को हितधारकों तक बेहतर ढंग से पहुंचाएगा। चर्चाओं में जलवायु परिवर्तन शमन में कृषि वानिकी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया, जिसमें कार्बन को सोखने, जैव विविधता को बढ़ावा देने और स्थायी भूमि-उपयोग प्रथाओं को बढ़ावा देने की क्षमता शामिल है। विशेषज्ञों ने मृदा स्वास्थ्य को बढ़ाने, ख़राब भूमि को पुनः प्राप्त करने और चारे और जैविक उर्वरकों के स्थायी स्रोत प्रदान करने जैसी विशिष्ट चुनौतियों का समाधान करने के लिए डिज़ाइन की गई कृषि वानिकी प्रणालियों का उल्लेख किया ।

सत्रों का एक प्रमुख फोकस जलवायु परिवर्तन अनुकूलन के लिए कृषि वानिकी की क्षमता पर था। इसे समुदायों को अनियमित मौसम पैटर्न, मिट्टी के क्षरण और पानी की कमी से निपटने में मदद करने के लिए एक आशाजनक रणनीति के रूप में उजागर किया गया। टिकाऊ कृषि वानिकी मॉडल का समर्थन करने के लिए बेहतर नर्सरी मान्यता के आह्वान के साथ, आनुवंशिक रूप से बेहतर और साइट-विशिष्ट वृक्ष प्रजातियों जैसी गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

नीतिगत ढांचे में कृषि वानिकी के एकीकरण को सुविधाजनक बनाने के लिए राज्य एजेंसियों के साथ सहयोग का महत्व एक अन्य महत्वपूर्ण उपाय था। कृषि वानिकी को बढ़ावा देने, किसानों के लिए वित्तीय सहायता, प्रोत्साहन और विस्तार सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए अनुसंधान संस्थानों, सरकारी निकायों और स्थानीय अधिकारियों के बीच साझेदारी को मजबूत करना आवश्यक होगा।

बैठक में किसानों, शोधकर्ताओं और नीति निर्माताओं सहित विभिन्न हितधारकों के लिए क्षमता निर्माण पहल के महत्व को भी रेखांकित किया गया। कृषि वानिकी प्रथाओं को बढ़ाने और उनके पर्यावरणीय और आर्थिक लाभों को अधिकतम करने के लिए ज्ञान प्रसार और कौशल विकास का विस्तार को भी रेखांकित किया गया।

सत्र के दौरान, प्रोफेसर चंदेल ने टीएनवीएएसयू कट्टूपक्कम और जेएनकेवीवी जबलपुर की टीमों को सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पुरस्कार से नवाजा किया।

# रावमापा गोंदपुर जयचंद में सड़क सुरक्षा पर जागरूकता शिविर आयोजित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना।** जिला ऊना में सड़क सुरक्षा माह के तहत गुरुवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गोंदपुर जयचंद में सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) ऊना अशोक कुमार ने की। अशोक कुमार ने इस अवसर पर बताया कि सड़क सुरक्षा माह मनाने का उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों बारे जागरूक बनाना है ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन, तेज गति से वाहन चलाना और लापरवाही से आवेरटेक करना अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। उन्होंने सभी से अपील कि की हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सड़क पर सतर्कता बनाए रखनी चाहिए।

आरटीओ ने बच्चों को नशे से दूर रहकर पूरी सतर्कता के साथ वाहन चलाने की सलाह दी। साथ ही सडक दुर्घटनाओं में घायलों हुए व्यक्तियों की मदद करने की अपील भी की। उन्होंने गुड सेमेरिटन योजना के बारे में बच्चों को जागरूक करते हुए बताया कि योजना के तहत दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को (गोल्डन आवर) पहले एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र और 5 हज़ार रूपये नकद पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

शिविर में स्कूली बच्चों ने सड़क सुरक्षा नियमों पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग व भाषण प्रतियोगिताओं में भी बड़चड़ भाग लिया।

# सीईटी परीक्षा मार्च-अप्रैल में संभावित, जिला में बनाए जाने वाले परीक्षा केन्द्रों में बिजली, पानी, शौचालय सुविधाएं पूरी करें : उपायुक्त

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वो जिला के स्कूलों का निरीक्षण कर उनमें बिजली, पानी, बैंच, शौचालय जैसी परीक्षा के लिए जरूरी सुविधाओं को पूरा करवाएं। ताकि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा मार्च-अप्रैल में संभावित कॉमन इलिजिबल टेस्ट (सीईटी) की परीक्षा सफलता पूर्वक करवाई जा सकें। उपायुक्त मोनिका गुप्ता लघु सचिवालय के सभागार में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ली जाने वाली सीईटी परीक्षा की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रही थी।

उपायुक्त ने बताया कि जिला में अब तक 59 स्कूलों में ऐसी परीक्षाएं आयोजित की गई हैं। इन स्कूलों में करीब 13 हजार परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था है। उन्होंने डीईओ को निर्देश दिए कि नई परीक्षा से पहले एक रूम में 24 परीक्षाओं के बैठने की व्यवस्था, बिजली, पानी, मेल-फीमेल शौचालय, स्टाफ की नियुक्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने एसएचएचसी से आग्रह किया कि वो परीक्षा से सम्बन्धित सभी दिशा-निर्देश से पहले सही तय किये जाए, ताकि उनकी पालना उचित ढंग से सुनिश्चित की जा सके। बायोमेट्रिक, चेकिंग व अन्य स्टाफ परीक्षा से एक दिन पहले या समय पर पहुंच जाए।

उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों के लिए उनकी चाबी, बैग या अन्य सामान को गेट पर रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए पेपर एजेंसी के ही दो कर्मियों की नियुक्ति हो सकती है। उन्होंने कहा कि जिन कमरों पर परीक्षा हो वहां पर एचपीएससी की तर्ज पर दीवार घड़ी लगाने की व्यवस्था हो।

इस मौके पर एचएसएससी सदस्य अमर सिंह, एसडीएम चंद्रकांत कटारिया, एसडीएम कालका राजेश पुनिया, नगराधीश विश्वनाथ, जिला शिक्षा अधिकारी सतपाल कौशिक, एसीपी सुरेंद्र सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

**सीईटी में हो सकते हैं 15 लाख परीक्षार्थी :** एचएसएससी सदस्य अमर सिंह ने बताया कि सरकार के आदेश पर हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग जल्द ही सीईटी की परीक्षा लेने जा रहा है। इस बार करीब 15 लाख परीक्षाओं के परीक्षा में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। इससे पहले सीईटी में 11.50 लाख परीक्षा परीक्षा दे चुके हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह करते हुए कहा कि परीक्षार्थियों के बड़ने की संभावना को ध्यान में रखते हुए शहर के 15 किलोमीटर दायरे में भी केन्द्र स्थापित किये जा सकते हैं।

## जीपीएस लोकेशन की तैयार की जाएगी व्यवस्था

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस बार परीक्षा से पहले जिला प्रशासन की वैबसाइट पर परीक्षार्थियों के लिए सूचनाएं उपलब्ध करवाई जाएं। सभी धर्मशालाओं के नाम, संपर्क के लिए नंबर और जीपीएस लोकेशन की व्यवस्था की सूचियों को उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने कहा कि साथ ही जिन स्कूलों में परीक्षा आयोजित की जाएगी उन स्कूलों की भी जीपीएस लोकेशन तैयार की जाए। इन लोकेशनों की सूचियां बनाकर रेलवे स्टेशन, बस अडडा, धर्मशालाओं व सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किया जाए। ताकि परीक्षार्थियों का परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना आसान हो सके।

# महात्मा गांधी जी ने अपने मूल्यों और सिद्धांतों पर आगे बढ़ते हुए दिया आजादी में सहयोग

- प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों ने दो मिनट मौन रखकर महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

अर्थ प्रकाश संवाददाता


**पंचकूला।** उपायुक्त मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय के सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।

नगराधीश विश्वनाथ ने बताया कि प्रतिवर्ष देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई जाती है। महात्मा गांधी जी ने देश को आजादी दिलाने के लिए अंग्रेजों के खिलाफ मोर्चा खोलकर कई आंदोलन चलाये। उनके द्वारा देश की आजादी के लिए किये गए कार्यों को देखते हुए ही 30 जनवरी के दिन उनकी पुण्यतिथि को शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी जी ने अपने मूल्यों और सिद्धांतों पर आगे बढ़ते हुए आजादी में सहयोग दिया। उन मूल्यों और सिद्धांतों को आज भी याद रखा जा रहा है। 30 जनवरी 1948 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अंतिम सांस ली थी। उन्होंने कहा कि आज उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने और ऐसी घटनाएं दोबारा ना हो, इसके लिए लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# हिंद संग्राम परिषद् चंडीगढ़ हर अमावस्या को लगाता हैं लंगर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** शहर के सेक्टर 13में शास्त्री नगर कॉलोनी में हिंद संग्राम परिषद ट्राईसिटी द्वारा मौणी अमावस्या को विशाल खीर का भंडारा लगाया गया । इस भंडारे में क?ई प्रकार की मेवे डालकर खीर बनाई गई थी । खीर के खाने का आनंद छोटे बड़े सभी ने लिया । इस मौके पर एक राहगीर बुजुर्ग ने आकर लंगर के बर्तन साफ करने में अपना बहुमूल्य सेवा दी। बाबे दा प्रशादा मिशन में गोपीनाथ गुप्ता, सुरेंद्र नेगी, विक्रांत शर्मा, किशोर खन्ना, बलर बॉय, गुड्डी नेगी , शिवानी नेगी, गंगा राम गुप्ता, गोलू यादव तथा राणा आदि ने भरपूर सहयोग दिया ओर सेवा की है। नेगी ने बताया कि परिषद् समय-समय पर समाजिक कार्य करती रहती है। परिषद् ने मनीमाजरा बस स्टैंड को इस स्थान से कहीं खुले स्थान में बदलने का एजेंडा शुरू कर रखा है।

# महात्मा गांधी के शहीदी दिवस पर ट्राइसिटी में 'एनिमल फैन क्लब' हुआ लॉन्च

## युवसत्ता ने अमेरिका के हेलेन वुडवर्ड एनिमल सेंटर के साथ मिलकर किया लॉन्च

अर्थ प्रकाश /साजन शर्मा

**चंडीगढ़।** महात्मा गांधी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में वीरवार को शहर की स्वयंसेवी संस्था युवसत्ता ने अमेरिका के हेलेन वुडवर्ड एनिमल सेंटर के साथ मिलकर चंडीगढ़ के सेक्टर 18सी स्थित न्यू पब्लिक स्कूल में ट्राइसिटी में एनिमल फैन क्लब को लॉन्च किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य वन संरक्षक एवं पर्यावरण निदेशक सौरभ कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में न्यू पब्लिक स्कूल के डॉयरेक्टर आर.डी. सिंह, पर्यावरणविद् कुलभूषण कंवर और युवसत्ता के संस्थापक प्रमोद शर्मा



शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की पवित्र स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर हुई।


प्रमोद शर्मा ने बताया कि चंडीगढ़ में पिछले 17वें ग्लोबल यूथ पीस फेस्ट में अमेरिका की दो लड़कियों, हेली ब्लेक - एसोसिएट डायरेक्टर ऑफ एजुकेशन और जैकलीन केल्हेर - हेलेन वुडवर्ड एनिमल सेंटर में संयुक्त राष्ट्र की राजदूत ने भाग लिया था। और इस नए संबंध ने अब युवसत्ता और हेलेन वुडवर्ड एनिमल सेंटर के बीच साझेदारी का रूप ले लिया है, जिसका उद्देश्य स्कूल में एनिमल फैन क्लबों के माध्यम से युवाओं में मानवतावाद और अहिंसा की भावना को और अधिक बढ़ावा देना और मजबूत करना है। न्यू पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल मनीष हबलानी ने बताया कि वीरवार को मुख्य अतिथि सौरभ कुमार ने उनके न्यू पब्लिक स्कूल, जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, किताबघर और देव समाज कॉलेज ऑफ एजुकेशन जैसी चार संस्थाओं को एनिमल फैन क्लब के एफिलिएशन प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने बताया कि इनमें से प्रत्येक क्लब का नाम एक विशेष और विशिष्ट जानवर के नाम पर रखा जाएगा, जैसे उन्होंने एक डॉग को चुना है जो हाल ही में अमेरिका में मर गया था और उसका नाम कूपर था।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप सिलेबस में किए गए है कई बड़े बदलाव : महीपाल ढांडा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के लिए हरियाणा ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। हरियाणा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति व उसके नवीनकरण को स्कूली स्तर तक पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति से भारत विश्व गुरु बनेगा, इससे शिक्षा के क्षेत्र में विशेष बदलाव आएगा।

शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने आज नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग, तकनीकी शिक्षा विभाग के महानिदेशक प्रभजोत सिंह, उच्चतर शिक्षा विभाग के निदेशक राहुल हुड्डा, सेकेंडरी शिक्षा



के निदेशक जीतेन्द्र कुमार, गुरुग्राम विश्वविद्यालय से राजीव, निदेशक ऋषि गोयल, सुनील ब?ाज, एससीईआरटी से इंदु, जिला शिक्षा अधिकारी गुरुग्राम कुलदीप मेहता, विशेष आमंत्रित सदस्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी व पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का सपना है कि हरियाणा का युवा हिन्दी अग्रेजी तक ही सीमित न रहे, बल्कि युवा अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं को भी सीखे, विभाग दूसरी भाषाओं को सिखाने के लिए विचार कर रहा है, जो विदेशी भाषाओं की आवश्यकता होगी उन पर विभाग कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा वैज्ञानिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से मजबूत रहा है, लेकिन दूसरी पार्टी के कार्यकाल में पीड़ा, दर्द और दंश भी झेले है, लेकिन अब शिक्षा को लेकर सरकार का विशेष फोकस है। जिन लोगों ने शिक्षा के सिस्टम को तहस नहस करने का काम कि वे आज कुछ भी आरोप लगा सकते है। लेकिन नई शिक्षा नीति से देश में एक बड़ा बदलाव आ रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को जो वातावरण चाहिए वो उपलब्ध करवा रहे हैं। उन्होंने स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने, अध्यापकों की कमी को दूर करने के साथ स्कूल के वातावरण को सुधार पर भी कार्य किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि आज की बैठक में शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई है, जो खामियां रही है उन्हें दूर किया जाएगा। हरियाणा ने एक वर्ष के दौरान शिक्षा नीति को लागू करने के लिए उल्लेखनीय कार्य किया जाएगा।


राष्ट्रीय शिक्षा नीति का सबसे बड़ा पहलू नए सिलेबस के अनुसार नई पुस्तकें लागू करने का है। पहली से तीसरी कक्षा तक एनईपी अलाईड बुक्स स्कूलों में लगाई जा चुकी है। नए शैक्षणिक सत्र से छठी कक्षा की एनईपी अलाईड बुक्स नई शिक्षा नीति के अनुरूप होगी। एनसीईआरटी से जो भी पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाएगी उन्हें तत्काल लागू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में अध्यापकों के पढ़ाने का तरीका भी बदल जाएगा। इसके लिए अध्यापकों को ट्रेनिंग भी दी जा रही है। शिक्षा विभाग निपुण कार्यक्रम के तहत हर बच्चे को ट्रैक कर रहा है।

बैठक में एनईपी-2020 के तहत स्कूल शिक्षा में किए गए कार्यो की समीक्षा की गई, जिसे छह अलग-अलग समूहों में बांटा गया था। हर कार्य की पूर्णता की स्थिति का गहन विश्लेषण किया गया और आगे के कदम निर्धारित किए गए। उच्च शिक्षा क्षेत्र की समीक्षा में एनईपी के तहत उच्च शिक्षा के 16 महत्वपूर्ण कार्यों के कार्यान्वयन पर विचार विमर्श किया गया। शिक्षा मंत्री ने हरियाणा की स्कूल शिक्षा में हासिल की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों की प्रशंसा भी की। मंत्री ने तीन-भाषा सूत्र के महत्व पर जोर दिया।

# बजट-2025 में हरियाणा के उद्योगपतियों व व्यापारियों को मिले विशेष आर्थिक पैकेज : गुलशन डंग

अर्थ प्रकाश /सुकरमपाल

**रोहतक।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सितारमण 1 फरवरी को देश का



यूनियन बजट पेश करेंगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पेश होने वाले केंद्रीय बजट से हरियाणा के व्यवसायियों और उद्यमियों को काफी उम्मीदें हैं। इसको लेकर राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गुलशन डंग ने केंद्रीय वित्त मंत्री को बजट में हरियाणा के लिए नई सुविधाओं और विशेष आर्थिक पैकेज को शामिल करने की मांग की है। हरियाणा प्रदेश के व्यापारी और उद्योगपति इस बार के बजट में किन चीजों में राहत चाहते हैं और उनकी क्या अपेक्षाएं हैं, इसको लेकर राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गुलशन डंग ने बताया कि जब तक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगधंधों व व्यापारियों के हितों का ध्यान नहीं रखा जाएगा तब तक बजट से ना देश का फायदा होगा ना आम जनता को। बजट 2025-26 को लेकर हरियाणा के व्यापारियों एवं उद्योगों की प्रमुख समस्याओं को उजागर करते हुए उन्होंने कहा कि जमीन की बड़ती कीमतें और उच्च किराया हरियाणा में छोटे और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए एक बड़ी समस्या है। गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में जमीन की कीमत इतनी अधिक है कि नए उद्योग लगाना मुश्किल हो गया है। इसके अलावा बिजली एक प्रमुख आवश्यकता है, लेकिन हरियाणा के कई हिस्सों में अस्थिर आपूर्ति और बिजली की उच्च दरें उत्पादन को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती हैं। यह विशेष रूप से छोटे व्यापारियों और दुकानदारों के लिए चुनौतीपूर्ण है। गुलशन डंग ने कहा कि हरियाणा में उद्योगों को कुशल श्रमिकों की कमी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, श्रम कानूनों की जटिलताएं और प्रवासी श्रमिकों पर बड़ती निर्भरता उद्योगों की स्थिरता को प्रभावित करती है। व्यवसायियों और उद्योगों को वित्तीय सहायता प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया जटिल और समय लेने वाली है, जिसके कारण छोटे व्यवसाय अपनी विस्तार योजनाओं को साकार नहीं कर पाते हैं।

जीएसटी प्रक्रिया की जटिलता, बार-बार बदलते नियम और अन्य कराधान-संबंधी मुद्दे व्यापारियों के लिए तनाव का कारण बनते हैं। व्यापारी नेता ने कहा कि पानीपत और फरीदाबाद जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में पर्यावरण प्रतिबंध उद्योगों के विकास में बाधा डालते हैं। प्रदूषण के कारण कई उद्योगों पर जुर्माना लगाया जाता है या उन्हें बंद करना पड़ता है। इसके अलावा आज के प्रतिस्पर्धी युग में डिजिटल तकनीक का उपयोग आवश्यक है। हालांकि, हरियाणा में छोटे व्यापारी और उद्योग डिजिटल प्लेटफॉर्म और ई-कॉमर्स में पिछड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के सबसे समृद्ध राज्यों में से एक हरियाणा उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# सीएम नायब सैनी आज आएंगे जाट शिक्षण संस्था में



अर्थ प्रकाश /सुकरमपाल

**रोहतक।** जाट कॉलेज में मनाए जा रहे चौधरी छोटूराम के 144वें जन्मोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को आ रहे हैं।

सीएम के स्वागत के लिए जाट संस्था तैयार : प्रधान गुलाब सिंह दिमाना

जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने तैयारियों का जायजा लेते हुए बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी प्रात: 10 बजे पधार रहे हैं। उनके साथ अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रदेश के शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा भी आएंगे। इस दौरान कई अतिविशिष्ट व विशिष्ट अतिथि भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने जाट शिक्षण संस्था में पधार रहे हैं।

दिमाना ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रहबर-ए-आजम दीनबंधु सर छोटूराम के अनुयायी भी शिरकत करेंगे। इस दिन कॉलेज में कई तरह की मनमोहक प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है।

# शिक्षा विभाग की अनदेखी का खामियाजा भुगत रहे अभिभावक, मनमानी कर रहे निजी स्कूल संचालक

जल्द ही सभी स्कूल बसों की नियमित जांच शुरू की जाएगी, कमियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी- एसडीएम अमित कुमार

अर्थ प्रकाश /मनदीप कुमार

**समालखा ।** निजी स्कूल बसों से हो रहे दर्दनाक हादसों के लिए जिम्मेवार कौन है, यह सवाल बहुत ही महत्वपूर्ण है। स्कूल बसों के चालकों द्वारा नशे में गाड़ी चलाना, ओवर स्पीड या अन्य लापरवाही के कारण हादसे हो रहे है। इन हादसों की रोकथाम के लिए संबंधित विभाग आंख मुद बैठा है। माता-पिता का सपना होता है जिस कार्य को हम न कर सके, हमारे बच्चे पढ़-लिखकर पूरा करेंगे। चाहे बच्चे बड़े हों या फिर छोटे, मां-बाप के कलेजे के टुकड़े होते हैं। खासकर छोटे बच्चों को जब स्कूल भेजा जाता है तो अभिभावकों को बच्चों की फिक्र लगी रहती है। इसलिए काफी लोग अपने बच्चों के लिए स्कूल की बस लगा देते हैं, जिससे वो सेफ्टी से स्कूल आ-जा सकें, लेकिन जब उसी बस में लापरवाही की वजह से बच्चों को कुछ होता है तो मां-बाप का कलेजा मुंह को आ जाता है। क्योंकि स्कूल बसों में बच्चे शिक्षा लेने आगामी जीवन के लिए सशक्त होने लगभग इसी माध्यम से स्कूल पहुंचते हैं। चाहे उसमें छोटी कक्षाओं का जिक्र किया जाए या बड़ी कक्षाओं का, इसमें आमतौर पर छोटी कक्षाओं के बच्चों की संख्या अधिक रहती है। लेकिन दुर्भाग्यवश स्कूल बस की दुर्घटना परिवारों के चिरागों को सदा के लिए बुझा देती है। निजी स्कूल संचालकों द्वारा खटारा बसों, सूमो, टवेरा, ईको आदि गाड़ियों में बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने के कार्य पर लगाकर मोटा मुनाफा वसूला जा रहा है। इसके अलावा स्कूल संचालक सरकार को चूना लगाने का काम कर रहे हैं। बता दें कि कई प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को लाने-ले जाने के लिए कबाड़ हो चुकी बसें और प्राइवेट रजिस्ट्रेशन की सरकार द्वारा समय सीमा अवधि खत्म हो चुकी गाड़ियां लगाई हुई हैं।

## स्कूल बसों में सभी मानक होने चाहिए पूरे



उपमंडल अधिकारी अमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल बसों में सभी मानक पूरे होने चाहिए। जिसमें स्कूल बस पीले कलर की होनी चाहिए। इसके साथ ही उस पर स्कूल बस जरूर लिखा होना चाहिए। स्कूल बस में फर्स्ट एड बॉक्स होना जरूरी है। बस की खिडकी में ग्रिल लगी होनी चाहिए। इसके साथ ही बस में आग बुझाने वाला यंत्र भी लगा होना चाहिए। स्कूल बस पर स्कूल का नाम और टेलीफोन नंबर भी होना चाहिए। इसके साथ ही दरवाजों पर ताले लॉक भी लगा होना चाहिए। स्कूल बस में एक अटेंडेंट होना चाहिए। इसके साथ ही अधिकतम स्पीड 40 किलोमीटर प्रति घंटा होनी चाहिए। स्कूल बसों में जीपीएस और सीसीटीवी अनिवार्य कर दिए गए हैं। स्कूल परिसर में सीसीटीवी लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। यदि यह किराये की बस है, तो 'ऑन स्कूल ड्यूटी' स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए। स्कूल बैग को सुरक्षित रखने के लिए सीटों के नीचे जगह होनी चाहिए। यदि स्कूली बच्चों की आयु 12 वर्ष से कम है, तो ले जाए जाने वाले बच्चों की संख्या अनुमत बैठने की क्षमता से डेढ़ गुना से अधिक नहीं होगी। 12 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को एक व्यक्ति माना जाएगा। स्कूल कैब के ड्राइवर के पास कम से कम चार साल की अवधि के लिए एलएमवी-ट्रांसपोर्ट वाहन चलाने का वैध लाइसेंस होना चाहिए और उसे हल्के नीले रंग की शर्ट, हल्के नीले रंग की पतलून और काले जूते पहनना अनिवार्य है। शर्ट पर उसका नाम और पहचान पत्र लिखा होना चाहिए।

# ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत, चालक के खिलाफ मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/ रविन्द्र गिरि



**घरौंडा।** घरौंडा के गगसीना गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 34 वर्षीय युवक सुरेश कुमार की मौत हो गई। रात पक्का खेड़ा गांव के पास हुआ, जब सुरेश ट्रैक्टर से उतरकर शौच के लिए गया था। लौटते समय चालक रविंद्र सिंह का पैर अचानक ब्रेक से हट गया, जिससे ट्रैक्टर ने सुरेश को टक्कर मार दी। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

हादसे के बाद आरोपी चालक रविंद्र सिंह ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। मृतक के परिजनों ने रविंद्र पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल असंध भेज दिया।

मृतक के चचेरे भाई विनोद कुमार ने बताया कि सुरेश अविवाहित था और खेती-बाड़ी करता था। वह तीन भाइयों में से एक था। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है।

पुलिस ने विनोद कुमार के बयान के आधार पर ट्रैक्टर चालक रविंद्र सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब फरार आरोपी की तलाश कर रही है।

# सेम की समस्या को खत्म करने के लिए अधिकारी बनाएं ठोस योजना : कृषि मंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश की सेमग्रस्त एवं लवणीय भूमि को दुरुस्त करने के लिए कोई ठोस योजना बनाएं , किसानों के हित के लिए बजट की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

श्री राणा आज यहां कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सेम एवं लवणीय भूमि सुधार के लिए उठाए जा रहे ड़दमों की समीक्षा की। बैठक में विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री राजा शेखर वुंडरू , निदेशक श्री राजनारायण कौशिक के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

कृषि मंत्री ने विभाग के फील्ड से आए वरिष्ठ अधिकारियों की ओर मुखतिब होते हुए कहा कि आप लोग किसानों के सीधे सम्पर्क में रहते हैं , किसानों से राय -मशविरा करके सेमग्रस्त और लवणीय भूमि को जल्दी से जल्दी ठीक करने के वर्तमान उपायों के अलावा अन्य उपायों पर भी विचार करें और सुझाव दें। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि जिन गांवों में पंचायती-भूमि सेम ग्रस्त है तो वहां पर पोंड बनाकर झींगा मछली के पालन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें। इससे जहां लवणीय पानी का प्रयोग हो सकेगा वहीं पंचायतों को अतिरिक्त आमदनी भी हो सकेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेमग्रस्त भूमि को ठीक करने के लिए अगर जिलावाइज योजना बनानी पड़े तो वह भी बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में सेम की समस्या ज्यादा है वहां पर ड्रेन से पानी की निकासी करके भूमि सुधार के प्रयास करें।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा को इस अवसर पर अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रदेश के 13 जिलों के 686 गांव सेमग्रस्त हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश की कृषि भूमि का 8 प्रतिशत यानि 9,82,731 एकड़ भूमि सेम से प्रभावित है। फिलहाल सिरसा और गुरुग्राम जिला को सेम मुक्त कर दिया गया है जबकि फतेहाबाद जिला को इस साल के अंत तक सेम मुक्त कर दिया जाएगा।

# दिल्ली आगरा टोल रोड पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान आयोजित

## करमन टोल प्लाजा पर 36वें सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता अभियान आयोजित

अर्थ प्रकाश /दयाराम वशिष्ठ



**पलवल।** दिल्ली आगरा टोल रोड एनएच 19 पर पुलिस व हाइवे की टीम ने सयुक्त अभियान के दौरान सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाते हुए वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गाड़ियों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाकर उनकी दृश्यता बढ़ाने का कार्य किया गया, जिससे रात के समय दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। अभियान में हाईवे टीम, एसएचओ ट्रैफिक पलवल जितेंद्र कुमार, हवलदार पवन, और कोटवन चौकी इंचार्ज पवन पोनिया ने अहम भूमिका निभाते हुए यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी

प्लाजा प्रबंधक सनी पंवार ने हाईवे पर कार्यरत कर्मचारियों और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों के बारे में बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगे साइन-बोर्ड, ट्रैफिक लाइट और सूचना संकेतकों का सही उपयोग यातायात प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इंसीडेंट मैनेजर राजकुमार ने कहा कि इंसान की जान बेहद कीमती है, जिसे। यातायात नियमों का पालन करते हुए बचाया जा सकता वे। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, धीमी गति से वाहन चलाने और ट्रैफिक नियमों के पालन पर जोर दिया। उन्होंने सभी वाहन चालकों को गलत दिशा में वाहन न चलाने की सलाह दी और हाईवे पर लगे सूचना बोर्डो के महत्व को समझाया। सेफ्टी मैनेजर अमितपाल, हाईवे इंजीनियर विनय शर्मा, परवेंद्र चौहान और पवन दलाल ने इस अभियान का नेतृत्व किया। उन्होंने 'सुरक्षा सर्वोपरि' का संदेश देते हुए 36वें सड़क सुरक्षा माह के 30वें दिन तक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस दौरान एफओबी (फुट ओवर ब्रिज) के उपयोग और गलत दिशा में वाहन चलाने से होने वाले खतरों पर विशेष जोर दिया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और यातायात नियमों के पालन को प्रोत्साहित करना रहा। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने इसे सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

## हाइवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**पलवल (अप्रस)।** नेशनल हाईवे-19 पर बंचारी गांव के निकट अज्ञात वाहन ने जिला मथुरा (यूपी) से बाइक पर सवार होकर आईएमटी मानेसर जा रहे युवक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सड? पर गिरने के कारण युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के दोस्त की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। मुंडकटी थाना प्रभारी रेणू शेखावत के अनुसार, जिला अलवर (राजस्थान) के भिवाड़ी निवासी आनंद कुमार ने दी शिकायत में कहा है कि वह किसी काम से अपनी गाड़ी से नेशनल हाईवे-19 पर वृंदावन से पलवल की तरफ आ रहा था। जब उसकी गाड़ी नेशनल हाईवे-19 पर बंचारी गांव के पास पहुंची तो वहां उसके साथी गौंडा (यूपी) के कटरा बाजार निवासी ज्ञानेंद्र जो मथुरा यूपी से अपनी बाइक पर आईएमटी मानेसर जा रहा था उसकी दुर्घटना हो गई। उसने देखा की ज्ञानेंद्र गंभीर रुप से घायल है तो उसने तुरंत एम्बुलेंस बुलाया और अपने साथी को उपचार के लिए दिल्ली सफदरजंग अस्पताल ले गया।

# एच पी एल फाउंडेशन द्वारा 1350 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फरीदाबाद ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ऊंचागांव, बल्लभगढ़ में एच पी एल फाउंडेशन द्वारा 1350 विद्यार्थियों को निःशुल्क स्वेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर फाउंडेशन की ओर से प्रियंका शर्मा व हितेश धवन विशेष रूप से उपस्थित रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य जयप्रकाश डांगी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अध्यापक देवेंद्र गौड़ व एच पी एल फाउंडेशन का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि

'विद्या वही सार्थक है, जो समाज के उत्थान का आधार बने। एच पी एल फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियों के लिए किए जा रहे सेवाभावी प्रयास न केवल उनकी शैक्षिक यात्रा को सुगम बनाएंगे बल्कि उन्हें समाज सेवा के लिए प्रेरित भी करेंगे।' एच पी एल फाउंडेशन की प्रतिनिधि प्रियंका शर्मा ने कहा कि 'हमारा उद्देश्य केवल सामग्री वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में योगदान देना है। एक उज्वल भविष्य के लिए शिक्षा और संसाधन दोनों आवश्यक हैं, और हम प्रयासरत हैं कि हर विद्यार्थी को उचित सुविधाएँ प्राप्त हों।' अध्यापक देवेंद्र गौड़ ने बताया - विद्यालय परिवार ने एच पी एल फाउंडेशन द्वारा पूर्व में किए गए कार्यो- विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को बैग वितरण, वॉशरूम निर्माण तथा आर.ओ. प्लांट स्थापना- की भी भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# नेशनल हाई-वे व सड़कों को साफ-सुथरा बनाने का अभियान

अर्थ प्रकाश /कपिल देव रोहिल्ला



**कलायत ।** कलायत नगर पालिका ने शहर के आवासीय क्षेत्रों के साथ-साथ नेशनल हाई-वे व विभिन्न सड़कों को साफ-सुथरा बनाने का अभियान शुरू कर दिया है। नपा सचिव पवन कुमार द्वारा तय रूप रेखा अनुसार सुपरवाइजर सोमप्रकाश शर्मा की अगुवाई में सफाई कर्मियों ने नेशनल हाई-वे कैथल बाइपास से शहर में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान कर्मियों ने लोगों से स्वच्छता कार्य में सहयोग की अपील की। कर्मियों का उत्साह बढ़ाने के लिए स्वच्छता अभियान के पूर्व एंबेसडर नंबरदार संजय सिंगला आगे आए। उन्होंने सफाई अभियान का हिस्सा बनते हुए मिशन को रफ्तार देने की अपील शहर के लोगों से की। नपा अधिकारियों ने कहा कि शहर को साफ-सुथरा बनाए रखना पालिका का ध्येय है। इसमें हर वर्ग के सहयोग की दरकार प्रशासन को रहती है। हर नागरिक शहर को अपना घर-आंगन समझते हुए इससे साफ-सुथरा रखने का काम करे। इससे न केवल एक नया शुरू शहर को मिलेगा। बल्कि विकास को गति मिलेगी।

# रोहतक स्वास्थ्य विभाग की टीम ने द्वारका में भ्रूण लिंग जांच का भंडा फोड़ा

लिंग जांच करने वाले रेडियोलॉजिस्ट डॉ. विनीत माथुर को रंगे हाथों किया गिरफ्तार

उपायुक्त धीरेंद्र खडटा के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग ने की कारवाई



अर्थ प्रकाश /सुकरमपाल

**रोहतक।** उपायुक्त धीरेन्द्र खडटा के दिशा निर्देशानुसार रोहतक स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लिंगानुपात सुधारने की दिशा में एक और बड़ी सफल कार्रवाई की। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने द्वारका, दिल्ली में चल रहे लिंग जांच का भंडा फोड़ा और भ्रूण लिंग जांच चिकित्सक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। सिविल सर्जन डा रमेश चन्द्र ने बताया कि डीसी खडटा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिंगानुपात सुधारने को लेकर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। संदिग्ध अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच स्वास्थ्य विभाग को आरोग्य डायग्नोस्टिक सेंटर और डेंटल सेंटर, पॉकेट 5, सेक्टर 12 द्वारका दिल्ली में भ्रूण लिंग जांच किए जाने की सूचना मिली। इस बारे में उपायुक्त खडटा को जानकारी दी गई। उपायुक्त ने तुरंत प्रभाव से एक टीम बनाकर इस सेंटर पर छापामार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. विश्वजीत और चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहित के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इसके साथ ही एक महिला को भ्रूण लिंग जांच करवाने के लिए तैयार किया गया। उन्होंने बताया कि एक दलाल के माध्यम से 50 हजार रुपए में सौदा तय हुआ। उन्होंने बताया कि दलाल के कहे अनुसार महिला को जांच के लिए सेंटर में भेजा गया। जांच के दौरान रेडियोलॉजिस्ट डॉ. विनीत मदान ने वहां बताया कि तरीके से महिला के जुड़वा गर्भ है और दोनो भ्रूण मादा हैं। इसी कार्यवाही के दौरान रोहतक स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक दलाल शेलेन्द्र माथुर और रेडियोलोजिस्ट डॉ. विनीत माथुर को रंगे हाथो पकड़ा गया। वहां से अल्टसाउंड मशीन, सीसीटीवी फुटेज, रिकार्ड एंव 25,500 रूपये बरामद किये गए जबकि पीएनडीटी टीम ने फर्जी ग्राहक से 50 हजार रूपये में सौदा तय किया हुआ था। एक दलाल जिसका नाम विकास गुप्ता है, वह भाग में कामयाब हो गया। पीसी एण्ड पीएनडीटी एक्ट के तहत आगामी जांच चल रही है।

उन्होंने बताया कि डॉ. विशाल चौधरी एएसएमओ ने दलाल विकास गुप्ता को भागने से रोकने के लिए बहुत प्रयास किए, जिसमें वह दलाल के पीछे दौड़े लेकिन इसी बीच दलाल ने डॉ. विशाल को धक्का मारा और वह भागने में कामयाब हो गया। इस दौरान डॉ. विशाल चौधरी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि छापामार कार्रवाई की इस टीम में एसएमओ डॉ. संजीव मलिक, डॉ. विशाल चौधरी, डॉ. विकास सैनी, डॉ. विजय, रणजीत सिंह, सुशील एंव राजेश भी साथ थे। उन्होंने बताया कि कार्यवाही के दौरान एक अल्टसाउण्ड मशीन को भी सील कर दिया गया।

## जिला में लिंगानुपात सुधारने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं

डीसी धीरेंद्र खडटा ने बताया कि जिला में लिंगानुपात में और अधिक सुधार करने के लिए निरंतर ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए है कि जहां भी भ्रूण लिंग जांच की सूचना मिले वहां तुरंत प्रभाव से छापा मार कार्रवाई करें। द्वारका दिल्ली में आरोग्य डायग्नोस्टिक सेंटर और डेंटल सेंटर पर भ्रूण लिंग जांच किए जाने की सूचना मिली थी, जिस पर स्वास्थ्य विभाग को छापा मारने के निर्देश दिए थे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ठोस कार्रवाई की और भ्रूण लिंग जांच करने वाले रेडियोलॉजिस्ट को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। जिला प्रशासन के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की छापामार कार्रवाई जारी रहेगी।

# माघ गुप्त नवरात्रि व्रत से भक्तों की होती है इच्छाएं पूरी

हिंदू धर्म में नवरात्रि को बहुत ही खास माना जाता है। नवरात्रि का व्रत साल में चार बार रखा जाता है, जिसमें से दो बार प्रत्यक्ष और दो बार गुप्त नवरात्रि आती हैं। जहां प्रत्यक्ष नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है वहीं गुप्त नवरात्रि में 10 महाविद्याओं की गुप्त रूप से पूजा की जाती है। इसलिए माघ में आने वाले नवरात्रि को गुप्त नवरात्रि कहा जाता है।

गुप्त नवरात्रि के दैरान इन दस महाविद्याओं की पूजा की जाती है। दस महाविद्याएं देवी इस प्रकार से हैं- काली, तारा, छिन्नमस्ता, षोडशी, भुवनेश्वरी, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी या कमला। पंडितों के अनुसार देवी मां की इन 10 महाविद्याओं की पूजा करने से मनुष्य को विशेष सिद्धियां प्राप्त होती हैं और जीवन के सभी परेशानियों से छुटकारा मिलता है।



पंडितों के अनुसार मां दुर्गा की प्रतिमा या चित्र, सिंदूर, केसर, कपूर, जौ, धूप,वस्त्र, दर्पण, कंघी, कंगन-चूड़ी, सुगंधित तेल, बंदनवार आम के पत्तों का, लाल पुष्प, दूर्वा, मेंहदी, बिंदी, सुपारी साबुत, हल्दी की गांठ और पिसी हुई हल्दी, पटरा, आसन, चौकी, रोली, मौली, पुष्पहार, बेलपत्र, कमलगट्टा, जौ, बंदनवार, दीपक, दीपबत्ती, नैवेद्य, मधु, शक्कर, पंचमेवा, जायफल, जावित्री, नारियल, आसन, रेत, मिट्टी, पान, लौंग, इलायची, कलश मिट्टी या पीतल का, हवन सामग्री, पूजन के लिए थाली, श्वेत वस्त्र, दूध, दही, ऋतुफल, सरसों सफेद और पीली, गंगाजल इत्यादि का इस्तेमाल किया जाता है।

गुप्त नवरात्रि के दौरान तांत्रिक और अघोरी मां दुर्गा की आधी रात में पूजा करते हैं। मां दुर्गा की प्रतिमा या मूर्ति स्थापित कर लाल रंग का सिंदूर और सुनहरे गोटे वाली चुनरी अर्पित की जाती है। इसके बाद मां के चरणों में पूजा सामग्री को अर्पित किया जाता है। मां दुर्गा को लाल पुष्प चढ़ाना शुभ माना जाता है। सरसों के तेल से दीपक जलाकर 'ऊँ दुं दुर्गायै नमः' मंत्र का जाप करना चाहिए।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, गुप्त नवरात्रि में मां दुर्गा की 10 महाविद्या प्रकट हुई थी। माघ गुप्त नवरात्रि के दौरान देवी शक्ति के 32 अलग-अलग नामों का जाप, दुर्गा सप्तशती , देवी महात्म्य और श्रीमद्-देवी भागवत जैसे धार्मिक ग्रंथों का पाठ करने से सभी परेशानियां दूर होती है और जीवन में सुख शांति आती है। पंडितों के अनुसार गुप्त नवरात्रि में गई साधना जन्मकुंडली के समस्त दोषों को दूर करने वाली और धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष देने वाली होती है।

**माघ गुप्त नवरात्रि में ऐसे करें साधनाः** प्रत्यक्ष नवरात्रि में मां भगवती की पूजा जहां माता के ममत्व के रूप में की जाती है तो वहीं गुप्त नवरात्रि में देवी दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा शक्ति रूप में की जाती है। शास्त्रों के अनुसार गुप्त नवरात्रि में देवी साधना किसी को बता कर नहीं की जाती है इसलिए इन दिनों को नाम ही गुप्त दिया गया है। इन नवरात्रि में देवी साधना से शीघ्र प्रसन्न् होती हैं और मनोवांछित फल प्रदान करती हैं।

जितनी अधिक गोपनीयता इस साधना की होगी उसका फल भी उतनी ही जल्दी मिलेगा। देवी के मां कालिके, तारा देवी, त्रिपुर सुंदरी देवी, भुनेश्वरी देवी, मां धूम्रावती, बगलामुखी माता, मातंगी माता और देवी कमला की गुप्त नवरात्रि में पूजा की जाती है। मंत्र जाप, श्री दुर्गा सप्तशती, हवन के द्वारा इन दिनों देवी साधना करते हैं। यदि आप हवन आदि कर्मकांड करने में असहज हों तो नौ दिन का किसी भी तरह का संकल्प जैसे सवा लाख मंत्रों का जाप कर अनुष्ठान कर सकते हैं। आप राम रक्षा स्त्रोत, देवी भागवत आदि का नौ दिन का संकल्प लेकर पाठ कर सकते हैं और अखंड जोत जलाकर साधना करने से माता प्रसन्न होती हैं।

माघ गुप्त नवरात्र में अखंड ज्योति जलानी चाहिए। रोजाना पूजा के दौरान मां दुर्गा को फल चढ़ाएं। इसके बाद कन्या को प्रसाद बाटें। माना जाता है कि इस उपाय को करने से घर में पॉजिटिव एनर्जी हमेशा बनी रहती है। साथ ही मां दुर्गा की कृपा प्राप्त होती है।

# बोधेश्वर महादेव मंदिर में आते हैं हजारों सांप व दूर होते हैं 'असाध्य रोग'



उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के बांगरमऊ के पास स्थित बोधेश्वर महादेव के मंदिर को लेकर लोगों में गहन आस्था है। इस मंदिर को लेकर कहा जाता है कि मंदिर स्थित शिवलिंग के स्पर्श मात्र से ही लंबे समय से पीड़ित गंभीर रोग दूर हो जाते हैं। इतना ही नहीं, इस मंदिर में दर्शन के लिए देशभर से श्रद्धालु आते हैं और दर्शन के साथ ही अपने रोगों से मुक्ति पाते हैं।

इस मंदिर को लेकर एक कथा बेहद प्रचलित है जिसके अनुसार कहा जाता है कि एक बार नेवल के राजा को भगवान शिव ने सपने में आकर पंचमुखी शिवलिंग, नंदी और नवग्रह स्थापित करने के आदेश दिए। भगवान शिव से आदेश प्राप्त करने के बाद राजा ने इस कार्य को प्रारंभ किया और जब पंचमुखी शिवलिंग, नंदी और नवग्रह का निर्माण हो गया तो रथ पर इन्हें लेकर नगर में प्रवेश किया जाने लगा। तभी अचानक रथ का पहिया जमीन में धंसने लगा और लाख प्रयास के बाद भी रथ के पहिए को जमीन से नहीं निकाला जा सका। अंत में राजा ने उसी स्थान पर शिवलिंग, नंदी और नवग्रह की स्थापना कर भव्य मंदिर का निर्माण कराया। वहीं भगवान शिव द्वारा बोध कराए जाने के कारण इस मंदिर को 'बोधेश्वर महादेव' का मंदिर कहा जाता है।

इस मंदिर की बनावट बेहद खूबसूरत है और इसे 15वीं शताब्दी की कलाकृति कही जाती है। मंदिर में स्थापित पंचमुखी शिवलिंग के पत्थर के विषय में कहा जाता है कि यह पत्थर दुर्लभ है और 400 साल पहले विलुप्त हो चुका है। अब धरती पर यह पत्थर नहीं मिलते हैं।

वहीं नंदी और नवग्रह में जो पत्थर लगे हैं, उन पर पाषाण काल की पच्चीकारी की गई है जो अपने आप में अद्भुत है।

# नेशनल हाईवे 334 बी व दिल्ली रोड पर चला डीटीपी का पंजा, करीब 50 निर्माण तोड़े

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** वीरवार को खरखौदा में टाउन प्लानिंग विभाग की टीम पहुंची और जेसीबी से करीब 50 निर्माण को ध्वस्त कर दिया। टाउन प्लानिंग विभाग का इस बार पूरा फोकस नेशनल हाईवे 334 बी पर रहा। खरखौदा में जब से अवैध कॉलोनी पास हुई है तब से अवैध निर्माण और अवैध कालोनी काटने का सिलसिला जोर शोर से चला हुआ है । जिसकी शिकायत लगातार टाउन प्लानिंग विभाग की टीम को मिल रही थी। यही नहीं नेशनल हाइवे 334 बी और दिल्ली मार्ग पर भी खूब अवैध निर्माण हो रहे थे।

वीरवार को 2 जेसीबी मशीनों की सहायता से पिपली, जियाउद्दीनपुर और खरखौदा में एनएच 334बी पर 7 विभिन्न बिंदुओं पर बड़े पैमाने पर ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया।सबसे पहले टाउन प्लानिंग विभाग की टीम दिल्ली खरखौदा रोड पर पिपली में 30 मीटर प्रतिबंधित बेल्ट में आने वाले 250 आरएमटी की अनधिकृत बाउंड्री वॉल के आसपास के अनधिकृत निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया है।

इसके बाद पिपली में गांव आबादी के पास लगभग 1.5 एकड़ क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण को ध्वस्त कर दिया। जिसमें 5 बाउंड्री वॉल, 2 डीपीसीएस और 120 आरएमटी प्रीकास्ट बाउंड्री वॉल को ध्वस्त कर दिया गया है। तीसरा प्वाइंट एनएच 334बी पर राजस्व संपदा खरखौदा में लगभग 2 एकड़ क्षेत्रफल में फैली अनाधिकृत कॉलोनी को ध्वस्त किया गया, जिसमें 4 प्रॉपर्टी डीलर कार्यालय और 1 एकड़ मिट्टी की सड़क नेटवर्क को ध्वस्त किया गया। इसके बाद एनएच 334बी पर नगर निगम के बाहर राजस्व संपदा खरखौदा में लगभग 3 एकड़ क्षेत्रफल में फैली अनाधिकृत कॉलोनी को ध्वस्त किया गया। जिसमें 2 एकड़ मिट्टी की सड़क नेटवर्क, 4 डीपीसी, 3 बाउंड्री वॉल को ध्वस्त किया गया। पांचवां प्वाइंट एनएच 334बी पर नगर निगम के बाहर राजस्व संपदा खरखौदा में लगभग 2.25 एकड़ क्षेत्रफल में फैली अनाधिकृत कॉलोनी को ध्वस्त किया गया। जिसमें 1.5 एकड़ मिट्टी की सड़क नेटवर्क को प्रारंभिक चरण में ध्वस्त किया गया। इसके बाद एनएच 334 पर राजस्व संपदा जियाउद्दीनपुर में 30 मीटर प्रतिबंधित बेल्ट में पड़ने वाले अनाधिकृत निर्माण को ध्वस्त किया गया, जिसमें 12 निर्मित वाणिज्यिक दुकानों को ध्वस्त किया गया। 7वीं कार्रवाई में एनएच 334 पर राजस्व संपदा जियाउद्दीनपुर में 30 मीटर प्रतिबंधित बेल्ट में पड़ने वाले अनधिकृत निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया, जिसमें वाणिज्यिक दुकानों की 6 निर्माणाधीन चारदीवारी और वाणिज्यिक दुकानों की 3 निर्माणाधीन डीपीसी को ध्वस्त कर दिया गया।

# हमारी असल पहचान आत्मा के रूप में है

घड़ियां-लम्हें-पल जिसको हम समय कहते हैं, यह तो अपनी रफ्तार से चलता चला जाता है लेकिन उन्हीं घड़ियों, उन्ही लम्हों को मुबारक बनाया जा सकता है जिन्हें हम अपने हृदय के भक्ति वाले भाव बना लेते हैं। जब हमारे हृदय में समर्पण भाव आ जाता है, जब हम इस प्रभु के एहसास में डूब जाते हैं तब वो घड़ियां, वो लम्हें, वो पल-क्षण जो बीतते हैं वो सुन्दर होते हैं।



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

जब इस नई सदी का आगमन हुआ, जब सन 2000 में हमने प्रवेश किया तो उस वक्त एक नारा मिशन के मंच से दिया गया-

युग सुन्दर सदियां सुन्दर, हर पल सुन्दर, गर मानव जीवन हो सुंदर।

युगों, सदियाँ, पलों-लम्हों की सुन्दरता तब होगी जब मानव जीवन सुन्दर होगा। जिन भावनाओं का जिक्र हो रहा है वो भावनाएं हृदय में घर कर जाती हैं तो जीवन सुन्दर बन जाता है यानि कि युगों-घड़ियों-लम्हों की सुन्दरता मन की सुन्दरता के कारण है। मन की सुन्दरता ही हमें असल में इन्सनी रुप प्रदान करती ह और दूषित भाव ही हैं जो हमें इन्सानी जामे में होते हुए भी शैतानियत के रास्ते पर चलाते हैं। हैवानियत के रास्ते पर चलाने वाली भी यह हमारी अंधकारमयी सोच होती है जिसके कारण हम इस मानवीय शरीर को कलंकित करते हैं, मानव जाति को कलंकित करते हैं।

यहां पर मन की सुंदरता की बात हो रही है जिसके कारण इन्सानी वजूद में होकर भी हम देवता का रुप बन जाते हैं और देवता का रुप ही नहीं हम परमात्मा का रुप बन जाते हैं। सदैव से गुरु-पीर-पैगम्बरों ने जो यह ढंग बताया है आत्म-रुप होने का, परम अस्तित्व का रुप बनने का यही एक मात्र ढंग है, इसीलिए आज आप सभी इन्हीं भावनाओं को और सदृढ़ करने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

भाषायें, पहरावे, संस्कृतियां ये हमारे बाहरी लिबास हैं। हमारी शक्लें-सूरतें हमारी मूल नहीं हैं, संस्कृतियां ओर बाकी सारी चीजें बाद में जुड़ी हैं। जो मूल है, जो प्राथमिक है, वह वास्तविकता में हमारा एक असल रुप, एक मानव वाला रुप है जिसमें आत्मा बसती है।

## पंचांग

शुक्रवार, 31 जनवरी, 2025, सूर्योदयः 07:10 ए एम, सूर्यास्तः 06:00 पी एम, चन्द्रोदयः 08:28 ए एम, चन्द्रास्तः 08:02 पी एम, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, विक्रम सम्वतः 2081 पिङ्गल, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः माघ, पूर्णिमान्त महीनाः माघ, वारः शुक्रवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः द्वितीया - 01:59 पी एम तक, नक्षत्रः शतभिषा - 04:14 ए एम, फरवरी 01 तक, योगः वरीयान् - 03:32 पी एम तक, करणः कौलव - 01:59 पी एम तक, द्वितीय करणः तैतिल - 12:49 ए एम, फरवरी 01 तक, सूर्य राशिः मकर, चन्द्र राशिः कुम्भ, राहुकालः 11:13 ए एम से 12:35 पी एम, गुलिक कालः 08:31 ए एम से 09:52 ए एम, यमगण्डः 03:17 पी एम से 04:38 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 12:13 पी एम से 12:56 पी एम, दुर्मुहूर्तः 09:20 ए एम से 10:03 ए एम, दुर्मुहूर्तः 12:56 पी एम से 01:40 पी एम, अमृत कालः 09:31 पी एम से 11:01 पी एम, वर्ज्यः 12:33 पी एम से 02:03 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** व्यवसायिक परिपेक्ष में आज का दिन काफी चंचल रहेगा। दाम्पत्य सुख के मामले में भी दिन मिला-जुला रहेगा।

**वृषः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। कार्यक्षेत्र में कोई महत्वपूर्ण फैसला लेने से आपको फायदा होगा।

**मिथुनः** मिथुन राशि वालों के पारिवारिक जीवन में खुशियां बनी रहेंगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी।

**कर्कः** मिथुन राशि वालों के पारिवारिक जीवन में खुशियां बनी रहेंगी। सेहत को लेकर लापरवाही न बरतें।

**सिंहः** व्यर्थ की चीजों पर धन खर्च न करें। आज बिजनेस के लिए अच्छा दिन हैं।

**कन्याः** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी निजी काम को पूरा करने के लिए बड़े-बुजुर्ग की राय मानना आपके लिए कारगर साबित होगा। आपकी मेहनत रंग लायेगी।

**तुलाः** आज आपके विरोधी आपकी प्रतिष्ठा धूमिल करने की कोशिश करेंगे। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें।

**वृश्चिकः** ऑफिस में कोई एक्स्ट्रा जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। आप नए काम शुरू करने का भी मन बना सकते हैं।

**धनुः** कैरियर के किसी महत्वपूर्ण काम को अंजाम देने से पहले किसी वृद्ध महिला से आशीर्वाद लेना लाभदायक रहेगा। आज के दिन आप अपने कार्यस्थल पर वरिष्ठों की प्रशंसा के पात्र हो सकते हैं।

**मकरः** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के नौकरीपेशा वालों के लिए आज का दिन सामान्य रहने वाला है। आर्थिक स्थिति में कुछ सुधार हो सकता है।

**कुंभः** आपकी आध्यात्मिक एवं धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ सकती हैं। रुका हुआ धन मिलेगा और आर्थिक हालात में सुधार आएगा।

**मीनः** अच्छे मौके आपको मिल सकते हैं। नई प्लानिंग और अवसरों को लेकर कोई बड़ा फैसला भी आप कर सकते हैं।

# चंडीगढ़ में करिश्मा गोल्डव्हील्स द्वारा हीरो डेस्टिनी 125 का भव्य लॉन्च



अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। हीरो डेस्टिनी 125 का भव्य लॉन्च आज करिश्मा गोल्डव्हील्स, चंडीगढ़ में हुआ। इस खास मौके पर एसएचओ श्री भुल्लर, श्री प्रताप हून और हीरो मोटोकॉर्प की टीम बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रही। यह लॉन्च हीरो मोटोकॉर्प के लिए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हीरो मोटोकॉर्प भारत की अग्रणी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी है, जो अपने अभिनव और उच्च प्रदर्शन वाले उत्पादों के लिए जानी जाती है। कंपनी लगातार तकनीकी नवाचार कर रही है, जिससे उसके दोपहिया वाहन हर सेगमेंट में 'बेस्ट-इन-क्लास' माने जाते हैं और नई पीढ़ी की पहली पसंद बन चुके हैं।

नया हीरो डेस्टिनी 125 आधुनिक तकनीक, बेहतरीन माइलेज और विश्वसनीय परफॉर्मेंस का अद्भुत संयोजन है। यह स्कूटर खासतौर पर शहरी यात्राओं को अधिक सुविधाजनक और आरामदायक बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें शक्तिशाली 125सीसी इंजन दिया गया है, जो स्मूथ और दमदार राइडिंग अनुभव प्रदान करता है। इसकी सबसे खास विशेषता आई3 ए (आइडल स्टार्ट-स्टॉप सिस्टम) तकनीक है, जो ईंधन दक्षता को बेहतर बनाकर इसे और अधिक किफायती बनाती है।

लॉन्च इवेंट के दौरान हीरो मोटोकॉर्प की टीम ने हीरो डेस्टिनी 125 की प्रमुख विशेषताओं को विस्तार से समझाया। यह स्कूटर न केवल स्टाइलिश और आकर्षक डिज़ाइन के साथ आता है, बल्कि इसकी फ्यूल एफिशिएंसी भी इसे लंबी दूरी के सफर के लिए किफायती बनाती है। शहर के व्यस्त ट्रैफिक में इसे आसानी से चलाया जा सकता है, क्योंकि इसकी हैंडलिंग बेहद आसान है। सुरक्षा के लिहाज से भी इसे और मजबूत बनाया गया है, जिसमें बेहतर ब्रेकिंग सिस्टम और मजबूत बॉडी शामिल हैं, जिससे राइडर को अधिक आत्मविश्वास मिलता है।

अपनी दमदार परफॉर्मेंस, आधुनिक फीचर्स और विश्वसनीयता के साथ हीरो डेस्टिनी 125 उन ग्राहकों के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प है, जो एक आरामदायक, सुरक्षित और ईंधन-कुशल स्कूटर की तलाश में हैं। यह स्कूटर अब करिश्मा गोल्डव्हील्स, चंडीगढ़ में उपलब्ध है, जहां ग्राहक इसे टेस्ट राइड के लिए बुक कर सकते हैं और लॉन्च ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं।

# चार बार राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित व 475 संस्थाओं के सम्मान के साथ जेलर विजय सिंह मौर्य सेवानिवृत्त

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**श्योपुर।** जब इंसान में दृढ़ संकल्प और अपने सपनों को साकार करने का हौंसला होता है तो वह इंसान एक दिन अपने मुकाम को हासिल कर ही लेता है। इस वाक्य को चरितार्थ किया है जिला जेल, श्योपुर के जेल अधीक्षक डॉ. वी.एस. मौर्य ने। उन्होंने अपने सपनों को ऐसे साकार किया कि वे युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गए। विजय सिंह मौर्य अपनी मेहनत और लगन से एक आम आदमी से मध्यप्रदेश के सुप्रसिद्ध समाजसेवी बन गए। जेलर विजय सिंह मौर्य के पिता एक साधारण से व्यक्ति थे जो पढ़ाई को सबसे उत्तम मानते थे। विजय सिंह मौर्य में मेहनत और लगन से आगे बढ़ने की ज्ञिज्ञासा थी ही परंतु जीवन में अनेक बाधाएं झेलते हुए अपने लक्ष्य तक पहुंचने का कार्य पूरा किया। उन्होंने इंटर पास करने के बाद वे 17 फरवरी 1982 को बतौर आरक्षक मध्य प्रदेश जेल पुलिस में भर्ती हुए और सेंट्रल जेल ग्वालियर में पहली नियुक्ति हुई ।विभागीय नियमों अनुसार 8 मई 1985 में बतौर जेल विभाग में स्थाई नियुक्ति हुई परन्तु जीवन में आगे बढ़ने की ज्ञिज्ञासा और सुनहरे सपनों ने उन्हें चैन से सोने नहीं दिया और जेल विभाग से शिक्षा प्राप्त करने की स्वीकृति हेतु आवेदन किया तो विभाग ने उन्हें तुरंत शिक्षा प्राप्ति की अनुमति प्रदान कर दी। फिर क्या था यही से शुरू हुआ डॉ.विजय सिंह मौर्य का सामाजिक कार्य ,शिक्षा तथा विभागीय पदोन्नतियों का सिलसिला। उन्होंने तुरंत बी.काम. पास किया और एम. ए. हिंदी विषय से पास करने के तुरंत बाद एम. ए. समाज शास्त्र में किया। 1995 में उन्होंने मध्य प्रदेश सिविल सर्विस जेल की परीक्षा दी और पहले प्रयास में ही एमपीपीएससी परीक्षा पास कर जेल विभाग में बतौर सहायक जेल अधीक्षक के पद पर पदोन्नति मिली। लेकिन समाज शास्त्र विषय की पढ़ाई ने उन्हें समाज से ऐसा जुड़ाव दिया कि किसी भी परिस्थिति में सामाजिक कार्यो से परहेज़ नहीं किया।

सरकारी सेवा में होते हुए जितना भी समय उन्हें मिलता वह समाजसेवा में लग जाते। चाहें मध्य प्रदेश सरकार की योजना हों या फिर भारत सरकार द्वारा जनहित में चलाई गई स्कीम हो या फिर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए युवाओं को देशभक्ति की भावनाओं से ओत-प्रोत करने का उत्कृष्ट कार्य हो। डॉ. विजय सिंह मौर्य ने युवाओं में देशभक्ति की भावना ऐसे जागृत की कि जहां-जहां भी नियुक्ति हुई वहां वहां ही कैदी एवं युवा उनके मुरीद हो गए। उनकी एक आवाज पर समाजिक कार्यकर्ताओं की फौज खड़ी हो जाती थी। विभागीय पदोन्नितयों का सिलसिला यहीं नहीं थमा,वे 2000 में डिप्टी जेलर तो 2009 में बतौर अतिरिक्त जेल अधीक्षक और 2022 में जेल अधीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए। मौर्य जी ग्वालियर सेंट्रल जेल से कार्य प्रारंभ करके भोपाल सेंट्रल जेल, मुरैना, अशोक नगर, कोलारस, शिवपुरी,सागर और अब जिला जेल श्योपुर में सेवाएं देते हुए आज जेल अधीक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए। डॉ. विजय सिंह मौर्य ने अपनी पहली शुरुआत नेत्र जांच शिविर आयोजित कर की।फिर जब कभी मौका मिला तो उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने नेत्र जांच शिविर तथा रक्तदान शिविर लगाए। कैदियों को भी साक्षरता मिशन में शामिल कर रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समाज से दहेज प्रथा को खत्म करने व निर्धन कन्याओं की युवा सम्मेलन के जरिए दहेज मुक्त शादी करवाते हुए दहेज प्रथा एक अभिशाप है नारे के साथ जागरूक करने का उत्कृष्ट कार्य किया। उन्होंने भारत सरकार द्वारा चलाए गए पोलियो उन्मूलन अभियान में सहभागिता सुनिश्चित कर बच्चों को दवा पिलाने और युवाओं में जोश भरने का पुनीत कार्य किया। वे सन् 2002 से हर जेल में बंदियों को साक्षर कर रहे हैं। डॉ विजय सिंह मौर्य ने युवाओं को देशभक्ति की भावना पैदा करते हुए 18 अप्रैल 2005 को तात्या टोपे के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से अवगत कराया और आज 18 अप्रैल को तात्या टोपे को हर वर्ष याद किया जाता है।

2008 में वीरांगना रानी झांसी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर पहली बार शिवपुरी से ग्वालियर तक 150 युवाओं के साथ पैदल मशाल यात्रा निकाली और वीरांगना लक्ष्मीबाई को नमन किया। 2009 से शिवपुरी से झांसी तक मशाल यात्रा की शुरुआत झांसी के किले के साथ वीरांगना लक्ष्मीबाई के पार्क में 18 जून को बलिदान दिवस मनाया गया। आज झांसी में 18 जून को एक भव्य समारोह मनाया जाने लगा है।6 फरवरी 2008 से स्वतंत्रता संग्राम के महा नायक कर्नल गुरबक्श सिंह ढिल्लन के जन्मदिन पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर शिवपुरी प्रशासन तथा युवाओं को देशभक्त कर्नल गुरबक्श सिंह ढिल्लन के जीवन और आजादी के संघर्ष से अवगत करवाया । डॉ. विजय सिंह मौर्य यहीं नहीं रुके उन्होंने2014 में देश की आन-बान शान ओर स्वतंत्रता संग्राम को बुलंदियों पर पहुंचाने वाले अमर शहीद रामप्रसाद बिस्मिल को उनके बलिदान दिवस पर पैतृक गांव बरवई जिला मुरैना में प्रशासन के सहयोग से रामप्रसाद बिस्मिल पार्क एवं हाल तथा आदमकद प्रतिमा स्थापित करवाई । प्रति वर्ष प्रशासन के सहयोग से रामप्रसाद बिस्मिल के बलिदान दिवस पर 18 दिसम्बर को सचिवालय मुरैना से उन्हें पैतृक गांव बरवई तक मशाल यात्रा निकाल कर लोगों जागरूक करने का उत्कृष्ट कार्य किया। डॉ विजय सिंह मौर्य के सेवाकालीन एवं सामाजिक कार्यो को सम्मान देते हुए हुए भारत के राष्टपति द्वारा समय-समय पर चार बार राष्टपति अवार्ड से सम्मानित किया गया तथा दो बार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया और चार बार अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें 72 बार जिला कलेक्टरों द्वारा सम्मानित होने का सौभाग्य प्राप्त है। डॉ. विजय सिंह मौर्य को मध्यप्रदेश में ही नहीं बल्कि अन्य प्रदेशों की संस्थाओं ने उनके द्वारा किए गए जनहित कार्यो हेतु अनेकों बार सम्मानित किया। डॉ. विजय सिंह मौर्य मध्य प्रदेश के इकलौते व्यक्ति हैं जिन्हें 39 वर्ष की सेवा के दौरान 475 बार सम्मानित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इन्हीं सम्मानों को मध्य नजर रखते हुए मई 2024 में उनका नाम गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड दर्ज कर सम्मानित किया गया।

# विधायक पवन खरखौदा ने गांव फिरोजपुर एवं खरखौदा में किया आगंनबाड़ी सेंटर का उद्घाटन



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

खरखौदा(सानीपत)। विधायक पवन खरखौदा ने गुरूवार को महिला एवं बाल विकास परियोजना के अंर्तगत गांव फिरोजपुर में नवनिर्मित आगंनवाड़ी एवं खरखौदा में आगंनवाड़ी सेंटर व भवन का उद्धाटन किया।

उन्होनें बताया कि यहां बच्चों के खेलने के समान और खिलौने के साथ ही पौष्टिक भोजन, नियमित स्वास्थ्य जॉच व टीकाकरण, शिक्षा तथा शारीरिक व सामाजिक-भावनात्मक विकास के लिए तमाम इंतजाम होगे। गर्भवती महिलाओं व स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए पूरक पोषण वाला भोजन, 3-6 साल के बच्चों के लिए प्री-स्कूल शिक्षा, 15-45 वर्ष की महिलाओं और किशोरियों के लिए स्वास्थ्य और पोषण जैसी तमाम सुविधाएं दी जाएगी। इस मौके पर एसडीएम डा. निर्मल नागर, जिला परिषद चेयरपर्सन मोनिका दहिया, खंड शिक्षा अधिकारी सुजाता, ब्लाक समिति चेयरमैन सतेन्द्र दहिया, डब्ल्यूसीडीपीओ नीलम, अजित गुप्ता व अन्य मौजूद रहें।

# अवैध शराब की तस्करी में संलिप्त दूसरा आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिले के थाना बरोदा की पुलिस टीम नें अवैध शराब की तस्करी की एक पूर्व की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अजमेर पुत्र कर्ण निवासी बरोदा जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि गत 27 जनवरी 2025 को ृ.श्व.ञ्ज.ह्न एक्साइज, सोनीपत ने थाना बरोदा में शिकायत दी की मुझे सुचना प्राप्त हुई थी कि गाँव रूखी में अवैध शराब बेची जा रही है। जिस सुचना के आधार पर मैं व एक्साइज इंस्पेक्टर गाँव रूखी पुराना बस अड्डा पर पहुंचे जहाँ पर एक बंद कमरे को खुलवाकर चैक किया तो कमरे के अंदर (1) रॉयल स्टैग बोतल 8, अध्धे 6, पव्वे 18, (2) बोतल 8, अध्धे 9, पव्वे 19, (3) ऑल सीजन बोतल 3 (4) मैजिक मोमेंट बोतल 2 8, पव्वे 16 (10) रोकफोर्ड बोतल 1, पव्वे 2 (11) शराब देशी जगाधरी नं01 बोतल 15, पव्वे 59 प्राप्त हुए।







# प्रशासन के महकमे नहीं जुटा पा रहे संसाधनों से धनराशि

## नगर निगम नहीं वसूल पा रहा बड़े-बड़े सरकारी महकमों से प्रापर्टी टैक्स की मोटी रकम

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 30 जनवरी।** प्रशासन के महकमे अपने विभिन्न संसाधनों से पैसा बटोरने में फेल हो रहे हैं। नगर निगम सहित कई अन्य महकमों की आर्थिक हालत इससे खराब हो चली है। इन महकमों की आर्थिक सेहत सुधारने के लिये कोई खास प्रयास भी नहीं किये जा रहे। नगर निगम बड़े बड़े सरकारी महकमों से प्रापर्टी टैक्स की राशि नहीं वसूल पा रहा है। एक एक संस्थान पर करोड़ों की राशि बकाया है।


शहर में इसकी वजह से विकास कार्य रुके पड़े हैं। खासतौर से नगर निगम के आर्थिक हालात तो बहुत ही खराब हैं। प्रशासन को जो बजट केंद्र सरकार से मिला उसमें से काफी राशि खर्च हो चुकी है। अंतिम क्वार्टर में विभिन्न मदों पर खर्चे के लिये प्रशासन के पास बहुत कम पैसा बचा है। नगर निगम को राज्यपाल व प्रशासक गुलाब चंद कटारिया की ओर से कहा गया है कि वह अपने संसाधनों (रिसोर्सेज) को बढ़ाएं और अपने खर्चों को घटाएं ताकि आर्थिक सेहत में सुधार हो। प्रशासन के अन्य महकमों को भी इसी तरह की हिदायतें पहले भी जारी होती रही हैं और आगे जारी होती रहेंगी। प्रशासन के महकमों को भले ही ऐसी हिदायतें समय समय पर जारी होती रही हैं लेकिन बावजूद इसके इससे जुड़े महकमों की कार्यशैली में कोई सुधार देखने को नहीं मिल रहा। प्रशासन के महकमों ने हाल ही में जो 116 टेंडर इशू किए हैं उन टेंडरों पर अगर नजर दौड़ायें तो यह ज्यादातर रिपेयर एंड मेंटेनेंस के हैं। घरों की रेनोवेशन के लिए या कहीं टाइल लगाने के लिए कहीं छोटे-छोटे काम करने के लिए ज्यादातर टेंडर निकाले जाते हैं। इनमें कोई भी ऐसा आधारभूत टेंडर नहीं है जो कोई इंफ्रास्ट्रक्चर की डेवलपमेंट को दिखाता हो। जो टैंडर निकाले भी जाते हैं वह ओवर प्राइज टैंडर हैं।

समाजसेवी व आरटीआई कार्यकर्ता आरके गर्ग के अनुसार प्रशासन के महकमों की जो फाइनेंशियल प्रॉब्लम होती है, इसकी एक सबसे बड़ी वजह है कि उनके पास रिसोर्सेस तो है लेकिन उससे जो इनकम है उसको ठीक तरह से कलेक्ट नहीं किया जाता है। दूसरा सबसे बड़ा कारण है कि जो टेंडर की प्रक्रिया है वह जबरदस्त फॉल्टी है। टैंडर प्रक्रिया में जबरदस्त भ्रष्टाचार है। ऑडिट में भी यह कहा गया है कि टैंडर की ओवर प्राइसिंग होती है और ओवर प्राइसिंग की वजह से टैंडर हाई वैल्यूएशन होते हैं। उनका कहना है कि टैंडर की प्रक्रिया को ठीक करके वहां व्यापक भ्रष्टाचार को ठीक नहीं करेंगे तो महकमों की फाइनेंशियल हालत है वह ऐसे ही रहेगी। शासन में जो ज्यादा पैसा खर्च हो रहा है, यह जांच का विषय है कि क्या वह सही में रेवेन्यू एक्सपेंडिचर है। ऐसा तो नहीं कि कोई दूसरा एक्सपेंडिचर इसके अंदर डाला जा रहा है?




# हरियाणा से रिटायर आईएएस डा. महावीर सिंह होंगे चंडीगढ़ राइट टू सर्विस कमीशन के चीफ कमिश्नर

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 30 जनवरी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने चंडीगढ़ सेवा का अधिकार आयोग के चीफ कमिश्नर के रूप में 1989 बैच के हरियाणा में रहे आईएएस अफसर सेवानिवृत डॉ. महावीर सिंह की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। चंडीगढ़ में राइट टू सर्विस कमीशन के नवनियुक्त चीफ कमिश्नर डॉ. महावीर सिंह का शपथ प्रशासन समारोह 5 फरवरी, 2025 को पंजाब राजभवन में आयोजित किया जाएगा। हरियाणा कैडर के 1989 बैच के अधिकारी डॉ. महावीर सिंह सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त करने पर 28 फरवरी 2023 को सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी अंतिम पोस्टिंग अतिरिक्त मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा बंदरगाह और युवा मामले, हरियाणा सरकार थी। महावीर सिंह के पास तीन दशकों (33 वर्ष और 6 महीने) से अधिक का अनुभव है। सार्वजनिक मामलों, प्रशासन और बुनियादी ढांचे के प्रबंधन में हरियाणा राज्य सरकार में आईएएस अधिकारी के रूप में विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे और भारत सरकार व चंडीगढ़ प्रशासन में अंतरराज्यीय प्रतिनियुक्ति पर थे। वर्ष 1999 में प्रशासन के हाऊसिंग बोर्ड महकमे में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में तैनात रहे।

# नैना देवी शक्तिपीठ में गुप्त नवरात्रि की धूम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बिलासपुर, 30 जनवरी।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले स्थित प्रसिद्ध नैना देवी शक्तिपीठ में गुरुवार से माघ मास शुक्ल पक्ष के गुप्त नवरात्रि की शुरुआत बड़े धूमधाम के साथ हुई। इन दौरान पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली, यूपी, बिहार और अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे।

श्रद्धालु यहां माता के दर्शन कर अपने घर-परिवार की सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। इस दौरान वे माता के प्राचीन हवन कुंड में आहुतियां भी अर्पित कर रहे हैं। गुप्त नवरात्रि का महत्व न केवल धार्मिक दृष्टि से है, बल्कि यह श्रद्धालुओं के लिए आत्मिक शांति और समृद्धि की प्राप्ति का अवसर भी है।


मंदिर के पुजारी दीपक भूषण ने बताया कि गुप्त नवरात्रि का विशेष महत्व है। इन दिनों पूजा-पाठ और जप की विशेष अनुष्ठानिक प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिसकी पूर्ण आहुति माघ नवमी के दिन दी जाएगी। पुजारी ने यह भी बताया कि इस समय मंदिर में भक्तों की आस्था और श्रद्धा का एक अद्भुत दृश्य देखने को मिल रहा है।

अंबाला से आए श्रद्धालु जोशी ने कहा कि वह अपने परिवार के साथ गुप्त नवरात्रि पूजन के लिए माता के दरबार में पहुंचे हैं। उन्होंने माता की पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की और बताया कि यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा उन्हें बहुत सुकून देती है।













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)